CMYK

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 06°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, शुक्रवार 23 जनवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 234 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संतों का अपमान हुआ, तो सपा साथ खड़ी रहेगी: अखिलेश पेज 2




भारत में टी-20 विश्वकप नहीं खेलेगा बांग्लादेश खेल टाइम्स



अंतरिक्ष में वायरस में होने वाले परिवर्तन महत्वपूर्ण अध्ययन का विषय सम्पादकीय



ट्रम्प का यू-टर्न, यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ नहीं लगाएंगे पेज 12

## योगी ने राज्यमंत्री बृजेश सिंह के दिवंगत पिता को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सीएम ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की

**देवबंद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जनपद में राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह के पैतृक आवास जड़ौदा जट्ट, देवबंद पहुंचकर उनके दिवंगत पिता स्व. डा. राजकुमार रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

श्री योगी गांव जड़ौदा जट्ट में करीब 3.30 बजे पहुंचे एवं 3.40 बजे कुंवर बृजेश सिंह के आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री शाम 4.05 पर सरसावा एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान होकर मेरठ के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री श्री योगी ने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

## चुनाव आयोग ने पेश किया अपना डिजिटल मंच ईसीआईनेट

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ प्रौद्योगिकी को दूसरे निकायों को और दूसरे देशों के साथ साझा करने का प्रस्ताव किया

■ इसे कानून की कसौटी पर परख कर विकसित किया गया है और यह 22 अनुसूचित भाषाओं और अंग्रेजी में उपलब्ध : ज्ञानेश कुमार

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने यहां लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर भारत के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईआईसीडीईएम-2026) में चुनाव से संबंधित सभी जानकारी और सेवाओं के लिए भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआईनेट का उद्घाटन किया और इसकी प्रौद्योगिकी को दूसरे देशों के साथ साझा करने का प्रस्ताव किया।

तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन भारत मंडपम में चल रहा है। ईसीआईनेट की परिकल्पना ज्ञानेश कुमार ने अपने साथी चुनाव आयुक्तों डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी के साथ मिलकर की है। आयोग ने इसके विकास की घोषणा मई 2025 में की थी। श्री कुमार ने विश्व भर में इसे चुनाव प्रबंधन से जुड़ी संस्थाओं और संगठनों के समक्ष ईसीआईनेट को प्रस्तुत करते हुए कहा कि इसे कानून की कसौटी पर परख कर विकसित किया गया है और यह 22 अनुसूचित भाषाओं और अंग्रेजी में उपलब्ध है। उन्होंने इसकी प्रौद्योगिकी को दुनिया के दूसरे देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमपी) को अपने देशों के लिए, अपने कानूनों के अनुसार और अपनी-अपनी भाषाओं में, इसी तरह के डिजिटल प्लेटफॉर्म के विकास पर भारत के साथ सहयोग करने की पेशकश की। इस अवसर पर डा. संधू ने कहा कि ईसीआईनेट चुनाव प्रबंधन में विश्वास बढ़ाने वाला एक प्रतिष्ठित उपकरण है, क्योंकि यह अधिक पारदर्शिता लाता है और सभी कार्यों की निगरानी में मदद करता है और त्वरित निर्णय लेने तथा जानकारी के प्रसार की सुविधा प्रदान करता है।चुनाव आयुक्त डा.जोशी ने कहा कि यह सम्मेलन भारत के चुनाव आयोग जैसे दूसरे देशों के चुनाव निकायों को प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचारों को अपनाने पर वैश्विक प्रथाओं से सीखने और प्रेरणा लेने का अवसर देगा। इन प्लेटफॉर्म के बारे में जानकारी देते हुए आयोग की महानिदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) डा. सीमा खन्ना ने कहा कि साइबर सुरक्षा इसके प्रमुख स्तंभों में से एक है। उन्होंने कहा कि आज तकनीक का प्रयोग रणनीतिक आवश्यकता बन गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनकपुरी और विकासपुरी मामले में सज्जन कुमार बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान राजधानी के जनकपुरी और विकासपुरी इलाकों में हिंसा भड़काने के आरोपी पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को गुरुवार को बरी कर दिया। विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह ने संक्षिप्त मौखिक आदेश सुनाते हुए सज्जन कुमार को बरी किया। उन्होंने कहा कि मामले का विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा। यह मामला दंगों के दौरान हुई हिंसा की शिकायतों पर फरवरी 2015 में विशेष जांच दल (एसआईटी) की दर्ज की गई दो प्राथमिकियों से संबंधित था। अगस्त 2023 में निचली अदालत ने सज्जन कुमार के खिलाफ दंगा भड़काने और शत्रुता को बढ़ावा देने के आरोपों में आरोप तय किए थे, जबकि हत्या और आपराधिक साजिश के आरोपों को हटा दिया गया था।

### मुंबई समेत 15 नगर निगम में महिला महापौर होंगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में से मुंबई समेत 15 में महिलाएं मेयर होंगी। गुरुवार को मुंबई में लॉटरी सिस्टम से इन्हें चुना गया। परभणी नगर निगम पर महिला महापौर को लेकर आपत्ति दर्ज की गई है। लॉटरी सिस्टम पर शिवसेना (यूबीटी) नेता और मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने विरोध किया। उन्होंने दावा किया कि यह फैसला लेने के नियम बिना किसी को बताए बदल दिए गए। पिछले दो मेयर सामान्य वर्ग के थे, इसलिए नई मेयर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) या अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग से होनी चाहिए थी।

### यूपी व हरियाणा के 21 जिलों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बाद अब बारिश-ओलावृष्टि का दौर शुरू होने की चेतावनी है। शुक्रवार से राजस्थान, हिमाचल और पंजाब-हरियाणा में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो रहा है। यूपी के 15, राजस्थान और हरियाणा के 6-6 जिलों में बारिश हो सकती है। इस दौरान 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कुछ जगहों पर ओले गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है। हिमाचल प्रदेश के चंबा, कुल्लू और लाहौल-स्पीति में गुरुवार को बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट था। यहां भी 24 जनवरी तक तेज बारिश और ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। उत्तराखंड के 5 जिलों में शुक्रवार को बर्फबारी का अलर्ट है।

# पूजा के साथ नमाज भी अदा होगी

## विवादित भोजशाला पर सुप्रीम कोर्ट में बनी बात, सीजेआई ने निकाला बीच का रास्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सुप्रीम कोर्ट ने भोजशाला में शांतिपूर्ण बसंत पंचमी पूजा और जुमे की नमाज का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के धार जिले में विवादित भोजशाला, कमाल मौला परिसर में बसंत पंचमी पूजा और शुक्रवार की जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ गुरुवार को हिंदू पक्षकारों के आवेदन पर सुनवाई कर रही थी। इसमें 23 जनवरी को पूरे दिन बसंत पंचमी की धार्मिक गतिविधियों की अनुमति मांगी गई थी।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से संरक्षित भोजशाला 11वीं सदी का स्मारक है। हिंदू इसे देवी वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर बताते हैं, जबकि मुस्लिम इसे कमाल मौला मस्जिद मानते हैं। वर्ष 2003 की व्यवस्था के तहत हिंदुओं को मंगलवार को पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुसलमान शुक्रवार को नमाज अदा करते हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि बसंत पंचमी की पूजा और हवन सूर्योदय से सूर्यास्त तक किए जाने का प्रस्ताव है। वहीं मस्जिद समिति का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने अदालत को सूचित किया कि जुमे की नमाज एक से तीन बजे के बीच होती है। इसके बाद मुस्लिम समुदाय के सदस्य परिसर खाली कर देंगे। वहीं अपर महाधिवक्ता (एएसजी) के एम नटराज और मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता (एसजी) ने अदालत को आश्वासन दिया कि कानून-व्यवस्था बनाई रखी जाएगी। जब श्री जैन ने सुझाव दिया कि बिना बाधा के पूजा जारी रखने के लिए नमाज 5 बजे के बाद हो तो श्री खुर्शीद ने कहा कि जुमे की नमाज का खास वक्त होता है, इसलिए 5 बजे के बाद ऐसा करने में कठिनाई आएगी और इसे पुनर्निर्धारित नहीं किया जा सकता। एएसजी ने इसके बाद सुझाव दिया कि मस्जिद समिति नमाज में उपस्थित लोगों की अपेक्षित संख्या जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए, जिससे प्रशासन अलग से एक स्थान बना सके और यदि आवश्यक हो तो पास जारी कर सके। श्री खुर्शीद ने उसी दिन विवरण प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की। समझौते को रिकॉर्ड करते हुए पीठ ने निर्देश दिया कि दोपहर 1 से 3 बजे के बीच उसी परिसर के भीतर नमाज के लिए एक विशेष और अलग क्षेत्र उपलब्ध कराया जाए, जिसमें अलग प्रवेश और निकास हो। हिंदू समुदाय के लिए भी बसंत पंचमी की रस्में अदा करने के लिए अलग स्थान चिह्नित करने का निर्देश दिया गया। न्यायालय ने आगे निर्देश दिया कि प्रशासन उचित उपाय करे। इसमें पास जारी करना भी शामिल है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

### एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी हो: सुप्रीम कोर्ट

**कोर्ट बोला: चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता**

**ईसी ने कहा: हमें गाली देकर चुनाव जीतना फैशन बना**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए। चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता। कोर्ट ने सवाल किया कि क्या एसआईआर नियमों से हटकर हो सकती है। इस पर चुनाव आयोग की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने कहा कि वोटर लिस्ट की जांच करना न्यायसंगत और सही है। कोर्ट को इस प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर देना चाहिए। द्विवेदी ने आगे कहा कि कुछ एनजीओ और नेताओं के कहने पर हर मामले की जांच नहीं हो सकती। बिहार में जिन 66 लाख लोगों के नाम हटे हैं, उनमें से किसी ने कोर्ट में शिकायत नहीं की। आजकल ईसी को गाली देकर चुनाव जीतना फैशन बन गया है।

## भारत की बेटियां हर क्षेत्र में बना रही हैं नए रिकॉर्ड: मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि श्री मोदी ने कहा कि जिस देश में पुत्रियों को लक्ष्मी के समान पूजा जाता है, वहां आज से 11 वर्ष पहले इसी दिन 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान आरंभ किया गया था।

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने बेटियों के महत्व पर आधारित शाश्वत भारतीय मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हुए कहा कि एक पुत्री दस पुत्रों के समान है और दस पुत्रों से प्राप्त पुण्य या सद्गुण एक पुत्री से भी प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि कन्या को लक्ष्मी मानने वाले हमारे देश में 11 साल पहले आज ही के दिन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत हुई थी। यह बड़े गर्व की बात है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नित-नए रिकॉर्ड बना रही हैं। उल्लेखनीय है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरुआत 22 जनवरी 2015 को हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य लड़कियों के अस्तित्व, शिक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित करना और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

### भारत ने क्रोएशिया में उसके दूतावास पर तोड़फोड़ की निंदा की

**नई दिल्ली।** भारत ने क्रोएशिया के जाग्रेब में उसके दूतावास में घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा की है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दूतावास पर तोड़फोड़ की घटना के बाद गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि भारत ने इस विषय को क्रोएशियाई अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाया है और भारतीय दूतावास की वियना संधि के तहत सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए उन्होंने कहा कि हम क्रोएशिया के जाग्रेब स्थित हमारे दूतावास में भारत-विरोधी तत्वों द्वारा की गई अवैध घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा करते हैं।

## डोडा में सेना की गाड़ी गहरी खाई में गिरी, 10 जवानों की मौत

■ 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को सेना की गाड़ी 400 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 10 जवानों की मौत हो गई, जबकि 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया है। सेना के अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में 21 जवान सवार थे। सभी डोडा से ऊपरी पोस्ट पर जा रहे थे।

भद्रवाह-चंबा इंटरस्टेट रोड पर खन्नी टॉप के पास ड्राइवर ने गाड़ी से कंट्रोल खो दिया। इस हादसे में जान गंवाने वाले जवानों के बारे में सेना ने अब तक जानकारी नहीं दी है। घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से हादसे वाली जगह से एयरलिफ्ट करके उधमपुर के मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि इस हादसे से दुखी हूं। इस घड़ी में पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता और समर्थन में खड़ा है। घायल सैनिकों को एयरलिफ्ट करके अस्पताल पहुंचाया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों को बेहतरीन इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सड़क हादसे से मन अत्यंत व्यथित है। इस हादसे में हमने अपने जिन वीर जवानों को खोया है, उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुखी परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायल सैनिकों को मेडिकल केयर मिल रही है और सबसे अच्छा इलाज पक्का करने के लिए सभी जरूरी निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जान गंवाने वाले सैनिकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अब्दुल्ला ने त्वरित बचाव और निकासी प्रयासों की भी सराहना की। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि सेना का वाहन गहरी खाई में गिरने की वजह से कई जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि डोडा से आई दुखद खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। मेरी गहरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द ठीक होने के लिए प्रार्थना करती हूं।



नई दिल्ली: कांग्रेस द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे।

## मोदी को पीछे हटाने का मौका है मनरेगा को बचाने की लड़ाई: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: भाजपा चाहती है देश में लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति एक वोट' की अवधारणा खत्म हो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म करने के खिलाफ शुरू हुई लड़ाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके मंसूबों में कामयाब नहीं होने देने और मनरेगा की बहाली के लिए सबको एकजुट होना पड़ेगा।

श्री गांधी ने रचनात्मक कांग्रेस के प्रमुख संदीप दीक्षित द्वारा मनरेगा बचाओ मोर्चा के कार्यकर्ताओं के गुरुवार को यहां आयोजित राष्ट्रीय संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा चाहती है कि देश में लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति एक वोट' की अवधारणा खत्म हो और आजादी से पहले वाला हिंदुस्तान फिर से वापस लाया जाए। इसी सोच का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को मनरेगा के तहत मिले अधिकार को खत्म करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा ने गरीबों को रोजगार की गारंटी और सम्मान से जीने का अधिकार दिया था। मनरेगा के पीछे की सोच थी कि जिसे भी काम की जरूरत हो, वो सम्मान के साथ वह अधिकार के साथ काम मांग सके और अधिकार के साथ उसे काम मिले। मनरेगा को पंचायती राज के तहत चलाया जाता था और यह लोगों की आवाज और उनका अधिकार था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे खत्म करने में लगे हैं, लेकिन कांग्रेस इसके लिए लड़ रही है और सरकार को मनरेगा की बहाली के लिए मजबूर करेगी। उनका कहना था कि इससे पहले मोदी सरकार किसानों के खिलाफ काले कानून लेकर आई थी, जिसे किसानों ने रोक दिया, जो अन्याय किसानों के साथ किया गया था, वही अब मजदूरों के साथ किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि कुछ साल पहले भाजपा सरकार 'तीन काले कृषि कानून' लेकर आई और इसके जरिये उसने किसानों पर आक्रमण किया, लेकिन किसानों और हम सबने श्री मोदी पर दबाव डालकर उसे रोक दिया। अब उसी तरह का हमला मजदूरों पर करने की कोशिश हो रही है और अब केंद्र सरकार निर्णय लेगी कि किस राज्य को कितना पैसा भेजा जाएगा। भाजपा शासित राज्य में ज्यादा पैसा जाएगा और विपक्ष शासित राज्य में कम पैसा जाएगा। केंद्र सरकार ही तय करेगी कि कब कहां काम होगा, किसको कितनी मजदूरी मिलेगी, जो अधिकार मजदूरों को मिलते थे, अब वह ठेकेदारों को मिलेंगे। भाजपा की विचारधारा है कि देश की धन, संपत्ति चुने हुए हाथों में हो और वही लोग इस देश को चलाएं। भाजपा चाहती है कि देश का पूरा धन अमीरों के हाथ में चला जाए, ताकि गरीब, दलित और आदिवासी लोग उनपर निर्भर हो जाएं और उनकी बात मानें।

## झारखंड में एक करोड़ के इनामी अनल समेत 15 नक्सली ढेर

■ सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़

**रांची।** नक्सल विरोधी अभियान के तहत गुरुवार को चाईबासा जिले के सारंडा जंगल क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सली संगठन के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ छोटानागरा थाना क्षेत्र के घने और दुर्गम जंगलों में तब हुई, जब नक्सलियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने संयुक्त अभियान शुरू किया था।

मुठभेड़ में 1 करोड़ रुपये के इनामी नक्सली अनल सहित 9 से 14 अन्य साथी नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को सारंडा के जंगलों में नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना मिली थी। इसके बाद कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह उत्तर प्रदेश दिवस समारोह के होंगे मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 24 जनवरी को लखनऊ में आयोजित होने वाले 'उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। इस अवसर पर शाह 'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना की शुरुआत करेंगे। इस योजना के तहत प्रत्येक जनपद/जिले के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजन को चिह्नित कर उन्हें गुणवत्ता, ब्रांडिंग और बाजार से जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय स्वाद की केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान बन सके। शाह समारोह में सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना का भी शुभारंभ करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कार देंगे और उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2025-26 का वितरण करेंगे।

### 10 हजार किमी सड़क परियोजनाओं को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-4) के जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 10,000 किलोमीटर से अधिक की सड़क परियोजनाओं की मंजूरी दी गई है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आज बताया कि दूरदराज की पहाड़ियों से लेकर ग्रामीण समुदायों के मध्य तक फैली ये सड़कें मात्र बुनियादी ढांचे में सुधार का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि प्रगति के लिए महत्वपूर्ण मार्ग हैं, जो कई अवसर खोलती हैं और समावेशी विकास को बढ़ावा देती हैं। इन सड़कों के निर्माण से लगभग 3,270 अलग-थलग पड़े बस्तियों को कनेक्टिविटी और आवश्यक सेवाओं तक पहुंच मिलेगी।

# उत्तर प्रदेश की 14 लखपति दीदियों को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** नई दिल्ली में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश की 14 'लखपति दीदियों' को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'नारी शक्ति' आज आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। गांव की बेटियां और बहुएं 'लखपति दीदी' बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और अर्थव्यवस्था को भी सशक्त कर रही हैं। यह सम्मान प्रदेश की करोड़ों महिलाओं के लिए प्रेरणाेत बनेगा। मौर्य ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए चयनित 14 लखपति दीदियों को 23 जनवरी को उनके कैंप कार्यालय, 7 कालिदास मार्ग, लखनऊ से दिल्ली के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा, ठहराव और वापसी से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने खेती, डेयरी, ई-रिक्शा संचालन, कैफे, मसाला निर्माण, सौंदर्य प्रसाधन, गो-आधारित उत्पाद और लघु उद्योगों के जरिए अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है।

# सनातन धर्म को कमजोर करने वालों से सतर्क रहना जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- एक योगी, संत और संन्यासी के लिए धर्म और राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं होता: मुख्यमंत्री
- उप्र दिवस 2026 के दो दिन पूर्व विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर उप्र के संकल्प को दोहराया

**लखनऊ/सोनीपत।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक योगी, संत और संन्यासी के लिए धर्म और राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि संन्यासी की कोई व्यक्तिगत संपत्ति नहीं होती, उसका धर्म ही उसकी संपत्ति और राष्ट्र ही उसका स्वाभिमान होता है।

सोनीपत में आयोजित मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह एवं आठ महंतों के भव्य भंडारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सनातन धर्म की आड़ में उसे कमजोर करने की साजिशें रचने वाले कालनेमि तत्व समाज के लिए खतरा हैं। ऐसे लोगों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि धर्म के विरुद्ध आचरण करने वाले तत्व न केवल सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि राष्ट्र की एकता और सांस्कृतिक विरासत पर भी आघात करते हैं। उन्होंने संत परंपरा को राष्ट्र और धर्म की रक्षा का मजबूत आधार बताते हुए कहा कि सनातन संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। गौरतलब है कि प्रयागराज माघ मेला के दौरान मौनी अमावस्या महास्नान पर्व के मौके पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के संगम स्नान से वंचित रहने का मामला गरमा गया है। वहीं उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के दो दिन पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए एक पत्र लिखा है जिसके माध्यम से विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को दोहराया है।

अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि असंख्य संभावनाओं वाला उत्तर प्रदेश संघर्ष और वर्जिंता की बेड़ियों को तोड़ते हुए बीमार राज्य से भारत के विकास का ग्रोथ इंजन बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दृढ़ संकल्प के साथ कानून एवं सुशासन का राज स्थापित किया गया है। सत्ता के संरक्षण में पनप रहे माफियाओं के भय के साम्राज्य का अंत कर विकास को गति दी गई। जो निवेशक कभी कानून व्यवस्था के नाम पर प्रदेश से दूरी बनाए रखते थे, आज वही उत्तर प्रदेश में निवेश की होड़ लगा रहे हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की खाद्य सुरक्षा की रीढ़ बनकर उभरा है। बीज से बाजार तक की बेहतर व्यवस्था और रिकॉर्ड डीबीटी भुगतान से अन्नदाताओं की आय में वृद्धि हुई है।

### युवाओं को रोजगार सुनिश्चित हुआ

डबल इंजन सरकार के प्रयासों से प्रदेश में एक्सप्रेसवे, रेलवे, मेट्रो, एयरपोर्ट, आईटी-सॉफ्टवेयर, एमएसएमई, औद्योगिक विकास, स्टार्टअप और एक जनपद-एक उत्पाद जैसी योजनाओं ने उत्तर प्रदेश को लोकल से ग्लोबल की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ाया है। इन पहलों से प्रदेश के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार सुनिश्चित हुआ है। महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला भागीदारी में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। बेटियों के जन्म से लेकर विवाह तक सरकार आर्थिक सहायता सुनिश्चित कर रही है। निराश्रित महिलाओं, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के लिए पेंशन की व्यवस्था है। मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार और हेल्थ टेक के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ हुई हैं।

## माघ मेला मुद्दे को लेकर अखिलेश ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

# संतों का अपमान हुआ, तो सपा साथ खड़ी रहेगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पूर्व सीएम ने कहा: जनेश्वर मिश्र ने जो सिद्धान्त, जो आंदोलन दिया, उसे आगे बढ़ाने का हम संकल्प लेते हैं

**लखनऊ।** छोटे लोहिया के नाम से विख्यात समाजवादी विचारक डा. जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनेश्वर मिश्र पार्क जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रयागराज माघ मेले में साधु-संतों के साथ दुर्व्यवहार की घटना सामने आई है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी साधु-संत का अपमान होगा, तो समाजवादी पार्टी उनके सम्मान की लड़ाई में उनके साथ खड़ी रहेगी। मीडिया से बातचीत करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा पीडीए की लड़ाई को आगे बघ रही है। जनेश्वर मिश्र ने जो सिद्धान्त, जो आंदोलन दिया, उसे आगे बढ़ने का हम संकल्प लेते हैं। अखिलेश यादव ने नोएडा में इंजीनियर की मौत के प्रकरण को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि घटना के बाद भी सरकारी तंत्र समय रहते पीड़ित की जान नहीं बचा सका। अखिलेश ने आरोप लगाया कि कई घंटे तक इसलिए कार्रवाई नहीं की गई, क्योंकि यह कहकर टाल दिया गया कि पानी ठंडा है। उन्होंने इसे प्रशासनिक संवेदनहीनता बताते हुए कहा कि सरकार बताए कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं सम्भल प्रकरण में सीओ समेत अन्य पर केस दर्ज कराने का आदेश देने वाले जज के ट्रांसफर पर सपा अध्यक्ष ने कहा कि सच्चाई को ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सच सामने आने से घबराती है। मौजूदा दौर में पूंजीवादी ताकतें हावी हो रही हैं। ऐसे में समाजवादियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे जनेश्वर मिश्र, डा. लोहिया, बाबा साहब और नेताजी के विचारों को आगे बढ़ाकर समाजवादी आंदोलन को मजबूती दें। इस दौरान अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि हम सभी ने देखा है कि जब वह योग कर रहे थे तो एक टांग पर लड़खड़ा रहे थे, क्या आप लोग उन्हें योगी कहेंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोग, वे लोग हैं, जब उन्हें लगता है कि धर्म के आधार पर वोट नहीं मिल सकता है, सनातन के रास्ते से वोट नहीं मिल सकता है, तो इस तरह का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन का रास्ता सत्य का रास्ता है, धर्म का रास्ता, न्याय का रास्ता है। हम सबको साथ लेकर चले, वही सनातनी रास्ता है। हमारे साधु संत और जितने भी पूजनीय लोग हैं उनका सम्मान करें। उनके पास समय-समय पर जाकर राय मशविरा करें। यही सनातन है। इस दौरान सतुआ बाबा के बारे में पूछने पर अखिलेश यादव ने कहा कि सतुआ बाबा को नहीं जानते हैं, हम भी मुख्यमंत्री रहे हैं।

### सत्ता जब अधर्म करने पर उतारू हो जाए, वही कलयुग है: सपा प्रमुख

**लखनऊ।** प्रयागराज माघ मेले में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की पालकी रोके जाने को लेकर हुई घटना पर सियासत तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता जब अधर्म करने लगे, वही कलयुग है। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा और उसके सहयोगी 'धर्म-विरोधी' मानसिकता के साथ सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं, जिससे पूरे सनातनी समाज में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि सरकार की कार्यशैली से आम लोग ही नहीं, बल्कि भाजपा के समर्थक तक शर्मिंदा हैं।

# अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में सपा ने लगाए पोस्टर

**'शंकराचार्य का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान'**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रयागराज माघ मेले में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वर नंद सरस्वती की पालकी रोके जाने को लेकर घटित घटना के विरोध में समाजवादी पार्टी मैदान में उतर आई है।

पार्टी कार्यालय के बाहर अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में समाजवादी छात्रसभा के पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष सिंह ने पोस्टर लगाया है। पोस्टर पर 'शंकराचार्य का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान' लिख कर समर्थन दिया है। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर लगातार भाजपा सरकार पर हमलावर हैं। अभी दो दिन पहले ही फोन पर शंकराचार्य से बात कर उनकी लड़ाई को आगे बढ़ाने की बात कही गई थी। इसी क्रम में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने शंकराचार्य से प्रयागराज माघ मेले में मुलाकात की थी। एक दिन पूर्व अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा था कि यदि कोई अधिकारी शंकराचार्य से परिचय और प्रमाण-पत्र मांग रहा है, तो सनातन धर्म का इससे बड़ा अपमान कोई और नहीं हो सकता।

### मानवाधिकार आयोग से की मामले में दखल देने की मांग

**प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिष्यों के साथ कथित अभद्रता का मामला अब राज्य मानवाधिकार आयोग की दहलीज पर पहुंच गया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डॉक्टर गजेंद्र सिंह यादव ने राज्य मानवाधिकार आयोग में मामले की शिकायत करते हुए आयोग से दखल देने की मांग की है।



**सेंसेक्स** 82307.37
**निफ्टी** 25694.35



**सोना रु.** 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 287550
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में फिर लौटी रौनक

मुंबई, वार्ता



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्रीनलैंड पर रुख नरम करने के बाद घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आई। सप्ताह के पहले तीन दिन भारी गिरावट देखने के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 397.74 अंक (0.49 प्रतिशत) चढ़कर 82,307.37 अंक पर बंद हुआ। इसमें आज 909 अंकों का बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया।

सेंसेक्स ऊपर 82,783.18 अंक और नीचे 81,874.39 अंक तक गया। सुबह के समय यह 874 अंक चढ़ गया था, तो वहीं दोपहर बाद लाल निशान में भी गया। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड के मुद्दे पर यूरोपीय देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने का फैसला वापस ले लिया है। साथ ही, कहा है कि अमेरिका ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए बल प्रयोग नहीं करेगा। इससे शेयर बाजार में निवेश धारणा मजबूत रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 132.40 अंक यानी 0.53 प्रतिशत चढ़कर 25,289.90 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 1.33 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 0.76 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रियलटी को छोड़कर अन्य सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सार्वजनिक बैंकों का सूचकांक 2.34 प्रतिशत मजबूत हुआ। रसायन, स्वास्थ्य, फार्मा, धातु, मीडिया और एफएमसीजी सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहे। सेंसेक्स में बीईएल का शेयर सबसे ज्यादा पौने चार प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील और अडानी पोर्ट्स के शेयर ढाई फीसदी से अधिक मजबूत हुए। भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, पावरग्रिड, सनफार्मा, इंडिगो, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, ट्रेंट और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, इंफोसिस, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी हरे निशान में रहे।

# इंडिगो को दिसम्बर में परिचालन व्यवधान के कारण 555 करोड़ का राजस्व नुकसान

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो को पिछले साल दिसम्बर में परिचालन व्यवधानों के कारण 555 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। एयरलाइंस ने गुरुवार को घोषित वित्तीय परिणामों में शेयर बाजार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि दिसम्बर के पहले सप्ताह में कंपनी ने अप्रत्याशित परिचालन चुनौतियों का सामना किया जिसके कारण 03 से 05 दिसम्बर के बीच बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हुईं। इन व्यवधानों के कारण इस अवधि में यात्रियों से प्राप्त राजस्व में भारी गिरावट दर्ज की गई।ष इंडिगो ने बताया कि कंपनी प्रभावित यात्रियों को नियमों के अनुसार मुआवजा दे रही है और बुरी तरह प्रभावित यात्रियों को 10-10 हजार रुपये के वाउचर भी दे रही है। उसने बताया है कि इन सभी कारणों और संबंधित अन्य लागतों के कारण 555 करोड़ रुपये के राजस्व की हानि का अनुमान है। उसने बताया कि इसके अलावा नागर विमानन महानिदेशालय से 17 जनवरी को कंपनी को एक आदेश प्राप्त हुआ है जिसमें एयरलाइंस पर 22.2 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वित्तीय परिणाम में इस राशि के लिए भी प्रावधान किया गया है। नियामक ने कंपनी को 50 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी भी जमा कराने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि 03 से 05 दिसम्बर के बीच इंडिगो की 2,507 उड़ानें रद्द रही थीं और 1,852 उड़ानों में देरी हुई थी। लाखों की संख्या में लोगों को परेशानी हुई।

# किफायती आवास के लिए कर छूट की नीति जरूरी: नरेडको

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद (नरेडको) ने सभी को आवास मुहैया कराने के सपने को साकार करने के लिए सरकार से करों में छूट देने, आयकर की कुछ धाराओं में सुधार तथा किराए पर आवास के लिए नीति निर्माण का अनुरोध किया है।

नरेडको के चेयरमैन निरंजन हीरानंदानी ने यहां गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से करोड़ों लोगों को घर मिला है, लेकिन सबके लिए अपना घर का लक्ष्य अब भी काफी दूर है। जमीन की ऊंची कीमतों के कारण बिल्डरों के लिए किफायती आवास बनाना अब संभव नहीं है, इसलिए सरकार को नियमों में बदलाव, कर प्रोत्साहन और किराए पर आवास के विकल्प पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले साल के बजट में उद्योगों को अपने कामगारों के लिए किराए के आवास बनाने की छूट दी गई है। इसे रियल एस्टेट सेक्टर के लिए भी खोल दिया जाना चाहिए। जैसे पहले चैरिटेबल ट्रस्ट चॉल बनाते थे, उसी प्रकार उन्हें किराए के लिए आवास और किफायती आवास भी बनाने चाहिए।

किराए के लिए आवास का मतलब है कि बिल्डर मकान बनाकर उसे बेचने की बजाय किराए पर लगा सकेंगे, ताकि उन लोगों को भी घर मिल सके, जो घर खरीदने में असमर्थ हैं। हीरानंदानी ने कहा कि आयकर के नियमों के तहत मकान यदि खाली हो, तब भी उसके सांकेतिक किराए पर कर लगता है। आयकर कानून की धारा 43 सीए में सर्किल रेट से 10 प्रतिशत तक कम कीमत पर ही बिक्री की अनुमति है। इससे ज्यादा छूट देने पर क्रेता और विक्रेता दोनों पर दंड लगता है। यही कारण है कि रियल एस्टेट डेवलपर चाहें भी तो कम कीमत गरीबों को घर नहीं मुहैया करा सकते। धारा 71 के तहत किराए पर दिए गए आवास के नुकसान की भरपाई दूसरे कारोबार में हुए मुनाफे से नहीं कर सकते, जबकि दूसरे कारोबारों के लिए ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है। इन सभी नियमों के कारण हर आदमी के लिए घर का सपना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि नरेडको ने आगामी बजट के लिए ये सभी सुझाव सरकार के समक्ष रखे हैं।

# फिक्की के सर्वे में कंपनी जगत ने अर्थव्यवस्था पर मजबूत भरोसा जताया

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल फिक्की ने आगामी वित्त वर्ष के बजट से पहले गुरुवार को जारी एक सर्वे रिपोर्ट में कहा है कि देश की आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं को लेकर भारत का कंपनी जगत आशावादी है और 2026-27 के वित्तीय वर्ष में आर्थिक वृद्धि 7.8 प्रतिशत के बीच रह सकती है।

इस सर्वे के आधार पर फिक्की ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बजट में प्रत्यक्ष कर अनुपालन में सरलीकरण, डिजिटलीकरण, कर निश्चितता, विवाद निपटान एवं मुकदमेबाजी प्रबंधन और कॉरपोरेट पुनर्गठन एवं निवेशकों की सुविधा के उपाय किए जा सकते हैं। वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं के बीच बजट में निर्यात को मजबूत समर्थन की आवश्यकता, अवसंरचना, डिजिटल विनिर्माण और रक्षा उद्योग पर विशेष जोर देने की जरूरत को रेखांकित किया गया है। फिक्की के अनुसार सर्वेक्षण में विस्तृत रूप से आशावाद झलकता है, जिसमें लगभग 80 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने भारत की विकास संभावनाओं पर भरोसा जताया है। रिपोर्ट के अनुसार कंपनी जगत के 50 प्रतिशत लोगों को लगता है कि 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि 7.8 प्रतिशत तक की वृद्धि की उम्मीद है। यह अनुमान ऐसे समय आया है, जबकि चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रथम अग्रिम अनुमान में वृद्धि 7.4 प्रतिशत बताई गई है। फिक्की ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत मध्यावधिक (अगले दो-तीन वर्ष की) अवधि की संभावनाओं के मुताबिक बुनियादी तौर मजबूती में विश्वास को दर्शाता है। उद्योग ने राजकोषीय अनुशासन के महत्व को भी रेखांकित किया, जहां लगभग 42 प्रतिशत उत्तरदाताओं को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी के 4.4 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल किया जाएगा, जिससे सरकार की राजकोषीय समन्वय रूपरेखा में विश्वास मजबूत होता है। सर्वे के आधार पर केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए तीन प्रमुख व्यापक आर्थिक प्राथमिकताएं स्पष्ट रूप से उभरती हैं: रोजगार सृजन, अवसंरचना पर निरंतर जोर और निर्यात को मजबूत समर्थन। जिन क्षेत्रों पर विशेष फोकस रहने की उम्मीद है, उनमें अवसंरचना, विनिर्माण, रक्षा और एमएसएमई प्रमुख हैं। सर्वे के आधार पर फिक्की की सिफारिश है कि सरकार को विनिर्माण और पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) पर अपना जोर बनाए रखना चाहिए। उद्योगमंडल ने मौलिक कल पुर्जा

# ग्रामीणों को बंधुआ मजदूर बनाने के मकसद से खत्म किया मनरेगा

नई दिल्ली, वार्ता



- भाजपा और आरएसएस का संबंध अमीरों से है और गरीबों की पीड़ा को वे नहीं समझते हैं: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि भाजपा और आरएसएस का संबंध अमीरों से है और गरीबों की पीड़ा को वे नहीं समझते हैं, इसलिए गरीबों को गुलाम बनाए रखने के इरादे से ग्रामीण श्रमिकों के हित की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) कानून को खत्म करने का कदम उठाया गया है।

खड़गे ने रचनात्मक कांग्रेस के प्रमुख संदीप दीक्षित द्वारा आयोजित मनरेगा कार्यकर्ताओं के राष्ट्रीय संवाद में 'मनरेगा बचाओ मोर्चा' के देशभर से यहां आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गुरुवार को कहा कि मनरेगा बचाने की लड़ाई बहुत लंबी है और इस लड़ाई को एक जगह पर बैठकर या सिर्फ नारे लगाकर नहीं लड़ा और जीता जा सकता है। उनका कहना था कि सरकार मनरेगा को खत्म करने का कानून संसद के शीतकालीन सत्र में लाई थी और कांग्रेस ने इसका जमकर विरोध किया था। अब जल्द ही बजट सत्र शुरु होने वाला है और कांग्रेस शीतकालीन सत्र की तरह ही बजट सत्र में भी इस मुद्दे को उठाएगी और सरकार के इस कदम का विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीबों के साथ अन्याय किया है और कांग्रेस गरीबों के हक की इस लड़ाई को तब तक लड़ती रहेगी जब तक इस कानून को बहाल नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार को नए कानून को हर हाल में वापस लेना पड़ेगा और कांग्रेस इस लड़ाई को तब तक लड़ती रहेगी जब तक सरकार मनरेगा को फिर से बहाल नहीं करती है। उनका कहना था कि कांग्रेस सरकार ने महात्मा गांधी के नाम से मनरेगा शुरू किया था, लेकिन मोदी सरकार इसे तबाह करने पर तुली है। मनरेगा को खत्म कर सरकार ने ग्रामीण भारत के गरीबों, कमजोर तबकों पर हमला किया है, जिसका देशभर में विरोध हो रहा है। जल्द ही बजट सत्र शुरू होने वाला है, जिसमें कांग्रेस मनरेगा के मुद्दे को उठाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश के तमाम हिस्सों में कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने के लिए आंदोलन कर रही है। मनरेगा को खत्म करना समाज के कमजोर तबकों पर प्रहार ही नहीं है बल्कि यह महात्मा गांधी को जन स्मृति से हटाकर, ग्राम स्वराज की सोच पर हमला करने की साजिश है। यह पहली बार है कि कोई दल महात्मा गांधी के नाम पर रखी योजना से उनका नाम हटाने की हिमाकत कर रहा है। यह देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

### देश के दबे-कुचले लोगों को 'बंधुआ मजदूर' बनाने उतारू भाजपा: खड़गे

मोदी सरकार मनरेगा को खत्म करने का काम इसलिए कर रही है, ताकि देश के दबे-कुचले लोगों को 'बंधुआ मजदूर' बनाया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को बंधुआ मजदूर बनाकर उनकी आबरू अमीरों के हाथ में सौंपने जा रहे हैं ताकि लोग अमीरों के इशारों पर, उनकी मर्जी के पैसों पर काम करें। मनरेगा से लोगों को 100 दिन काम की कानूनी गारंटी मिलती थी, जिसे तबाह करने का काम किया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस को मनरेगा और गरीबों के काम के अधिकार को बचाने की लड़ाई लड़नी है और इसके लिए सभी श्रमिकों को एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा बचाने की लड़ाई किसी एक दल की नहीं है और ना ही वोट पाने की लड़ाई है बल्कि यह गरीबों के हक की लड़ाई है, ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार की गारंटी देने की लड़ाई है और इसके लिए सभी दलों के नेताओं तथा गरीबों को एक साथ खड़ा होना पड़ेगा और इस लड़ाई को जीतना होगा।

# सलावा में बन रहे मेजर ध्यानचंद खेल विवि का सीएम योगी ने किया निरीक्षण

## बोले पश्चिमी यूपी बनेगा खेल नेतृत्व का केंद्र, मई तक निर्माण कार्य पूरा करने के दिए निर्देश












**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** गुरूवार को सरधना के गांव में निर्माणाधीन मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह प्रदेश का पहला खेल विश्वविद्यालय है, जो हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर स्थापित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य 31 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरठ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का खेल जगत में ऐतिहासिक योगदान रहा है। देश को कई ओलंपियन मेरठ की धरती ने दिए हैं। ऐसे में यह विश्वविद्यालय खेल प्रतिभाओं को तराशने का बड़ा केंद्र बनेगा। यहां से निकलने वाले खिलाड़ी भविष्य में कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स और ओलंपिक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक ढांचे पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेल विश्वविद्यालय में ऐसे पाठ्यक्रम तैयार किए जाएं, जो खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए पूरी तरह तैयार करें। प्रवेश से पहले ही फैकल्टी की तैनाती सुनिश्चित की जाए। फैकल्टी पूर्णकालिक हो और केवल यहीं कार्य करे, पार्ट टाइम व्यवस्था स्वीकार्य नहीं होगी। साथ ही अनुभवी और पूर्व राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को कोच के रूप में नियुक्त करने के निर्देश दिए गए। सीएम योगी ने बताया कि विश्वविद्यालय का नया लोगो तैयार हो चुका है और झंडा भी बन गया है। खेल विश्वविद्यालय का कुल क्षेत्रफल बढ़कर 100 एकड़ हो जाएगा। अगस्त 2025 में पाठ्यक्रम प्रारंभ हो चुके हैं और नए सत्र से विवि का संचालन पूर्ण रूप से परिसर से किया जाएगा। यहां 12 नियमित खेल पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिनमें एथलेटिक्स, हॉकी, कुश्ती, शूटिंग, बैडमिंटन, फुटबॉल सहित अन्य प्रमुख खेल शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में एक नई खेल संस्कृति का जन्म हुआ है। सांसद खेल प्रतियोगिता जैसी योजनाओं ने गांव और कस्बों तक खेलों को पहुंचाया है। जनपद स्तर पर स्टेडियमों का निर्माण हो रहा है और ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम बनाए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को भी बेहतर अवसर मिल सकें। हर मंडल में खेल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है। उन्होंने 'एक जिला, एक उत्पाद' योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि मेरठ से खेल उत्पाद को चुना गया है। इससे खेल उद्योग, खासकर खेल उपकरण निर्माण से जुड़े कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक पहचान मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। खेल विश्वविद्यालय इस पूरी श्रृंखला का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा, जहां शिक्षा, प्रशिक्षण और शोध एक साथ होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में खेल और खिलाड़ियों की अहम भूमिका है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर खेलों को हर स्तर पर प्रोत्साहन दे रही है। सलावा में बन रहा मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के खेल भविष्य को नई दिशा देगा। इस दौरान केबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, मंत्री सोमन्द्र तोमर, दिनेश खटीक विधायक गुलाम मोहम्मद, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी,पूर्व विधायक ठा संगीत सोम आदि मौजूद रहें।

# किसान-मजदूरों की पदयात्रा रोकी, गंग नहर पर धरना देकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान किसान-मजदूरों की समस्याओं को उठाने जा रही भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) की पदयात्रा को पुलिस ने गंग नहर सरधना पर रोक दिया। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने वहीं शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। पदयात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष चौधरी निखिल राव कर रहे थे। धरने की सूचना पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज त्यागी भी मौके पर पहुंचे। प्रशासन की ओर से तहसीलदार सरधना को भेजा गया, जिन्हें बाद में समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सरधना क्षेत्र की फैक्ट्रियों द्वारा कचरा जलाने से बढ़ते प्रदूषण, आवारा पशुओं से किसानों की फसल बर्बादी, मेरठ में नकली कीटनाशकों की बिक्री और ओवरलोड गन्ना ट्रकों से लगने वाले जाम व आमजन की परेशानी का मुद्दा उठाया गया। धरने में मुंफरीद, सरफराज अंसारी, साबिर अंसारी, रहीश खान, वसीम, अश्वनी सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सर्किट हाउस पहुंचे डिप्टी सीएम का हसीन यासीन ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सलावा में बन रही खेल यूनिवर्सिटी के निरीक्षण के लिए गुरुवार को मेरठ पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम से पहले बुधवार की रात प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक मेरठ के सर्किट हाउस पहुंचे जहां पर भाजपा के दिग्गज नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान भाजपा युवा नेता हसीन यासीन ने भी सर्किट हाउस में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान डिप्टी सीएम बृजेश पाठक भी हसीन यासीन के साथ हंसते हुए दिखाई दिए और उन्होंने हसीन यासीन से अपनेपन के साथ मुस्कुराते हुए बात की।

## सुरक्षा बलों को रोकने पर भड़के संगीत सोम, सीओ से नोंकझोंक

**सरधना।** सलावा यूनिवर्सटी जा रहे भाजपा के पूर्व विधायक ठा. संगीत सोम को सीओ ने खेल मैदान के अंदर उनके सुरक्षा बलों को साथ जाने से रोक दिया, जिसके बाद संगीत सोम व सीओ के बीच नोंकझोंक हो गई। जिसके बाद संगीत सोम का पारा चढ़ गया, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें संगीत सोम कहते हुए नजर आ रहें है कि खुराक लिए बगैर मानों नहीं... इसके बाद वहां मौजूद अधिकारियों ने मामले को शांत कराया।

# मेरठ पब्लिक स्कूल ग्रुप में हर्षोल्लास से मनाया गया बसंत पंचमी पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ पब्लिक स्कूल ग्रुप की सभी शाखाओं में बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी विद्यालयों के परिसर को पीले फूलों और रंग बिरंगी पतंगों से सजाया गया तथा विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सरस्वती-वंदना से हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बसंत पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला गया।शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को ज्ञान, अनुशासन एवं सृजनात्मकता को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया। एम.पी. एस. ग्रुप प्रबंधन तथा प्रधानाचार्यों द्वारा सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व उपस्थित सभी जनों को पावन पर्व बसंत पंचमी की शुभकामनाएँ दी गई और साथ ही बताया कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल साक्षर होना नहीं, बल्कि बौद्धिक और नैतिक रूप से सशक्त बनकर समाज के उत्थान में योगदान देना है। अंत में प्रसाद वितरण से कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सपा कार्यालय पर जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को जेल रोड स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर विजयपाल कश्यप की अध्यक्षता में प्रख्यात समाजवादी चिंतक और छोटे लोहिया के नाम से ख्याति प्राप्त जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि मानते हुए विचार गोष्टी की गई। जिसमें सपा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जनेश्वर मिश्रा के जीवन परिचय पर विचार रखे और उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर दबे कुचले शोषित वंचित लोगों को अग्रिम पंक्ति में लाने के लिए प्राण लिया। विजयपाल कश्यप ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए अखिलेश यादव जी ने जो डायल हंड्रेड बनाई थी। उसी की तरह जिला मेरठ में करीब 100 कार्यकर्ताओं की हंड्रेड डायल की टीम का गठन किया जाएगा। जिसमें जिला संगठन के द्वारा किए जाने वाले धरने प्रदर्शन मीटिंगों के अलावा किसी भी कार्यकर्ता या अन्य किसी भी समाज के लोगों के साथ कोई भी घटना होने पर गठित की जाने वाली डायल हंड्रेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंचेगी और उत्पीड़न चाहे किसी का भी हो उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी।

# श्री जागेश्वर धाम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वार्षिकोत्सव में पहुंचे उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को सरस्वती लोक, दिल्ली रोड स्थित श्री जागेश्वर धाम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वार्षिकोत्सव का पावन आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। यह आयोजन श्री सरस्वती प्रेम स्मृति ट्रस्ट के तत्वावधान में, मेरठ कैंट विधायक एवं अध्यक्ष, श्री सरस्वती प्रेम सेवा ट्रस्ट अमित अग्रवाल तथा महासचिव, एड्को डवलपर्स के प्रबंध निदेशक वरुण अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं सहयोग से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य एवं आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में सहभागिता कर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक का विशेष आगमन हुआ। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की तथा ऐसे धार्मिक आयोजनों को सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक चेतना का सशक्त माध्यम बताया। इस अवसर पर मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि श्री जागेश्वर धाम मंदिर का निर्माण जनकल्याण, आध्यात्मिक चेतना एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं, बल्कि समाज को सेवा, संस्कार एवं सद्भाव की दिशा में प्रेरित करने वाला केंद्र है।

उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी श्रद्धालुओं, ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष हवन-पूजन, रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भव्य छप्पन भोग महा आरती संपन्न हुई, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। इस पावन अवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल एवं वरुण अग्रवाल द्वारा जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों को राशन सामग्री एवं कंबलों का वितरण भी किया गया, जिससे आयोजन में सेवा और मानवता का संदेश सशक्त रूप से प्रसारित हुआ। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उप मुख्यमंत्री का मंदिर समिति एवं ट्रस्ट पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, पूर्व शहर प्रत्याशी कमल दत्त शर्मा, हर्षित गोयल (मंडल महामंत्री), महेश बाली (महानगर महामंत्री), उमाशंकर पाल, प्रदीप गोयल, सतीश बंसल, अरविंद शर्मा, शुभ गुप्ता, एडवोकेट हरिओम शर्मा, अशोक गर्ग, विकास बंसल, अमित मित्तल, सुदेश गुप्ता, हिमांशु रस्तोगी, प्रमोद गोयल, मनजीत, मो. हित बंसल, कमल मिश्रा, संजीव गोयल, रवि सिंहल, अरुण मास्टर जी, सुभाष चंदेल, कुश सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। मंदिर समिति एवं श्री सरस्वती प्रेम स्मृति ट्रस्ट द्वारा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, प्रशासन एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# पत्रकार को मिली जान से मारने की धमकी

## ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन ने कप्तान से की निष्पक्ष जांच की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को कप्तान ऑफिस पर पहुंचे ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिक. ारियों ने एक पत्रकार को मिल रही जान से मारने की धमकी में निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार एक निर्भीक पत्रकार को सरेआम धमकी देना पत्रकारिता जैसे पेशे पर हमला है। खबर लिखना पत्रकार का दायित्व है। धमकी देने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से आरोपियों के खिलाफ जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी हरेंद्र सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीकांत अस्थाना, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामबाबू दुबे, राष्ट्रीय सचिव अशोक सोम, क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी यशपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष लियाकत मंसूरी, जिलाध्यक्ष संजीव तोमर, महानगर अध्यक्ष पंकज शर्मा, दा प्रेस क्लब मेरठ के कोषाध्यक्ष मुकेश गोयल, रामकिशन रघुवंशी, नीरज त्यागी, जितेंद्र शर्मा, ललित सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

आपको बता दें कि सच को आम जनता के सामने एक पत्रकार का नैतिक दायित्व है, लेकिन कुछ दबंग लोग पत्रकारों की आवाज दबाना चाहते हैं। एक ऐसा ही मामला सामने आया, जब सदर क्षेत्र में वेस्ट एण्ड रोड स्थित ऋषभ एकडेमीम चल रहे भ्रष्टाचार व घोटाले के सम्बन्ध में पत्रकार ने अपने अखबार में प्रकाशित की, जिसकी प्रतिक्रिया स्वरुप ऋषभ एकडेमी के सचिव संजय जैन पत्रकार से नाराज होकर उसे धमकियां देकर दबाव में लेने की कोशिश की और 19 जनवरी को लगभग एक से दो बजे की बीच जब पत्रकार कमिश्नरी चौराहे पर मौजूद था तो संजय जैन एक अन्य व्यक्ति के साथ आकर पत्रकार को धमकी दी कि तू मेरे खिलाफ बहुत खबरें छाप रहा है तू मुझे जानता नहीं है मैं शहर के नामचीन रईसों में से एक हूं और मैं मेरी जिंदगी तबाह कर दूंगा। मैं तुझे और तेरे परिवार का जानता हूं यह भी जानता हूं कि तू गंगानगर में रहता है। रास्ते में अत-जाते कहीं भी मुझे और तेरे परिवार को जान से मरवा सकता हूं मुझे बदमाशों को लाखो लाख रुपये देने में कोई कमी नहीं जाएगी, लेकिन तुझे खाना-खराब करके बर्बाद कर दूँगा। वहीं पत्रकार ने कप्तान ऑफिस पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

# अवैध पशु डेयरी का मल-मूत्र तालाब में डालने का आरोप, डीएम से शिकायत

■ खरदौनी के प्रधान व ग्राम सचिव की मिलीभगत का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इंचौली।** थाना क्षेत्र के ग्राम खरदौनी में इस समय अवैध पशु डेयरियों की भरमार है। जिसमें ज्यादातर डेयरियों का मल मूत्र गोबर रास्तों व नालियों पर बहाया जा रहा है। जिससे तरह- तरह की बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

गांव के बीच ओर बाहरी छोर पर संचालित इन अवैध पशु डेयरियों के खिलाफ कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। अभी ताजा मामला फिर से ग्राम खरदौनी से आया है यहां के रहने वाले अनुज पुत्र ऋषिपाल ने जिलाधिकारी मेरठ को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि खरदौनी में ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव की साठगांठ से गांव के तालाब में अवैध पशु डेयरी का मल मूत्र ओर गोबर डाला जा रहा है। अनुज ने बताया कि तालाब की खुदाई का कार्य चल रहा है उसके बाद भी नाला खुदवाकर डेयरी का मल मूत्र तालाब में डाला जा रहा है। अनुज ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव से भी इसकी शिकायत की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। आरोप है कि शिकायत के बाद उसे तरह-तरह की धमकी मिल रही हैं जिसके बाद उसने जिलाधिकारी से शिकायत की है।

### हम है गाव के प्रधान, जो चाहेंगे करेंगे

जब इस मामले में गांव के प्रधान सनव्वर चौहान से बात की गई तो उन्होंने बड़ा अजीब बयान देते हुए कहा कि वह गांव के प्रधान है जो चाहेंगे करेंगे हमें कोई आपत्ति नहीं है। हम मल मूत्र का पानी जहां चाहे वहां डालें यहां सरकार हमारी है। इसी के साथ-साथ जब सचिन से बात करनी चाही तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।



# लालकुर्ती क्षेत्र में शरारती तत्वों ने तोड़ी दो हजार साल पुरानी मजार

■ व्यापारियों में आक्रोश, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लालकुर्ती इलाके में शरारती तत्वों ने मेरठ कॉलेज के पास करीब 2000 साल पुरानी मजार को तोड़ दिया, जिससे स्थानीय व्यापारियों और लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने असामाजिक तत्वों पर शहर का माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मजार के पुनर्निर्माण की मांग की, जिस पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।



# भाजपा कार्यकर्ता ने चाइनीज मांझे से दूरी बनाने की लोगों से की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पश्चिम उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी नासिर सैफी के लिसाड़ी रोड़ स्थित कार्यालय पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर खतरनाक चाइनीज मांझे को जलाकर चाइनीज मांझे का विरोध किया। और आह्वान किया की चाइनीज मांझे से पतंग न उड़ायें ये खतरनाक मांझा जान लेता है। इस दौरान भाजपा नेता यूनुस सैफी, महानगर उपाध्यक्ष राशिद मेवाती, महानगर सोशल मीडिया प्रभारी मुस्तकीम कुरैशी, सक्रिय सदस्य शादाब कुरैशी, सुहैल कुरैशी मौजूद रहे।



# नालियों में बहने वाले गोबर पर लगेगा ब्रेक, सरूरपुर में खुलेगा सीएनजी प्लांट

## हर्रा-खिवाई-पांचली के किसान और डेयरी संचालक बनेंगे भागीदार



**उस्मान चौहान/शाह टाइम्स**

**सरूरपुर।** क्षेत्र में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाली बड़ी पहल शुरू होने जा रही है। मेरठ-बड़ौत मार्ग पर हिंडन नदी के समीप करीब 25 बीघा क्षेत्र में एसआरएस बायो एक्स न्यूरोवी एलएलपी द्वारा जिले का अब तक का सबसे बड़ा सीएनजी प्लांट स्थापित किया जा रहा है। कंपनी प्रबंधन के अनुसार प्लांट से प्रतिदिन लगभग सवा लाख किलोग्राम सीएनजी का उत्पादन किया जाएगा। प्लांट के फरवरी के मध्य तक चालू होने की संभावना है। प्लांट मैनेजर अरुण पंवार ने बताया कि यह परियोजना सरूरपुर ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों के लिए भी नई दिशा तय करेगी।

### गोबर बनेगा पशुपालकों की कमाई का साधन

अब तक पशुपालकों के लिए बोझ समझा जाने वाला गोबर अक्सर नालियों और सड़कों पर बहता था, जिससे नालियां चोक होती थीं और दुर्गंध फैलती थी। प्लांट शुरू होने के बाद यही गोबर कमाई का साधन बनेगा। कंपनी की योजना है कि हर्रा, खिवाई, पांचली, मैनापुठी और करनावल के किसानों व डेयरी संच. ालकों से गोबर नियमित रूप से खरीदा जाएगा। इससे गांवों की सफाई व्यवस्था सुधरेगी और पर्यावरण को भी राहत मिलेगी।

### अब किसानों व पशुपालकों की बढ़ेगी आय

प्लांट प्रबंधन के मुताबिक गोबर की खरीद शुरू होते ही पशुपालकों को इसके उचित और नियमित दाम मिलेंगे। इससे किसानों और डेयरी संचालकों की अतिरिक्त आय बढ़ेगी और गोबर को नालियों में बहाने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी।

### खिवाई स्वच्छ सर्वेक्षण के ब्रांड एंबेसडर प्यार मोहम्मद ने कहा...

यह प्लांट खिवाई और आसपास के गांवों के लिए वरदान साबित होगा। गोबर से गंदगी भी खत्म होगी और लोगों की आय भी बढ़ेगी। स्वच्छता के साथ रोजगार का यह बेहतरीन मॉडल है। किसानों को फायदा होगा।

**कृषि वेस्ट से भी बनेगी सीएनजी:** सीएनजी उत्पादन के लिए गोबर के साथ-साथ क्रेशर, कोल्हू से निकलने वाली मैली, गन्ने की वेस्टेज और बाजरे की फसल के अवशेष का भी उपयोग किया जाएगा। इससे कृषि अवशेषों का सही निस्तारण होगा और किसानों को मैली के भी बेहतर दाम मिल सकेंगे।

### हर्रा स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर मौ. अली चौहान ने कहा...

अक्सर खेतों और कोल्हुओं की मैली बेकार चली जाती थी। अब वहीं वेस्ट किसानों की आमदनी बढ़ाएगा। यह पर्यावरण और किसान दोनों के लिए फायदेमंद है।

### स्थानीय युवाओं को मिलेगा रोजगार

इस परियोजना से गोबर संग्रहण, परिवहन, प्लांट संचालन और रखरखाव में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से भी छोटे-छोटे व्यवसाय और काम के नए अवसर पैदा होंगे।

**पांचली के किसान नेता फजर मौ. के अनुसार:** ग्रामीण इलाकों में रोजगार की कमी हमेशा समस्या रही है। यह प्लांट गांव के युवाओं को काम देगा और किसानों को आत्म निर्भर बनाने में मदद करेगा।

### प्लांट परिसर में जल्द लगेगा सीएनजी पंप

कंपनी की ओर से प्लांट परिसर में सीएनजी पंप भी स्थापित किया जाएगा। यहां उत्पादित सीएनजी की आपूर्ति स्थानीय पंपों को भी की जाएगी, जिससे क्षेत्र में उचित दामों पर सीएनजी उपलब्ध होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। कुल मिलाकर सरूरपुर क्षेत्र में गोबर और कृषि वेस्ट से सीएनजी बनाने की यह पहल स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास को एक साथ आगे बढ़ाने वाली साबित होगी। आने वाले समय में यह परियोजना हर्रा, खिवाई, पांचली, मैनापुठी और करनावल के लिए एक मिसाल बन सकती है।

# लोगों को नहीं है अपनी जान की परवाह, यातायात नियमों की अनदेखी बन रही हादसों की वजह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आज के दौर में सड़क पर चलते समय लोगों की लापरवाही लगातार बढ़ती जा रही है। अधिकतर लोग वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन नहीं करते, जिससे आए दिन सड़क हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है। चार पहिया वाहन चलाने वाले सीट बेल्ट को जरूरी नहीं समझते तो वहीं दोपहिया वाहन चालक हेलमेट को हल्के में लेते नजर आते हैं। परिवहन विभाग द्वारा मार्गों पर लगाए गए चेतावनी बोर्डों को भी लोग नजरअंदाज कर देते हैं।

स्पीड लिमिट के बोर्ड लगे होने के बावजूद तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाना आम बात हो गई है। ओवर स्पीडिंग न केवल चालक की जान को खतरे में डालती है, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की सुरक्षा पर भी बड़ा सवाल खड़ा करती है। अक्सर देखा जाता है कि लोग जल्द बाजी के चक्कर में अपनी और दूसरों की जान से खिलवाड़ कर बैठते हैं। मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना, गलत साइड से ओवरटेक करना और ट्रैफिक सिग्नल तोड़ना



जैसे मामले आम हो गए हैं। यही लापरवाही कई बार गंभीर हादसों में बदल जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि लोग समय रहते सचेत न हुए तो सड़क हादसों की संख्या और बढ़ सकती है। यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी मजबूरी नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। जरूरत इस बात की है कि लोग जागरूक बनें, अपनी जिम्मेदारी समझें और नियमों का सख्ती से पालन करें, ताकि सड़कें सुरक्षित बन सकें और अनमोल जिंदगियों को बचाया जा सके।

# आचार्य श्री भारत भूषण महाराज का कंकरखेड़ा से पल्लव पुरम जैन मंदिर तक पावन विहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** आचार्य गुरुवर 108 श्री भारत भूषण महाराज जी का संघ सहित कंकरखेड़ा स्थित जैन मंदिर से पल्लवपुरम जैन मंदिर के लिए पावन विहार श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु आचार्य श्री के साथ पैदल चले और पूरे मार्ग में जैन धर्म की अहिंसा, संयम एवं तप की भावना सजीव दिखाई दी। विहार के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा आचार्य श्री का विधिवत पाद प्रक्षालन किया गया तथा मंगल आरती उतारी गई। इस अवसर पर पल्लवपुरम जैन समाज के अनेक पदाधिकारी अध्यक्ष पवन जैन, विनोद जैन एवं क्षेत्र के समाजसेवी उपस्थित रहे।

# सपा नेता आतिर आरिफ मंजूर की बहन की शादी में जुटे सियासी व सामाजिक दिग्गज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बा किठौर के प्रतिष्ठित समाजवादी पार्टी नेता आतिर आरिफ मंजूर की बहन की शादी के अवसर पर आयोजित भव्य रिसेप्शन समारोह में राजनीति और समाज जगत की नामचीन हस्तियों का जमावड़ा देखने को मिला।

'शेर-ए-यूपी' स्वर्गीय मंजूर अहमद के पुत्र हाजी आरिफ मंजूर की बेटी की शादी का भव्य रिसेप्शन बृहस्पतिवार को हिमालय फार्म हाउस, नानपुर में आयोजित किया गया। समारोह में समाजवादी पार्टी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में पहुंचे। विधायक पूर्व विधायक, चेयरमैन, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख आदि की मौजूदगी रही। सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं देते हुए परिवार के साथ खुशियां साझा कीं। रिसेप्शन के दौरान आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक एकता का माहौल बना रहा। आयोजन की व्यवस्थाएं सराहनीय रहीं और मेहमानों के स्वागत सत्कार में कोई कमी नहीं छोड़ी गई। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय राजनीति से जुड़े कई नामचीन चेहरों की मौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही।

# कानूनी इतिहास और भारतीय लोकतंत्र विषय पर हुआ व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विधि एवं संवैधानिक अध्ययन विद्यालय एसएलसीएस ने बीते शनिवार को कानूनी इतिहास और भारतीय लोकतंत्र विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करते हुए श्री सुभेंदु भट्टाचार्य ने मुख्य व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने भारत की कानूनी प्रणाली के ऐतिहासिक विकास और लोकतांत्रिक शासन पर इसके गहन प्रभाव का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत किया।

अपने संबोधन में भट्टाचार्य ने प्राचीन न्यायशास्त्रीय परंपराओं और औपनिवेशिक कानूनी ढांचों से लेकर भारत के संविधान की परिवर्तनकारी भूमिका तक भारतीय विधिक इतिहास की जड़ों का पता लगाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय लोकतंत्र संवैधानिकवाद, विधि के शासन, न्यायिक स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों के संरक्षण में गहराई से निहित है। संविधान से संबंधित महत्वपूर्ण विकासों और न्यायिक हस्तक्षेपों पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने समझाया कि किस प्रकार विधिक इतिहास ने लोकतांत्रिक संस्थाओं को आकार दिया है, सामा. जिक न्याय सुनिश्चित किया है और भारत में सहभागी शासन को मजबूत किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ एसएलसीएस के निदेशक प्रोफेसर पी.के. गोयल के स्वागत भाषण से हुआ, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र की लचीलता और अनुकूलन क्षमता को समझने के लिए कानूनी इतिहास को समझने के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम की समन्वयक सुश्री इकरा रशीद ने कुशलतापूर्वक कार्यक्रम का संचालन किया और अकाद. मिक भागीदारी सुनिश्चित की। व्याख्यान का समापन एसएलसीएस के समन्वयक डॉ. मोहम्मद आमिर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने विशिष्ट वक्ता और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम छात्रें और शिक्षकों दोनों के लिए बौद्धिक रूप से ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ और भारत में विधि इतिहास और लोकतांत्रिक मूल्यों के बीच महत्वपूर्ण संबंध को सुदृढ़ करता है।

# माता-पिता की आज्ञा का पालन करें: पूर्णमति माता

## परम विदुषी आर्यिका श्री 105 पूर्णमति माता जी का हुआ आगमन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को ऋषभ एकेडमी मेरठ कैंट के प्रांगण में परम विदुषी आर्यिका श्री 105 पूर्णमति माता का ससंघ मंगल प्रवेश हुआ। विद्यालय की हिंदी विभागाध्यक्षा पूनम जैन व वर्षा जैन ने विद्यालय के द्वार पर माता जी का पाद प्रक्षालन किया। परम श्रयेय राजेंद्र जैन, विद्यालय अध्यक्ष दिनेश चंद्र जैन, सचिव डाक्टर संजय कुमार जैन सी. ए., कोषाध्यक्ष योगेंद्र प्रकाश द्वारा विद्यासागर महाराज के चित्र का अनावरण कर उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व णमोकार मंत्र के बाद प्रधानाचार्य शरद त्यागी व उप- प्रधानाचार्य पवन कपूर व विद्यालय के अध्यापक व अध्यापिकाओं द्वारा माताजी के चरणों में श्रीफल भेंट किए गए।

विद्यालय के विद्यार्थियों व अध्यापिकाओं द्वारा स्वागत गान, गीत, आरती व नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात माताजी का मंगल प्रवचन हुआ उनके प्रवचनों का मूल आधार तीन सूत्र थे, ज्ञान को देने वाला और ज्ञान को ग्रहण करने वाला कैसा होना चाहिए। इसी संदर्भ में माताजी ने प्रवचन देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि उन्हें माता-पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए। सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। माताजी ने विद्यार्थियों को व्यवहारिक और धार्मिक शिक्षा भी विभिन्न कहानियों के माध्यम से दी। प्रवचन के पश्चात माताजी ने विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और सभी को माता जी ने अपना आशीर्वाद भी दिया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्षा पूनम जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर जैन समाज व अन्य व्यक्तियों से पंडाल खचाखच भरा रहा। अंत में प्रधानाचार्य ने पूर्णमति माता व सभी लोगों का आभार व्यक्त किया

# वाल्मीकि समाज ने नगर निगम अधिकारियों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

## स्वच्छता मित्रों की भर्ती में हो रही है जमकर धांधली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वाल्मीकि समाज के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष दिनेश सूद के नेतृत्व में एक ज्ञापन कमिश्नर को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि 2415 स्वच्छता मित्रों की समस्याओं की ओर निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं और इन कर्मचारियों को नजरअंदाज कर नगर निगम भ्रष्टाचार कर अवैध भर्ती कर रहा है। जिसका वह पूरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम कर्मचारियों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं देता जिससे कर्मचारियों में गहरा रोष है जिन वाल्मीकि परिवारों में एक भी रोजगार नहीं है वह नजर अंदाज किया जा रहा है जबकि इन भर्तियों में ऐसे परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर भर्ती मिलनी चाहिए। जो इसके लायक हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि 2415 स्वच्छता मित्रों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो 15 दिन में संगठन एक विशाल प्रदर्शन करेगा। ज्ञापन देने वालों में राघव प्रधान वाल्मीकि, दीपक मनोठिया, नवीन गेहरा, अमित चिंडलिया, दिनेश लो. हरे, राजन पिवाल, आकाश धवन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वार्ड 16 से जिला पंचायत की ताल ठोकेंगे अयान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जैसे-जैसे क्षेत्र पंचायत चुनाव नजदीक आ रहे हैं प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में मेहनत करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे वहीं काफी दिनों से वार्ड 16 में भावी उम्मीदवार अयान सैफी कड़ी मेहनत से काम कर रहे हैं और लोगों से मिलजुल कर अपने चुनाव को मजबूती की तरफ ले जा रहे हैं लगातार उनकी मेहनत क्षेत्र में दिखाई दे रही है। अयान सैफी ने कहा की अगर जनता ने उनको मौका दिया तो वार्ड 16 में चहुंमुखी विकास होगा किसी से भेदभाव नहीं किया जाएगा। वार्ड 16 में रुके हुए विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। अगर देखा जाए तो वार्ड 16 से अयान सैफी लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं और जनता के सुख दुख में साथ नजर आ रहे है और अपने व्यवहार की वजह से ही जनता उन्हें वार्ड 16 से चुनाव लड़ाने की बात कर रही है।

# ईवीएम मशीन हटाने की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बामसेफ और भारत मुक्ति मोर्चा का राष्ट्रीय अधिवेशन 26 से 30 दिसंबर को उड़ीसा में था जिसमें देश के 32 राज्य से आने वाले एससी एसटी ओबीसी अल्पसंख्यक के वर्गों के शीर्ष बुद्धिजीवी इस अधिवेशन में भाग लेते लेकिन इस अधिवेशन पर उड़ीसा सरकार ने एक दिन पहले रोक लगा दी।

इस अधिवेशन में मुद्दा था कि चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की जगह बैलेट पेपर की बहाली हो इसका संगठन ने विरोध किया और 7 जनवरी को पूरे देश में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। दूसरा चरण 15 जनवरी को उड़ीसा सरकार जो कि संविधान विरोधी है के खिलाफ महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया गया। तीसरा विरोध गुरुवार को मेरठ में हुआ जिसमें ओबीसी की जनगणना विरोधी, जन विरोधी, देश विरोधी, संविधान विरोधी, महिला विरोधी, छात्र विरोधी और शिक्षा विरोधी आदि कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव ईवीएम मशीन नहीं बैलेट पेपर से होने चाहिए इससे चुनाव निष्पक्ष होंगे इसके अलावा उन्होंने कपसाड़ कांड में सुनीता की हत्या और बेटी को अगवा करने वाले अपराधियों के खिलाफ व सरधना के सोनू कश्यप की पीट-पीटकर जिंदा जलाने की वीडियो बनाने वाले सभी अपराधियों के खिलाफ अमरोहा जिलों के जिला न्यायालय के पेशकार राशीद को उसकी गाड़ी से उतारकर उसकी बीवी बच्चों के सामने पीट कर मौत के घाट उतारने वाले दोस्तों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान नारेबाजी भी की गई। कार्यक्रम में सुदीप जैन, विनेश मनौठिया आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी जानी पुलिस ने दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में आए दिन बदमाश दुष्कर्म के मामले और लगातार आरोपी सलाखों के पीछे पहुंच रहे हैं।

गुरुवार को पुलिस ने दुष्कर्म में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जहां पीड़ित के पिता ने जानी थाने में तहरीर देते हुए मुक. दमा पंजीकृत कराया था। पीड़ित का कहना था कि आरोपी उसकी लड़की को बहला फुसलाकर कर ले गया था उसके साथ दुष्कर्म की घटना को भी अंजाम दिया गया। तभी से आरोपी लगातार फरार चल रहा था पुलिस ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया आरोपी की पहचान परवीन पुत्र जगनमोहन उर्फ पिरहो निवासी थाना निवाड़ी गाजियाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया।

# आए दिन हो रही घटनाओं से दहला बागपत

## जनपद के बाघु गांव में मिला महिला का जलता हुआ शव, पुलिस जांच पडताल में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बाघु गांव में एक बिटोरा (उपलों का ढेर) में एक महिला का जला हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।







जानकारी के अनुसार, रात में जब किसान अपने खेतों से घर लौटे तो सब कुछ सामान्य था। हालांकि, रात के समय अचानक बिटोरा में आग लग गई। सुबह जब किसान खेतों में काम करने पहुंचे तो उन्होंने जली हुई अवस्था में एक महिला का शव देखा। किसान नेता जगत सिंह ने बताया कि रात में उनके खेत में बने बिटोरा में आग लगने की सूचना मिली थी। सुबह जब वे खेत पहुंचे तो उन्हें एक जला हुआ शव दिखाई दिया। पहले उन्हें लगा कि यह किसी जानवर का शव है, लेकिन पास जाकर देखने पर एक सैंडल पड़ा मिला, जिससे यह महिला का शव होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जले हुए शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने की बात कह रही है।

## तीन दिन के भीतर पुलिस पर गंभीर आरोप फिर पुलिस की प्रशंसा, चर्चा का विषय बना मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर जहरीला पदार्थ खाने वाले फिरोज का एक नया वीडियो सामने आया है।

तीन दिन पहले उसने पुलिस पर आरोप लगाते हुए जहरीला पदार्थ खाया था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। अब नए वीडियो में फिरोज पुलिस की प्रशंसा कर रहा है और अपनी मानसिक स्थिति को ठीक नहीं बता रहा है।

तीन दिन पूर्व फिरोज ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया था। इस वीडियो में उसने आरोप लगाया था कि पुलिस उसे बार-बार थाने बुलाकर परेशान कर रही है और उसका उत्पीड़न किया जा रहा है। वीडियो में जहरीला पदार्थ खाने के बाद परिजनों ने उसे बागपत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती। कराया था। हालत बिगड़ने पर उसे मेरठ के अस्पताल रेफर कर दिया गया था। अब सामने आए दूसरे वीडियो में फिरोज पुलिस प्रशासन की प्रशंसा कर रहा है। वह कह रहा है कि पुलिस उसका पूरा सहयोग कर रही है। इस वीडियो में फिरोज ने अपनी मानसिक हालत को ठीक नहीं बताया है। तीन दिन के भीतर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाने और फिर उसकी प्रशंसा करने वाले इन दो वीडियो के सामने आने से यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। इस विरोधाभासी स्थिति को लेकर विभिन्न तरह की बातें की जा रही हैं।

## सुभाषचन्द्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर निकाली प्रभातफेरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र में बृहस्पतिवार को संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में नेता सुभाषचन्द्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का शुभारंभ चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा, प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा, रामपाल सिंह पंवार पूर्व प्रधानाचार्य, धर्मेन्द्र पंवार पूर्व मैनेजर, भोपाल पंवार पूर्व इंस्पेक्टर, इकबाल सिंह, राजेन्द्र पंवार ने फ्लैग दिखा कर किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरिदत्त ने कहा कि आजादी के लिए नेता सुभाष चन्द्र बोस के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता बल्कि देश को आजादी ही उनके प्रयासों से मिली। प्रभात फेरी का गांव शबगा में ग्रामीणों द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया। प्रभात फेरी में विधार्थियों के स्लोगन से आसमान गूंज उठा। इस अवसर पर संगीता, नीतू चौधरी, सुरेखा तोमर, अंजू शर्मा, दिव्या शर्मा, सरिता रानी आदि उपस्थित रहे। प्रभात फेरी का नेतृत्व पीटीआई सचिन पंवार ने किया।




## प्रतियोगिता के विजेता को विधालय ने की टेबलेट वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** 19 जनवरी को राष्ट्रीय अविष्कार अभियान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें खासपुर के प्राथमिक पाठशाला के कक्षा आठ के छात्र हरिओम नें राष्ट्रीय अविष्कार अभियान प्रतियोगिता में पाचंवा स्थान प्राप्त कर स्कूल और गांव का नाम रोशन किया जहा उसे विधायक योगेश धामा ने टेबलेट देकर सम्मानित किया वही विधालय पहुंचने पर बच्चें का स्वागत किया गया जहा शिक्षक विपिन कुमार ने कहा की बच्चें की मेहनत और लगन काम आयी उन्होंने अन्य बच्चों को भी सम्बोधित करते हुए कहा की मेहनत से किया गया कार्य एक दिन रंग लाता है। इसलिए मेहनत से पढे और अपना केरियर बनाये। इस मौकें पर ग्रामीण और शिक्षक मौजूद रहे।



## एक नजर

### विरासत शस्त्र लाइसेंस में बड़ी राहतरू डीएम अस्मिता लाल की पहल से 34 लाइसेंस हुए स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मृतक विरासत तथा जीवित हस्तांतरण से जुड़े शस्त्र लाइसेंस आवेदनों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से निस्तारित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने जनपद बागपत में एक जनहितकारी पहल की शुरुआत की है। कलक्ट्रेट सभागार में विशेष विरासत शस्त्र लाइसेंस कैम्प का आयोजन कर 34 शस्त्र लाइसेंसों का मौके पर ही हस्तांतरण/स्वीकृत किया गया। शस्त्र लाइसेंस का हस्तांतरण लंबे समय से आम नागरिकों के लिए एक जटिल और श्रमसाध्य प्रक्रिया रही है। आवेदकों को अक्सर मानसिक, आर्थिक और समयगत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विशेषकर ऐसे परिवार, जिनमें शस्त्र धारक की मृत्यु हो चुकी हो या जो 75 वर्ष से अधिक आयु के हों, उनके लिए यह प्रक्रिया और अधिक कठिन हो जाती थी।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने इन व्यावहारिक कठिनाइयों को गंभीरता से समझते हुए प्रशासनिक स्तर पर समाधान निकालने की पहल की। इसी क्रम में विरासत और जीवित हस्तांतरण के आवेदकों के लिए यह विशेष कैम्प आयोजित किया गया, ताकि पात्र नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके और उनकी समस्याओं का समाधान एक ही मंच पर हो सके। इस कैम्प का उद्देश्य यह भी सुनिश्चित करना था कि जनपद में विरासत में प्राप्त या जमा शस्त्रों का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न हो। प्रशासन का स्पष्ट ख्रष्टिकोण रहा कि जो शस्त्र कानूनी रूप से विरासत में प्राप्त हैं, उनके लाइसेंस शीघ्रता से स्थानांतरित हों, जिससे वे अनियमित या अवैध स्थिति में न रहें। कैम्प में संबंधित विभागों के अधिकारी, पुलिस प्रशासन और लाइसेंस शाखा के कर्मचारी उपस्थित रहे। आवेदकों के दस्तावेजों की मौके पर ही जांच की गई। जिन प्रकरणों में दस्तावेज पूर्ण और नियमों के अनुरूप पाए गए, उन्हें उसी समय स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य नागरिकों को सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि इस प्रकार के विरासत शस्त्र कैम्प भविष्य में भी समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे, ताकि किसी भी पात्र नागरिक को कठिनाई का सामना न करना पड़े। कैम्प के दौरान कुल 34 आवेदनों में सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण पाए गए। जिलाधिकारी ने स्वयं इन प्रकरणों का अवलोकन करते हुए तत्काल विरासत शस्त्र लाइसेंस स्वीकृत किए। अभी 38 आवेदन अपूर्ण दस्तावेजों के कारण प्रक्रियाधीन है। कैम्प में पहुंचे विरासत शस्त्र लाइसेंस आवेदकों ने इस पहल की खुलकर सराहना की। आवेदकों का कहना था कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार ऐसा अनुभव किया है, जब बिना कार्यालयों के चक्कर लगाए उनका कार्य पूर्ण हो गया। कई आवेदकों ने बताया कि वे महीनों से लाइसेंस हस्तांतरण के लिए प्रयासरत थे, लेकिन यह कैम्प उनके लिए वरदान साबित हुआ। इससे न केवल जनपद के वैध शस्त्र धारकों को सुविधा मिली है, बल्कि अवैध शस्त्रों और उनके दुरुपयोग की संभावनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

## नर्सिंग होम पर गलत उपचार का आरोप, युवक की मौत के बाद हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** निवाडा गांव स्थित एक निजी नर्सिंग होम में गलत उपचार किए जाने से एक युवक की मौत हो गई। आरोप है कि युवक को इलाज के लिए नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था, जहां पर लापरवाही के चलते युवक ने दम तोड़ दिया।





जनपद मेरठ के उख्लीना गांव निवासी शहादत अली के मुता. बिक युवक गुलहसन को अचानक सीने में दर्द उठ गया था। परिचत ने युवक को कोतवाली बागपत निवाडा गांव स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। आरोप है कि नर्सिंग होम में गलत उपचार किए जाने से एक युवक की मौत हो गई। युवक को लेकर जिला अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां पर डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इतना नहीं जब परिजन शव को अपने साथ ले जाने लगे, तो नर्सिंग होम से जुड़े युवक ने उनके साथ गाली-गलौच की और मारपीट भी की। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में आक्रोश फैल गया। उधर कोतवाली बागपत प्रभारी ब्रजेश कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## धूमधाम से मनाया गया कॉलेज का स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के सराय रोड स्थित श्रीराम इंटर कालेज में कॉलेज का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री केपी मलिक ने समारोह को संबोधित किया। उन्होंने भगवान राम का गुणगान करते हुए जय श्री राम के नारों के साथ कहा कि हम सब लोगों को भगवान राम के चरणों में चरण वंदन प्रणाम करते हुए उनकी पूजा अर्चना हमेशा करते रहना चाहिए। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि प्रत्येक घर में भगवान राम की पूजा हम सब लोगों को सुबह सवेरे रोजाना करनी चाहिए। श्री राम ग्रुप ऑफ एजुकेशन परिवार कॉलेज के डायरेक्टर उपेंद्र चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राम इंटर कॉलेज के सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को मुख्य रूप से राष्ट्रीय लोक दल छपरौली विधायक डा. अजय कुमार मेरठ खंड निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी श्री चंद शर्मा वरिष्ठ समाजसेवी शिक्षक नेता पंकज शर्मा शिक्षक नेता राजीव तोमर अर्जुन अवार्ड से सम्मानित शौकेंद्र पहलवान मलकपुर सुरेश मलिक गौरव बडौत प्रधानाचार्य डाक्टर राजीव तोमर वरिष्ठ समाज सिंह अमित शर्मा प्रदीप कुमार एसडीएम ज्योति शर्मा आदि ने कार्यक्रम को मुख्य रूप से संबोधित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं में अपनी अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए श्री राम भगवान का गुणगान किया। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में समस्त मीडिया परिवार को भी सम्मानित किया गया। दूर दराज से आए लोगों कोभी कॉलेज के डायरेक्टर उपेंद्र चौधरी ने श्री राम भगवान की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। श्री राम ग्रुप आफ एजुकेशन परिवार का कार्यक्रम में सहयोग रहा

### ठंड से बचाव के लिए गांव के 500 जरुरत मंद लोगों को किए कंबल वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** क्षेत्र के तेड़ा गांव में बृहस्पतिवार को रालोद की सभा हुई। जिसमें रालोद के प्रांतीय उपाध्यक्ष धीरज उज्ववल ने कहा रालोद अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह युवाओं को शिक्षा और तकनीकी कौशल से लैस कर उन्हें आत्म निर्भर बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी गरीब किसान मजदूरों व युवाओं के हितों के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्हीं के प्रयास से युवाओं की भर्ती और आयु सीमा बढ़ी। अब उन्होंने रोहतक और बड़ौत में वर्ल्ड स्किल रिसोर्स लैब स्थापित करने की घोषणा की हैं। लैब में युवाओं को तकनीकी कौशल से प्रशिक्षित किया जायेगा। इससे युवा आत्म निर्भर बनेंगे और उनका भविष्य संवरेगा। इस दौरान उन्होंने ठंड से बचाव के लिए गांव के 500 जरुरत मंद लोगों को कंबल वितरित किये। सभा में राजू तोमर सिर. सली, जयभगवान, मास्टर सत्येंद्र सिंह, मास्टर वरुण कुमार, मास्टर अंकुर, बिल्लू, कोतानिया डा. सुरेंद्र, धर्मेंद्र कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर भावपूर्ण स्मरण, लोगों ने ली सपा की सदस्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय परिसर में प्रख्यात समाजवादी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने छोटे लोहिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की और कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी मजदूर सभा महबूब मलिक ने किया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष रविंद्र देव ने बताया कि छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र का जीवन समाजवादी सिद्धांतों के प्रति समर्पित रहा और वे सदैव समा. जवादी आंदोलन में अपने योगदान के लिए याद किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी ने भी छोटे लोहिया को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित की। उन्होनें कहा कि वे सच्चे अर्थो में समाजवादी आंदोलन की धरोहर थे उन्होंने जीवनभर गांव, गरीब, दलित व पिछड़े वर्ग के हितों की वकालत कर उन्हें सामाजिक न्याय दिलाने का प्रयास किया।

इस मौके पर महिपाल सिंह पूर्व चौयरमेन सहकारी समिति बनौली के नेतृत्व में नवाब सिंह, सतवीर सिंह, अमित कुमार ,नकुल सिंह, अजय चिरचिटा ,प्रवीण चिरचिटा ,नरेश प्रधान कैडवा महिपाल ठेकेदार गावड़ी समेत बड़ी संख्या में लोगों ने राष्ट्रीय लोक दल छोड़कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों व समाजवादी सिद्धांतों में विश्वास जताते हुए सपा की सदस्यता ग्रहण की। वही दूसरी ओर कस्बा रटौल निवासी सुहैल नंबरदार , सुहैब, जीशान सरपंच ,इबरार, हशिश समेत बड़ी संख्या में लोगों ने समा. जवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव और प्रदेश सचिव संजीव त्यागी द्वारा सभी लोगों का माला व समाजवादी पटका पहनकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव राजपाल शर्मा, सुरेंद्र पंवार, डाक्टर शालनी राकेश, डा. सतीश गौड, राहुल यादव, डा. शालिनी राकेश,दौलतराम, शाहरुख, विपिन कश्यप, राजपाल शर्मा, डा. सुरेंद्र कश्यप आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कंवरपाल सिंह बने उत्तर प्रदेश सहकारी समिति के निर्विरोध प्रतिनिधि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड का चुनाव परिणाम घोषित हुआ जिसमें खेला के कंवरपाल सिंह आर्य को निर्विरोध प्रतिनिधि चुना गया। कंवरपाल सिंह आर्य लगातार दूसरी बार उत्तर प्रदेश सहकारी समिति के निर्विरोध प्रति. निधि बने हैं।

निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार ने कँवरपाल सिंह आर्य को निर्विरोध निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र दिया और निर्विरोध प्रतिनिधि घोषित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर कंवरपाल सिंह आर्य को बधाई देने काफी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहें। पूर्व जिला अध्यक्ष सूरजपाल गुर्जर, पूर्व ब्लाक प्रमुख जितेंद्र धामा, जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल, जिला मंत्री एडवोकेट रणवीर चौधरी खट्टा, योगेश गुर्जर अहेड़ा, अतेंद्र तंवर, वेदपाल सिंह, सचिन आर्य और जिला उपाध्यक्ष अनिल तोमर आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहें।



## कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित, ध्वस्त किए गए मणिकर्णिका घाट पर जताया गहरा रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय दिल्ली बस स्टैंड बड़ौत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित हुई जिसमें वाराणसी मे ध्वस्त किये गये मणिकर्णिका घाट पर गहरा रोष प्रकट किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा भाजपा सरकार ने माता अहिल्याबाई की मूर्ति तोडकर पौराणिक मन्दिरो को ध्वस्त कर सनातन धर्म के साथ कुठाराघात किया है। आध्यात्मिक चेतना ग्यान तप के प्रतीक स्वामी अविमुक्तेश्वरा नन्द सरस्वती के साथ हुए दुर्व्यवहार पर गहरी चिंता व्यक्त की। कहा यह हमारी सास्कृतिक मर्यादाओं के अनुरूप है। करोडों लोगों की आस्था का अपमान है। सनातन धर्म की घोर विरोधी भाजपा सरकार को बर्खास्त किया जाये।



जिला संगठन प्रभारी मो. नसीम खान ने संगठन सर्जन अभियान के तहत संगठन को शहर से लेकर गांवो तक बूथ स्तर पर मजबूत क्रियाशील ऊर्जावान गतिशील बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर मदन सिंह रामरंग पंवार बिजेन्द्र शर्मा औमबीर दुहण इसरार प्रधान मोसीन समीम गौरव प्रवीण रूहेला जय भगवान मीडिया प्रभारी औकार दत्त शर्मा जोनमाना आदी उपस्थित रहे।

## डीके शर्मा ने दिल्ली बार काउंसिल चुनाव के लिए किया नामांकन दाखिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले के भड़ल गांव निवासी एवं तीस हजारी कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा (डीके शर्मा) ने अपने समर्थकों के साथ दिल्ली बार काउंसिल चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। बृहस्पतिवार को उन्होंने फरवरी में होने वाले दिल्ली बार काउंसिल चुनाव के लिए दिल्ली में औपचारिक रूप से अपना पर्चा भरा।



नामांकन के बाद डीके शर्मा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता वकीलों के हितों की मजबूती से लड़ाई लड़ना और बार व बेंच के बीच समन्वय को और बेहतर बनाना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि उन्हें मौका मिला तो वे वकीलों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे। गौरतलब है कि डीके शर्मा बागपत जिले के भड़ल गांव के एक सामान्य किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता किसान थे और वे चार भाइयों में सबसे बड़े हैं। डीके शर्मा का जीवन अनुशासन और उपलब्धियों से भरा रहा है। वे भारतीय नौसेना में सार्जेंट पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उन्हें राजस्थान के प्रतिष्ठित 'भामाशाह' सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा उन्होंने वर्ष 2024 में पीएचडी की उपाधि भी प्राप्त की है। उन्होंने जानकारी दी कि दिल्ली बार काउंसिल का चुनाव 5.5 वर्ष में एक बार होता है। इस चुनाव में कुल 25 उम्मीदवारों को विजयी घोषित किया जाएगा। इस बार लगभग 200 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। यह चुनाव पूरी दिल्ली के वकीलों से जुड़ा होता है, जिसमें लगभग 1. 05 लाख वकील अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नाम वापसी की अंतिम तिथि 27 जनवरी है। मतदान दिल्ली हाईकोर्ट में 20, 21 और 22 फरवरी को होगा। इसके बाद 25 फरवरी से मतगणना शुरू होगी, जो 10 से 12 दिन तक चलेगी, और उसके बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। डीके शर्मा ने बताया कि दिल्ली बार काउंसिल का चुनाव काफी बड़ा होता है। वर्तमान में करीब 1.80 लाख वकील पंजीकृत हैं, जिनमें से स्क्रूटनी के बाद लगभग 1.05 लाख वकीलों को वैध मतदाता घोषित किया गया है, जबकि शेष को डमी वकील माना गया है। उनके नामांकन से बागपत सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वकीलों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

**सूचना**

मेरे ड्राईविंग लाईसंस सं-UP17-20070001550 में मेरा नाम Jayendra Kumar दर्ज है। आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम Jagendra है। जगेन्द्र पुत्र सुखबीर सिंह ग्राम शाहपुर बडौली (बागपत)।

**सूचना**

मेरे हाई स्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0647383 के अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गए है।
पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र पवन कुमार निवासी कस्बा दोघट तहसील बड़ौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र समीर से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
जमीला पत्नी मरहूम फिरोज निवासी गुराना रोड़ उर्दू कॉलोनी बड़ौत तहसील व थाना बड़ौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र संजय कुमार व उसकी पत्नी सीमा नेगी से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगें।
सुरेन्द्रपाल पुत्र स्व. श्री जयचन्द निवासी ग्राम फजलपुर सुन्दर नगर थाना बिनौली जनपद बागपत।

# डिप्टी सीएम के बयान पर कांग्रेस का विरोध

## नेता प्रतिपक्ष पर की गई कथित व्यक्तिगत टिप्पणी पर जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर की गई कथित व्यक्तिगत टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। बुधवार को हापुड़ पहुंचे उपमुख्यमंत्री के बयान के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने इसे विवादित और अशोभनीय करार देते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी।

राकेश त्यागी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को मर्यादित भाषा का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की कि वे अपने नेताओं की बयानबाजी पर नियंत्रण रखें। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भाजपा नेता अपनी भाषा और बयान से बाज नहीं आए तो कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेंगे। प्रेस वार्ता में मौजूद पूर्व विधायक गजराज सिंह ने भाजपा पर परिवारवाद को लेकर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाती है, जबकि खुद पार्टी में सबसे ज्यादा परिवारवाद व्याप्त है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा में करीब 60 प्रतिशत पद और प्रतिनिधित्व परिवारवाद से जुड़े लोगों के हाथों में है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने योगी सरकार को सनातन विरोधी करार देते हुए कहा कि सरकार खुद को सनातन संस्कृति की पक्षधर बताती है, लेकिन प्रयागराज माघ मेले में एक शंकराचार्य को स्नान से रोके जाने की घटना और उनके शिष्यों के साथ कथित अभद्र व्यवहार इस दावे पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध करने पर ब्राह्मण शिष्यों के साथ पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार किया गया, जो बेहद निंदनीय है। राकेश त्यागी ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से सार्वजनिक रूप से बयान वापस लेने और माफी मांगने की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि माफी नहीं मांगी गई तो कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा के जिला मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन करेंगे। प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के चेयरमैन अरविंद शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन, कपिल शर्मा, गौरव गर्ग, विक्की शर्मा, भरतलाल शर्मा, गोपाल भारती सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पुलिस की त्वरित कार्रवाई, महिला की मौत के मामले में दंपती गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शादी का रिश्ता तय कराने के बाद हुए विवाद ने एक महिला की जान ले ली। बुधवार रात आंबेडकर तिराहे पर उस समय अफरातफरी मच गई, जब परिजन एंबुलेंस में महिला का शव रखकर हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही जनपद के तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर स्थिति को शांत कराया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मृत महिला ने मोहल्ला तगासराय निवासी दो सैनी परिवारों के बीच शादी का रिश्ता तय कराया था। शुरुआत में रिश्ता ठीक चला, लेकिन कुछ समय बाद दोनों पक्षों में अनबन के चलते रिश्ता टूट गया। इसके बाद महिला पर आरोप लगाया गया कि उसने पहले पूरी सच्चाई नहीं बताई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ी और मारपीट हो गई, जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से मेरठ रेफर किया गया। मेरठ में हालत बिगड़ने पर उसे दिल्ली के लिए रेुर किया गया, लेकिन रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव को लेकर आंबेडकर तिराहे पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामले में थाना हापुड़ देहात पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि मौहल्ला तगासराय में लड़की के विवाह को लेकर हुए विवाद और महिला की उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में एक महिला समेत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में सतीश पुत्र बलवीर सैनी और उसकी पत्नी निर्मला निवासी मोहल्ला तगासराय थाना हापुड़ देहात शामिल हैं। दोनों को ताराचंद स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।



# सरस्वती मेडिकल कॉलेज का वार्षिकोत्सव रहा यादगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, हापुड़ में आयोजित वार्षिक दिवस समारोह 2026 भव्यता, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रबंधन का शानदार उदाहरण बना। अत्याधुनिक मंच सज्जा, आकर्षक लाइटिंग और साउंड सिस्टम के बीच संस्थान प्रबंधन, चिकित्सक, शिक्षक, विद्यार्थी व अभिभावकों की मौजूदगी से परिसर उत्सवमय नजर आया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय (आईएएस) और अध्यक्षता कर रहीं उपाध्यक्ष रम्या रामचंद्रन द्वारा सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। रम्या रामचंद्रन ने अध्यक्ष एवं संस्थापक डा. जे. रामचंद्रन का संदेश साझा करते हुए संस्थान को सेवा, संस्कार और समर्पण का केंद्र बताया तथा विद्यार्थियों को अनुशासन व नैतिकता के साथ उत्कृष्ट चिकित्सक बनने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने संस्थान की चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में उपलब्धियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से समाज के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनने का आहवान किया। विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, फैशन वॉक, लोक व देशभक्ति प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही कार्डियक कैथ लैब, हीमोडायलिसिस सेवाओं और यूरोलॉजिकल सर्जरी में संस्थान की उपलब्धियों की भी जानकारी दी गई। समारोह में शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। चिकित्सा अधीक्षक मेजर जनरल डा. चरणजीत सिंह अहलूवालिया के धन्यवाद ज्ञापन के बाद राष्ट्रगान, हाई-टी और डीजे कार्यक्रम के साथ समारोह का भव्य समापन हुआ।

# ब्रह्मा देवी स्कूल के 400 छात्राओं ने दिखाया अनुशासन का दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पिलखुवा नगर में ब्रह्मा देवी स्कूल, हापुड़ की ओर से आयोजित भव्य परेड ने पूरे शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। करीब 400 छात्राओं ने अनुशासित कदमताल के साथ परेड में हिस्सा लेकर अद्भुत समां बांध दिया। परेड का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने किया। यह परेड पिलखुवा रेलवे रोड फाटक से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई रामलीला मैदान पर जाकर संपन्न हुई। परेड के समापन पर नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी अमित, मिलन, मनीष, राहुल अग्रवाल, अंकित गोयल और मनोज मित्तल की ओर से छात्राओं के लिए जलपान सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। इस दौरान स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा, वहीं बड़ी संख्या में नगरवासियों ने सड़क किनारे खड़े होकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। राष्ट्रगान और देशभक्ति नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह और धौलाना एसडीएम मनोज कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। छात्राओं ने उन्हें सलामी देकर सम्मान प्रकट किया। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि इसका उद्देश्य छात्राओं को प्रेरणा देना है ताकि वे महिला पुलिस अधिकारी जैसी भूमिका से प्रेरित होकर भविष्य में देश सेवा का संकल्प लें। पिलखुवा में करीब सात वर्ष पूर्व ब्रह्मा देवी स्कूल द्वारा इस तरह की परेड का आयोजन किया गया था। लंबे अंतराल के बाद दूसरी बार इतने भव्य स्तर पर यह आयोजन हुआ। स्कूल प्रशासन ने पहले ही प्रशासन से रूट की अनुमति प्राप्त कर ली थी और सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में अनुशासन, देशभक्ति, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं।



# डीएम के सख्त तेवर से हिला सिस्टम, जल निकासी और सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वर्ग आश्रम रोड स्थित ग्रीन वैली कॉलोनी में व्याप्त जनसमस्याओं को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक सक्रियता का संदेश दिया। कॉलोनी पहुंचते ही डीएम ने स्वयं हालात का जायजा लिया और स्थानीय निवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। लोगों ने जलभराव, नाली निर्माण में देरी और जल निकासी व्यवस्था की बदहाली को लेकर शिकायतें दर्ज कराईं। निवासियों ने बताया कि बारिश के दौरान कॉलोनी में पानी भर जाता है, जिससे लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। जगह-जगह गंदा पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। साथ ही नालियों का अधूरा निर्माण और नियमित सफाई न होने से हालात और भी खराब हो रहे हैं।

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डीएम अभिषेक पांडेय ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा को मौके पर तलब किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जल निकासी व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए और नाली निर्माण व सफाई कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए। डीएम ने अधिकारियों को चेताया कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्यों में देरी होने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई तय है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित विभागों को क्षेत्र का तकनीकी सर्वे कर स्थायी समाधान तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कॉलोनीवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी तरह की कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। डीएम की सक्रियता और सख्त रुख से कॉलोनीवासियों में नई उम्मीद जगी। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी का आभार जताते हुए कहा कि पहली बार किसी अधिकारी ने मौके पर आकर गंभीरता से समस्या सुनी और तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। निरीक्षण के बाद प्रशासनिक अमला भी हरकत में नजर आया और जल्द समाधान का भरोसा दिलाया गया।

# तेज रफ्तार कार व बाइक की भिड़ंत में युवक घायल, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र के एनटीपीसी रोड स्थित गांव दौलतपुर ढिकरी रजवाहे के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार कार और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान चेतन पुत्र प्रेमपाल और उसके दोस्त शिवम पाल पुत्र विजेंद्र पाल निवासी करणपुर जाट के रूप में हुई है। दोनों युवक ड्यूटी के लिए नोएडा जा रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे की सूचना मिलते ही यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची। ग्राम प्रधान निधौली है भारत प्रधान की मदद से दोनों घायलों को धौलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चेतन की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर मेरठ के लिए रेफर कर दिया, जबकि शिवम पाल का उपचार जारी है। उधर, घटना की सूचना पर थाना धौलाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस को घटनास्थल से कार की नंबर प्लेट मिली है, जिसके आधार पर फरार कार चालक की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि ग्राम दौलतपुर ढिकरी रजवाहे के पास कार और बाइक की टक्कर की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पुलिस बल भेजा गया है और मिली नंबर प्लेट के आधार पर कार चालक की तलाश की जा रही है।



## एक नजर

### हेलमेट से लेकर हिट एंड रन योजना तक, एसएसवी कॉलेज में मिला सड़क सुरक्षा का पूरा ज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शासन के निर्देश पर जनपद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को एसएसवी कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित सड़क संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। विशेषज्ञों ने हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग से बचाव, सुरक्षित ड्राइविंग आदतों और यातायात संकेतों के पालन पर विस्तार से जानकारी साझा की। साथ ही राहवीर योजना, कैशलेस उपचार योजना और हिट एंड रन (सोलेशियम) योजना के बारे में भी विस्तार से बताया गया। परिवहन विभाग से जुड़ी आनलाइन प्रक्रियाओं को भी सरल भाषा में समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित निबंध, क्विज और अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी एनसीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे, यात्रीकर अधिकारी आशुतोष उपाध्याय, यातायात निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में एसएसवी कॉलेज के एनसीसी कमांडेंट कपिल बिसला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कैडेट्स ने सहभागिता की।

### 2 हफ्ते बाद भी नहीं हो सकी अज्ञात महिला के शव की पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव लहडरा में गन्ने के खेत से मिले अज्ञात महिला के जले और अर्धनग्न शव के मामले में पुलिस की जांच अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। घटना को पांच दिन बीत चुके हैं, लेकिन न तो महिला की शिनाख्त हो पाई है और न ही पुलिस किसी ठोस सुराग तक पहुंच सकी है। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

7 जनवरी को गांव लहडरा में ईंट भट्टे के पीछे गन्ने के खेत में महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। शव अर्धनग्न अवस्था में था और महिला का आधा चेहरा जला हुआ था, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि पहचान मिटाने के उद्देश्य से शव को जलाया गया। प्रारंभिक स्थिति को देखते हुए मामला हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने का प्रतीत होता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया था और आसपास के थानों में महिला की पहचान के लिए सूचना भेजी गई थी। लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटनास्थल संवेदनशील होने के बावजूद जांच की गति बेहद धीमी है। पुलिस का दावा है कि विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है और महिला की पहचान के प्रयास जारी हैं, लेकिन पांच दिन बाद भी नतीजा शून्य होना कई सवाल खड़े करता है। क्षेत्रीय लोगों में घटना को लेकर भय और आक्रोश का माहौल है।

**क्या कहते हैं, अधिकारी**

सीओ स्तुति सिंह का कहना है हर बिंदु को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है, जल्द ही शिनाख्त कर मामले का खुलासा कराया जाएगा।

### वांछित चल रही आरोपी महिला के घर की होगी कुर्की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव जखैड़ा रहमतपुर से विवाहित को बहला फुसला कर ले जाने वाली महिला को पुलिस अभी तक नहीं पकड़ पाई है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी महिला के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया क्षेत्र सिंभावली क्षेत्र के गांव हरोड़ा निवासी जरीफ ने 21 सितंबर को थाने में एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसमें उल्लेख किया था कि उसकी बहन हामिदा की शादी बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव जखैड़ा निवासी इलियास के साथ हुई थी।

उसने बताया कि उसकी बहन को 17 सितंबर को गांव निवासी जरीना एक अन्य युवक के साथ मिलकर पेंशन बनवाने के लिए घर से ले गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपी महिला जरीना को तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। आरोपी महिला के गिरफ्तार न होने पर उसकी सपंत्ति की कुर्की कराने के लिए न्यायालय से अनुमति मांगी। पुलिस ने अब उसके घर कुर्की करने के लिए नोटिस चस्पा कर दिया है। शीघ्र ही न्यायालय से अगले आदेश मिलने के बाद उसकी संपत्ति कुर्क की जाएगी।

# फल प्रसंस्करण से आत्मनिर्भरता की राह, दो दिवसीय प्रशिक्षण में महिलाओं को मिला स्वरोजगार का मंत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वयंसेवी संस्था संदेश की ओर से दो दिवसीय फल प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को खाद्य उत्पाद तैयार करने के साथ-साथ उन्हें बाजार में बेहतर मूल्य पर बेचने की व्यवहारिक जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं में स्वरोजगार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

कनेक्टिंग ड्रीम्स संस्था की कार्यक्रम प्रबंधक निमानता सिन्हा और दिव्यांशी ने महिलाओं को मार्केटिंग रणनीतियों और आकर्षक पैकेजिंग के महत्व के बारे में बताया। इंदिरापुरम इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज की प्रोफेसर डा. सोनल कपूर ने महिलाओं को कुकीज, नमकीन, विभिन्न प्रकार के केक और घरेलू कार्यक्रमों में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों को तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कहा कि सही उत्पाद, आकर्षक पैकेजिंग और बाजार की समझ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की मजबूत नींव है। परियोजना समन्वयक संजीव भारद्वाज ने कहा कि संदेश संस्था महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं और प्रशिक्षण को लेकर उत्साह दिखाई दिया।

# कड़ाके की ठंड में यात्री सड़क पर करते हैं बस का इंतजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कड़ाके की ठंड के बीच गढ़ रोडवेज डिपो से शाम साढ़े छह बजे के बाद बसों का संचालन न होने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोजमर्रा के यात्री, छात्र, नौकरीपेशा लोग, महिलाएं और बुजुर्ग घंटों तक ठिठुरते हुए बस स्टैंड पर बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं। ठंड बढने के साथ ही यह समस्या और भी गंभीर होती जा रही है।

स्थानीय यात्रियों का कहना है कि देर शाम को डिपो से मेरठ की ओर कोई नियमित बस नहीं चलाई जाती। ऐसे में यात्रियों को मुरादाबाद की ओर से आने वाली बसों का सहारा लेना पड़ता है, जो अनियमित समय पर पहुंचती हैं। कई बार बसें फुल होने के कारण यात्री चढ़ भी नहीं पाते और मजबूरन देर रात तक इंतजार करना पड़ता है।



रात के समय बसें न मिलने से महिला और बुजुर्ग यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।

ठंड के कारण खुले बस स्टैंड पर खड़े रहना स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। यात्रियों का कहना है कि कई बार मजबूरी में निजी साधनों या महंगे वाहनों का सहारा लेना पड़ता है।

**प्रशासनिक उदासीनता से बढ़ रहा आक्रोश**

यात्रियों ने रोडवेज प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। स्थानीय लोगों की मांग है कि शाम को कम से कम एक बस रात सात बजे गढ़ डिपो से मेरठ की ओर जरूर चलाई जाए, ताकि बस स्टैंड पर जमा यात्रियों को राहत मिल सके।

**क्या कहते है, अधिकारी**

साढ़े छह बजे के बाद गढ़ डिपो से अंतिम बस का संचालन होता है। उसके बाद जो यात्री होते हैं, वो मुरादाबाद की तरफ से आने वाली बस में सवार होकर चले जाते हैं। हेमंत मिश्रा, एआरएम।

# सहायक लेखाकार व ब्लाक क्वालिटी कॉर्डिनेटर पद के लिए 17 अभ्यर्थी पहुंचे

**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में गुरुवार को राजीव भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में बेसिक शिक्षा विभाग में रिक्त सहायक लेखाकार एवं ब्लाक क्वालिटी कोआर्डिनेटर पद पर चयन हेतु साक्षात्कार आयोजित किया गया। दोनों पदों पर 23 अभ्यर्थियों में से 17 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। चयन समिति ने सभी अभ्यर्थियों को एककृएक करके बुलाकर साक्षात्कार लिया। अभिलेख सत्यापन उपरांत सहायक लेखाकार पद पर पात्र पाये गये 19 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 15 अभ्यर्थी एवं ब्लाक क्वालिटी कोआर्डिनेटर के पद पर अभिलेख सत्यापन मे पात्र पाये गये 4 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2 अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुये। साक्षात्कार समिति में शामिल जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अजय गुप्ता, वित्तीय परामर्शदाता जिला पंचायत राहुल यादव, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शैलेन्द्र सिंह एवं जिला समन्वयक एमआईएस आशीष भदौरिया सदस्य ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर फिर बस में लगी आग

### सवारियों ने कूदकर बचाई जान, नहीं हुई जन हानि

### माइल स्टोन-110 के पास हुआ हादसा

eFk jkA में यमुना एक्सप्रेस वे पर एक बार फिर स्लीपर क्लास बस में आग लग गई। बस में आग लगते ही उसमें सवार लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

यमुना एक्सप्रेस वे पर यह हादसा माइल स्टोन 110 के पास हुआ। थाना राया क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन 110 और 111 के बीच गुरुवार की सुबह करीब 4 बजे एक स्लीपर क्लास बस में आग लग गई।

# भाषण में कृष्णा अग्रवाल प्रथम व रील प्रतियोगिता में रितु प्रथम स्थान

**मथुरा।** श्री किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय मथुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में रोड सेफ्टी क्लब के अंतर्गत महाविद्यालय के संस्कृति सभागार में सड़क सुरक्षा विषय पर भाषण, नुक्कड़ नाटक एवं रील प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

भाषण प्रतियोगिता में कृष्णा अग्रवाल प्रथम, मेघा शर्मा द्वितीय एवं अभय चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रील प्रतियोगिता में रितु प्रथम स्थान पर रही तथा नुक्कड़ नाटक में प्रथम टीम तान्या, हर्षिता सैनी, कंचन, विशाखा एवं रितु विजेता रही। निर्णायक मंडल के रूप में डॉ रामदत्त मिश्रा, डॉ अजय उपाध्याय, डॉ विजय नारायण रहे। महाविद्यालय के ग्राउंड में यातायात जागरूकता विषय पर एक शपथ ग्रहण कार्यक्रम करते हुए सड़क सुरक्षा के गगन भेदी नारों के साथ एक जन जागृति रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो डॉ प्रवीण कुमार अग्रवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संकल्प दोहराते हुए घर, परिवार, समाज में जन जागृत करने का संकल्प दिलाया तथा कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक एवं डॉ नवीन अग्रवाल तथा एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ कपिल कौशिक ने किया कार्यक्रम में प्रो राजेश गौतम, प्रो उमेश शर्मा, प्रो राजेश अग्रवाल, डॉ राजेश सारस्वत, हीरालाल शर्मा, संजय सिंह, नितिन कुमार, प्रवेश कुमार शर्मा, आशुतोष शर्मा, संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बहन की शादी से पहले उठी भाई की अर्थी

## हरिद्वार से घर लौटते वक्त बुझ गया चिराग, बहन शादी में शामिल होने घर लौट रहा था भाई, हादसे में मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बहन की शादी में शामिल होने के लिए हरिद्वार से घर आ रहे 27 वर्षीय लोकेंद की बुधवार दोपहर नजीबाबाद रोड पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। उत्तराखंड डिपो की तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसकी बाइक को रौंद दिया। अचानक हादसे में जवान बेटे की मौत की खबर ने शादी की तैयारियों में जुटे परिजनों में कोहराम मचा दिया। पोस्टमार्टम होकर गुरुवार शाम घर पहुंचे शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।



मृतक लोकेंद्र थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर कैंच निवासी किसान जगपाल सिंह का बेटा था। उनके परिवार में पत्नी क्रांति देवी के अलावा दो बेटे कमल व लोकेंद्र और एक बेटी लवली है। भाई-बहन में मंझला लोकेंद्र हरिद्वार में रह कर वहां शटरिंग का काम करता था। तीन साल पूर्व उसकी शादी गांव जुजैला निवासी आकांक्षा के साथ हुई थी। परिवार में एक डेढ़ साल का बेटा दक्ष है। बीती 19 दिसंबर को छुट्टी गुजारने के बाद वह हरिद्वार लौटा था। अब 4 फरवरी को बहन लवली की शादी होनी है। लिहाजा, शादी से जुडी तैयारियों को पूरा कराने के लिए लो. केंद्र बुधवार दोपहर हरिद्वार से घर लौट रहा था। परिजनों के मुताबिक हरिद्वार-नजीबाबाद रोड पर श्यामपुर थाना क्षेत्र में गांव कांगड़ी के पास उत्तराखंड डिपो की तेज रफ्तार बस ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल हुए लो. केंद्र को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जेब से मिले आधार कार्ड से पहचान कर पुलिस ने जब हादसे में मौत होने की सूचना दी तो परिजनों में कोहराम मच गया। शादी की तैयारियों को लेकर छाई खुशियां मातम में तब्दील हो गईं। रोते बिलखते परिजन तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार शाम में घर पहुंचे शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। लो. केंद्र की मौत से मां क्रांति देवी, पत्नी आकांक्षा व बहन लवली का रोते-बिलखते बुरा हाल है।



# क्लेम के दो लाख अपने खाते में ट्रांसफर कराए

## पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** झांसे में लेकर मुरादाबाद और डिडौली के लोगों ने किसान की पत्नी की मौत के बाद मिलने वाले क्लेम के दो लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के मीरा सराय में नईम का परिवार रहता है। उनके द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के मुताबिक उनकी पत्नी सहाना की मौत 22 अगस्त 2025 को हो गई थी। उनका बैंक में खाता खुला हुआ था और दो लाख रुपये का बीमा था। जिसमें खुद नईम नॉमिनी हैं। आरोप है कि इस बीच मुरादाबाद के हरथला के रहने वाला कुंवरपाल सिंह डिडौली के रहने वाले बंटी और जग्गा नंगला गांव के रहने वाले जितेंद्र भगत जी अमरोहा के मुख्य डाकघर में मिले और बोले कि हम तुम्हारे रुपये निकलवा देंगे। इस बीच बंटी ने कई बार फोन किया और अमरोहा डाकघर में बुलाकर अंगूठा लगवा लिए। बाद में आरो. पियों ने अपना मोबाइल नंबर लगवाकर क्लेम की धनराशि अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। पीड़ित नईम को क्लेम का कोई पैसा नहीं मिला। इस मामले की शिकायत पीड़ित ने एसपी अमित कुमार आनंद से की। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में कुंवरपाल सिंह, बंटी और जितेंद्र भगत जी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरायी

## दुर्घटना में दम्पति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** बुधवार देर रात डिडौली कोतवाली क्षेत्र में टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार पति-पत्नी घायल हो गए। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना संभल चौराहे के पास ओवरब्रिज पर हुई। क्षेत्र के गांव वास. ीपुर निवासी उदित चौधरी अपनी पत्नी आकांक्षा चौधरी के साथ मुरादाबाद से घर लौट रहे थे। अचानक टायर फटने के कारण उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। धमाके की आवाज सुनकर मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पति-पत्नी को कार से बाहर निकाला। प्राथमिक सहायता के बाद दोनों को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार उदित चौधरी और आकांक्षा चौधरी दोनों की हालत फिलहाल स्थिर है। वहीं, हादसे के कारण संभल चौराहे के पास कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवा कर यातायात को सुचारू करवाया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि टायर फटने के कारण कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी।हादसे में पति-पत्नी घायल हुए हैं जबकि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

# हादसे में घायल पिता ने भी अस्पताल में तोड़ा दम

## टीएमयू में चल रहा था इलाज, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में घायल पिता की भी मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। दिल्ली से मुरादाबाद जा रही तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसमें पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि पिता को गंभीर हालत में मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां मंगलवार को उन्होंने भी दम तोड़ दिया।



डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नीलीखेड़ी निवासी तसामुल हसन वर्तमान में जोया के मोहल्ला पधानो वाला में अपने भाई, पूर्व प्रधान मसूदुल हसन के घर के पास मकान बनाकर रहते थे। उनके परिवार में पत्नी शमा परवीन, चार बेटियां और 15 वर्षीय इकलौता बेटा एहतेशाम था, जो स्थानीय स्कूल में पढ़ता था। सोमवार सुबह तसामुल हसन अपने बेटे एहतेशाम के साथ बाइक से गांव नीलीखेड़ी जा रहे थे। डिडौली कस्बे में कैनरा बैंक के सामने पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिता-पुत्र हवा में करीब दस फीट उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे में एहतेशाम की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि तसामुल हसन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं अनियंत्रित कार डिवाइडर किनारे बिजली के पोल से टकराने के बाद पलटते हुए हाईवे की दूसरी लेन में जा गिरी। कार में सवार चार लोग हादसे के बाद मौके से फरार हो गए थे। घायल तसामुल हसन को पहले जोया सीएचसी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल रेफर किया गया था। मंगलवार को इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। पिता-पुत्र की मौत से परिजनों में को. हराम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। हादसे के बाद हाईवे पर करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही थी, जिसे पुलिस ने क्रेन की मदद से कार हटवाकर सुचारू कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि पिता-पुत्र दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। फरार कार सवारों की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**जोया।** जिस पिता ने अपने बेटे का खून सड़क पर बिखरा देखा, वह खुद जिंदगी की जंग अस्पताल के बिस्तर पर हार गया। जिस घर से एक ही बाइक पर निकलते वक्त हंसी की आवाजें थीं, वहां अब दो जनाजे उठने की तैयारी है। पहले 15 साल का एहतेशाम मौत की नींद सो गया और अब मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल में इलाज के दौरान पिता तसामुल हसन की भी सांसें थम गईं। एक तेज रफ्तार कार की एक टक्कर ने न सिर्फ दो जिंदगियां छीनीं, बल्कि एक मां से उसका सबकुछ और बहनों से उनके सिर का साया भी छीन लिया।

# दो शराब तस्करों को सात सात साल की कैद

## एक आरोपी साक्ष्य आभाव में बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अदालत ने दो शराब तस्करों को सात-सात साल की कैद की सजा सुनाई है। जबकि साक्ष्य आभाव में एक आरोपी को बरी कर दिया।

साल 2014 का मामला नौगावां सादात थाने से जुड़ा था। पुलिस ने शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला किशनगढ़ के रहने वाले देवराज, नन्हे और नौगावां सादात क्षेत्र के गांव कूड़ा माफी के रहने वाले सुरेंद्र और अर्जुन को भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया था। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों का चालान कर दिया था। बाद में चारों को जमानत पर जेल से रिहाई मिल गई थी। मुकदमे की सुनवाई कोर्ट में विचाराधीन थी। इस बीच आरोपी नन्हे की मौत हो गई। मुकदमे की अंतिम सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर सुरेंद्र और अर्जुन को दोषी करार दिया। दोनों को सात-सात साल जेल की सजा सुनाई तथा तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं, आरा. ेपी देवराज को साक्ष्यों के आभाव में बरी कर दिया।

# परचून की दुकान से हजारों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने एक होटल और एक परचून की दुकान को निशाना बनाते हुए नकदी और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना से स्थानीय व्यापारियों में पुलिस की गश्त को लेकर भारी रोष व्याप्त है। पहली घटना तीसरा मिल स्थित निशांत होटल की है। पीड़ित वेद प्रकाश पुत्र लेखराज निवासी फत्तेहपुर खादर ने बताया कि चोरों ने होटल की छत की सीलियां हटाकर अंदर प्रवेश किया। चोर होटल में रखा इनवर्टर-बैट्रा और गल्ले में रखी 23 हजार रुपए की नकदी समेट ले गए। सुबह जब पीड़ित ने होटल खोला, तो अस्त-व्यस्त सामान देख उनके होश उड़ गए। वही,चोरी की दूसरी वारदात भी तीसरा मिल के पास ही हुई। गांव डांके वाली निवासी दयाराम पुत्र चंद्रसेन यहाँ परचून का खोखा चलाते हैं। देर रात चोरों ने खोखे के ताले काटकर गल्ले में रखी 16 हजार रुपए की नकदी और करीब 20 हजार रुपए का सामान चोरी कर लिया। सुबह दुकान पहुँचने पर पीड़ित को घटना की जानकारी हुई। दोनों पीड़ितों ने हसनपुर कोतवाली पहुँचकर पुलिस को तहरीर दे दी है। एक ही रात में हुई दो बड़ी चोरियों ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिये हैं। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि चोरी की दोनों घटनाओं की तहरीर प्राप्त हुई है। अज्ञात चोरों की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा।

# रहरा में दुकान पर विवाद बना खूनी संघर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** थाना क्षेत्र के गांव फुलपुर में रुपये के लेन-देन को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि मारपीट के दौरान एक युवक की उंगली कट गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राहुल कुमार पुत्र खेमचंद के अनुसार 21 जनवरी की शाम गांव निवासी लाला राम उसके पिता से दुकान के बाहर गाली-गलौच कर रहा था। विरोध करने पर मारपीट शुरू हो गई। शोर सुनकर पहुंचे राहुल को आरोपी लाला राम, राधे व धर्मवती ने घर में घुसकर पीटा। इसी दौरान लोहे की धारदार वस्तु से हमला किए जाने पर राहुल की दाहिने हाथ की उंगली का हिस्सा कट गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष अतवीर सिंह चौहान ने बताया कि जांच जारी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### धनौरा में निजी अस्पतालों की लापरवाही उजागर

# सील ओटी में ऑपरेशन बना मौत की वजह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** नगर में निजी अस्पतालों की मनमानी पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई बेअसर होती नजर आ रही है। ऑपरेशन थिएटर सील होने के बावजूद वहां सर्जरी किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गुरुवार को सील ओटी में किए गए ऑपरेशन के दौरान 26 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जिससे इलाके में आक्रोश फैल गया। मामला गांव डींगरा निवासी मोनू सैनी की पत्नी काजल सैनी (26) से जुड़ा है। परिजन उसे नगर के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन के लिए लेकर पहुंचे थे। ऑपरेशन के दौरान महिला की हालत अचानक बिगड़ गई। स्थिति संभलती न देख अस्पताल प्रबंधन ने उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया।



### सील ओटी में धड़ल्ले से सर्जरी

**मंडी धनौरा।** चौंकाने वाली बात यह है कि जिस अस्पताल में ऑपरेशन किया गया, उसकी ऑपरेशन थिएटर को स्वास्थ्य विभाग पहले ही सील कर चुका था। इसके बावजूद नियमों को ताक पर रखकर वहां सर्जरी की जा रही थी। मृतका के परिजनों का आरोप है कि बिना पूरी जानकारी और सहमति के जोखिम भरा ऑपरेशन किया गया। हालत बिगड़ते ही जिम्मेदारी से बचने के लिए महिला को रेफर कर दिया गया।

### पहले भी सामने आ चुके हैं मामले

**मंडी धनौरा।** क्षेत्र में यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले नवाबपुरा स्थित माधव नर्सिंग होम में जच्चा की मौत के बाद करीब एक दर्जन अवैध निजी अस्पतालों की ओटी सील की गई थीं। हाल ही में बिजनौर नर्सिंग होम में भी सील ओटी का ताला काटकर ऑपरेशन करने का मामला सामने आया था, जिसे पुलिस की मौजूदगी में दोबारा सील किया गया।

### मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

**मंडी धनौरा।** सीएचसी प्रभारी डॉ. राहुल कुमार ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए अमरोहा भेजा गया है। उन्होंने पुष्टि की कि संबंधित अस्पताल की ओटी पहले से सील थी। उनकी तहरीर पर अस्पताल संचालक मनोज कुमार और मंजू के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी बालेंद्र कुमार ने भी मुकदमे की पुष्टि की है। लगातार हो रही घटनाओं से स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब तक दोषी अस्पताल संचालकों पर सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक मरीजों की जान से खिलवाड़ यूं ही जारी रहेगा।

# पूर्व सभासद के भाई की बाइक चालान काटने पर रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** बाइक से बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रहे पूर्व सभासद के भाई की बाइक का चालान काटने से रोष है। पूर्व सभासद व भाजपा नेता ने इस घटना की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने की बात कही। बता दें कि नगर के मुहल्ला सुल्ताननगर निवासी पूर्व वार्ड सभासद मुकेश कुमार के भाई राकेश कुमार गुरूवार की सुबह बाइक से अपने बच्चे को कैम्पस पब्लिकस्कूल छोड़ने जा रहे थे। आरोप है कि उनकी बाइक का चालान काटा गया। इसकी जानकारी मिलने पर पूर्व सभासद मुकेश कुमार व भाजपा नेता अंकुर नागर ने इस कार्रवाई को गलत बताते हुए उच्चाधिकारियों से मामले की शिकायत करने की बात कही। आरोप लगाया कि चौपला पर यातायात पुलिस जाम खोलने की बजाए चालान पर ध्यान देती है। उन्होंने एआरटीओ से फोन पर भी बात करके नाराजगी प्रकट की। वहीं भाजपा नेता अंकुर नागर ने आरोप लगाया कि चौपला पर व्यापारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं व मजदूर वर्ग के चालान काटे जा रहे है, जिससे आम जनता को लोग रोजमर्रा की वस्तुएं लाने में भी परेशानी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से और सांसद चौ.कंवर सिंह तंवर व क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा से करेंगे।

# युवती ने फांसी पर झूलकर दी जान, बिना कार्रवाई के अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी, हालांकि परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं पुलिस ने भी घटना की जानकारी होने से इंकार किया है। जानकारी के अनुसार मामला थाना क्षेत्र से जुड़े एक गांव का बताया जा रहा है। गुरूवार को एक युवती कमरे में फांसी के फंदे पर झूलती मिली। परिजनों ने उसे नीचे उतारा मगर वह तब तक मृत हो चुकी थी। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई, हालांकि परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं पुलिस ने भी इस प्रकार की किसी भी घटना की जानकारी होने से इंकार किया है।

# भाषण में हारिस व मॉडल में योगेश रहे प्रथम

## गणित दिवस पर जेएस कालेज में प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिला विज्ञान क्लब की ओर आयोजित गणित दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण में मोहम्मद हारिस व माडॅल प्रतियोगिता में योगेश ने प्रथम स्थान हासिल किया।

जेएस हिन्दू इंटर कालेज में में आयोजित प्रतियोगिता के भाषण में एकेके इंटर कालेज का हारिस प्रथम, कुमारी उरूज द्वितीय व कुमारी गुनगुन को तीसरा स्थान मिला। मार्डल प्रतियोगिता में योगेश कुमार प्रथम, अमन दूसरे व कुमारी साक्षी ने तीसरा स्थान हासिल किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. मोनिका ने कहा कि गणित और विज्ञान ऐसे विषय हैं जिन्हें छात्र दैनिक जीवन में सदा उपयोग करता है। हमें इन विषयों से वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करना चाहिए, जिससे सामाजिक और बौद्धिक उद्धार होगा। प्रधानाचार्य डॉ जी पी सिंह ने कहा कि हमारे शिक्षकों को चाहिए की छात्राओं में गणित के प्रति जिज्ञासा एवं रुचि उत्पन्न करें, जिससे कि विकसित समाज का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य चारू शर्मा विज्ञान क्लब के सह समन्वयक राकेश कुमार जिला कोषाध्यक्ष हुसैन मोहम्मद ,राज. ेश राजपूत, अरशद नवाज, अरशद फारूकी फखीर गजाली सुधीर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।




# हिन्दू समाज से संगठित होने का आह्वान

## विराट हिन्दू सम्मेलन में जुटे संत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** दा सेलिब्रेशन ग्रैंड बैंकट हॉल में गुरुवार को सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर किया गया। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से आए संतों, विद्वान और समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण करना तथा समाज में समरसता और जागरूकता बढ़ाना रहा।




मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के महंत डॉ. कर्णपुरी महाराज ने कहा कि हिंदू संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से है, जिसकी रक्षा के लिए समाज को संगठित रहना जरूरी है। उन्होंने युवाओं से संस्कार और परंपराओं को अपनाने का आह्वान किया।मुख्य वक्ता कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा की आचार्या डॉ. सुमेधा ने नारी सशक्तिकरण और शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित मातृशक्ति ही मजबूत राष्ट्र की नींव है। वहीं मेरठ प्रांत के सह प्रांत प्रचारक आनंद ने युवाओं से कुरीतियों को छोड़कर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाने की अपील की। सम्मेलन में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और धार्मिक प्रवचनों पर आधारित सत्र हुए। मातेश्वरी कन्या विद्यापीठ की छात्राओं ने गंगा मां की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में गंगा को स्वच्छ रखने और प्रकृति संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर साधु-संतों के साथ अनूप अग्रवाल, रीता त्यागी, हेमंत सारस्वत, अखिलेश भाटी, अंकित शर्मा, सूरज अग्रवाल, सत्येंद्र कुमार, अशोक उर्फ सोनू सैनी, रोहित आर्य, विपिन शर्मा, विवेक सिंह, राजीव, चौधरी क्षेत्रपाल सिंह, जयप्रकाश, हरचरण प्रधान, शुभम जालान, जितेंद्र चौधरी, अनुज त्रिवेदी, राजपाल सिंह प्रधान फाजलपुर, जंगबहादुर सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे।

# खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान का रामपुर जनपद में हुआ शुभारम्भ

**पशुपालकों के द्वार तक पहुंचेगी टीकाकरण सुविधा पशुओं को मिलेगा रोगों से सुरक्षा कवच**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में पशुधन को खुरपका-मुंहपका जैसे संक्रामक एवं घातक रोग से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान का विधिवत शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र द्वारा पशुपालन विभाग की टीकाकरण टीमों एवं वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ।अश्वनी कुमार ने बताया कि जनपद को कुल 318987 खुराक खुरपका-मुंहपका वैक्सीन प्राप्त हो चुकी हैं। इन सभी वैक्सीन खुराकों को जनपद के समस्त ब्लॉक स्तरीय पशु चिकित्सालयों में समय से उपलब्ध करा दिया गया है, जिससे टीकाकरण अभियान को सुचारु एवं प्रभावी रूप से संचालित किया जा सके। उन्होंने बताया कि टीकाकरण अभियान को सफल बनाने हेतु विभाग द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रशिक्षित पशु चिकित्सकों एवं पैरावेट स्टाफ की विशेष टीकाकरण टीमें गठित की गई हैं, जो गांव-गांव एवं पशुपालकों के द्वार पर पहुंचकर पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण करेंगी। इससे पशुपालकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी तथा अधिक से अधिक पशुओं को समय पर टीका लगाया जा सकेगा। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने कहा कि खुरपका-मुंहपका रोग पशुओं में तेजी से फैलने वाला रोग है, जिससे दुग्ध उत्पादन में भारी गिरावट आती है और पशुपालकों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है। इस रोग से बचाव का एकमात्र प्रभावी उपाय समय पर टीकाकरण है। उन्होंने जनपद के समस्त पशुपालकों से अपील की कि वे अपने-अपने पशुओं का टीकाकरण एवं ईयर टैगिंग अनिवार्य रूप से कराएं। टैगिंग के दौरान पशुपालकों के मोबाइल पर प्राप्त होने वाला ओटीपी वैक्सीनेटर को अवश्य साझा करें, जिससे पशुओं का पंजीकरण सही ढंग से किया जा सके और भविष्य में पशु स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं का लाभ मिल सके। पशुपालन विभाग द्वारा यह अभियान जनपद में पशुधन संरक्षण, पशुपाल. कों की आय वृद्धि एवं पशु स्वास्थ्य सेवाओं को सु.ढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# विधायक शफीक अंसारी ने कैम्प कार्यालय पर जनता की सुनी समस्याएं

**विधायक ने प्रधान के आवास पर पहुंचकर उनके पिता की मौत पर दुख प्रकट किया**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार को विधायक शफीक अंसारी के कैम्प कार्यालय पर मिलने आए लोगो का लगा तांता।

बिलासपुर रोड पर अपना दल एस कैम्प कार्यालय पर विधानसभा स्वार टांडा से काफी संख्या में लोग विधायक से कैम्प कार्यालय पर मिलने पहुंचे। लोगों ने विधायक जी को अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराया उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारी को अवगत कराया ओर तुरंत संबंधित अधिकारी को सूचित किया और जनता के काम जल्दी करवाने के लिए कहा। इसके बाद विधायक ग्राम बिजारखाता में ग्राम प्रधान पति नाहिद अंसारी के आवास पर उनके पिता का दुर्घटना में इंतेकाल होने पर वहां पहुंच कर परिवार वालों से मिलकर सब्र करने और मरहूम के लिए दुआएं मगफिरत की। वहा मौजूद लोगों में दीप गोयल प्रतिनिधि मसवासी वसीम अहमद प्रतिनिधि नरपतनगर दीपक नागर सलाहकार, नाहिद खां ठाकुर नूर हसन,फैजान बल्ली, शरीफ ठेकेदार टांडा हामिद अल्वी अकील मेंबर व मीडिया प्रभारी इदरीस खां मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ मुरादाबाद मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह की अनुपस्थिति में प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारी मुरादाबाद संजय कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से जनपद रामपुर में किसानों एवं गरीब जनता से जुड़ी विभिन्न गंभीर समस्याओं को उठाया गया। जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा ने प्रशासनिक अधिकारी को मौखिक रूप से भी समस्याओं से अवगत कराया। इस पर प्रशासनिक अधिकारी संजय कुमार शर्मा ने आश्वासन दिया कि रामपुर में किसानों को आ रही समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से वन विभाग द्वारा किसानों के उत्पीड़न, वन माफियाओं द्वारा सरकारी लकड़ी को नुकसान पहुंचाने और विभागीय मिलीभगत के आरोप लगाए गए। इसके साथ ही गरीब जनता से डॉक्टरों द्वारा मनमानी फीस वसूले जाने, इलाज महंगा होने तथा स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही का मुद्दा उठाया गया। इसके अलावा तहसीलों में लेखपालों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा किसानों के उत्पीड़न, पूर्ति विभाग में राशन कार्ड बनवाने के नाम पर 2 से 3 हजार रूपए की अवैध वसूली तथा बिजली विभाग द्वारा गरीब किसानों को योजनाओं का लाभ न दिए जाने की शिकायत की गई। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि बड़े उद्योगपतियों और पूंजीपतियों को बिजली विभाग की मिलीभगत से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, जबकि गरीब जनता इससे वंचित है। इस दौरान में अयूब पाशा, फुरकान पाशा, रहमान अली, एवं सुहेल पाशा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बेला भवानी पर राम मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ पर किया विशाल भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर में बेला भवानी सिद्ध शक्तिपीठ धाम पर राम मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर सुंदरकांड का पाठ ओर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भंडारे में दूर आए हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

सर्वमंगला माता बेला भवानी सिद्ध शक्तिपीठ धाम महाभारत काल से जुड़ा हुआ है ऐसा माना जाता है कि पांडवों ने भी माता बेला भवानी की पूजा की थी महाभारत के समय पर इस धाम पर राजा भूरिशर्वा अपनी भूरी हथनी पर बैठकर रोजाना माता के दर्शन हेतु आया करता था राजा को माता का वरदान था कि जिस दिन दर्शन के लिए नहीं आया तो उसी दिन उसकी मृत्यु को प्राप्त हो जाएगा और ऐसा ही हुआ राजा एक दिन माता के दर्शन को नहीं आ सका और राजा युद्ध में मारा गया यह धाम बहुत ही चमत्कारी है यहां जो भी भक्त मन श्रद्धा से अपनी मन्नत लेकर आता है उसकी मन्नत अवश्य पूरी होती है भंडारे में उपस्थित राकेश कुमार जोशी प्रवीण कुमार जोशी राजीव रस्तोगी अनिल रस्तोगी राजीव पांडे



प्रेमकुमार जोशी राजा जोशी लोकेश जोशी आदि मौजूद रहे।

# पागल कुत्ते ने दर्जनों ग्रामीणों को काट कर किया घायल लोगों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर।** मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर गांव का है। जहां एक आवारा पागल कुत्ते ने गांव में अपना आतंक फैलाया दिया। जिससे लोगों और बच्चों में दहशत का माहौल बन गया है। गांव में आवारा हुए पागल कुत्ते ने एक भैंस और बकरे को काट घायल कर दिया ग्रामीण बकरा लेकर अस्पताल गया कम्पाउन्डर ने बताया कुत्ते काट के इंजेक्शन नहीं है ग्रामीण नें मेडिकल से मोल लेकर इंजेक्शन लगवाया कर दिया। जिससे लोगों ने लाठी डंडे से कुत्ते की लताड़ लगाई। जिसके चलते कुत्ते को दौड़ा रहे अरुण पुत्र मोहन लाल, प्रदीप पुत्र शंकरलाल, प्रताप पुत्र काशीराम, राजेंद्री पत्नी गुड्डू, शरीफ खां, टिंकू, भानु प्रताप, जुनैद खां, मुकेश समेत दर्जनों लोगों को काट कर घायल कर दिया। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग और स्थानीय धमोरा चौकी पुलिस को दे। जबकि ग्रामीणों के मुताबिक बताया गया है। कि कुत्ता की पागल अवस्था में मौत हो गई। जबकि सभी घायल अब अपने अपने इलाज के लिए अस्पताल की राह देख रहे हैं।

# तेंदुए ने किसान पर किया हमला घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र गांव किशनपुर मौलागढ़ में तेंदुए ने किया किसान पर हमला बाल बाल बचा किसान मंगलवार की रात तेंदुआ किसान के घर कि दीवार कूदकर घर में घुस गया।

तेंदुए ने पालतू कुत्ते पर हमला कर दिया कुत्ते को बचाने के जब किसान मजिन्दर सिंह भागा तब तेंदुए ने कुत्ते को छोड़कर किसान पर हमला कर दिया।

जिससे मंजिन्दर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल किसान मंजिन्दर सिंह को उत्तराखंड के काशीपुर स्थित हायर सेंटर में भर्ती कराया गया वही तेंदुए की हमले की सूचना से ग्रामीणों मे भय का माहौल बना हुआ किसानो ने खेतो पर जाना बन्द कर दिया है।

सूचना मिलते ही बन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच गई जांच की और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया गया है।

# रामपुर रजा पुस्तकालय में ''विकसित भारत 2047 में युवाओं की भूमिका'' विषय पर विचार-संगोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रामपुर रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय तथा राष्ट्रीय कला मंच, रामपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर हविकसित भारत 2047 में युवाओं की भूमिकाह्न विषय पर एक विचार-संगोष्ठी का गरिमामय एवं सफल आयोजन रामपुर रजा पुस्तकालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने स्वामी विवेक. ानंद जी के जीवन, दर्शन एवं युवाओं के प्रति उनके .ष्टिकोण पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए शिक्षा, चरित्र निर्माण, आत्मनिर्भरता तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपुर रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय के निद. ेशक डॉ। पुष्कर मिश्र ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि सशक्त, शिक्षित और मूल्यनिष्ठ युवा ही विकसित भारत 2047ह्न के लक्ष्य को साकार कर सकते हैं। उन्होंने भारत की ऐतिहासिक आर्थिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक समृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि औद्योगिक एवं वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देकर ही भारत पुनः विश्व नेतृत्व की भूमिका में आ सकता है। उन्होंने युवाओं से उद्योग, विज्ञान और शोध के क्षेत्र में नवाचार को अपनाने का आहवान किया।

डॉ. मिश्र ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मगौरव एवं आत्मविश्वास का स्रोत बताते हुए कहा कि उनके प्रेरक संदेशों ने भारत को वैचारिक रूप से जागृत किया। उन्होंने युवाओं से हचरैवेति-चरैवेतिह्न के मंत्र को अपनाकर निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर अनुराग सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, रामपुर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने अल्पायु में ही विश्व को भारत की आध्यात्मिक शक्ति से परिचित कराया। उनका संदेश हउठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुकोह्न आज भी युवाओं के लिए पथप्रदर्शक है।

प्रो. सनी सिंह, डी.एस.एम. महाविद्यालय, कांठ, मुरादाबाद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से प्रेरित होकर युवा राष्ट्र-निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने भारत की सनातन परंपरा और हवसुधैव कुटुंबकम्ह्न की भावना को विश्व के लिए मार्गदर्शक बताया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन आस्था भारती झा द्वारा किया गया, जबकि अंत में गौरव यादव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

संगोष्ठी में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शोधकर्ता, विद्वान एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ राष्ट्र-निर्माण के प्रति युवाओं की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# जिला विज्ञान क्लब रामपुर द्वारा जिला स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के तत्वावधान में जिला विज्ञान क्लब रामपुर द्वारा असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों हेतु जिला स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन आज दिनांक 22 जनवरी 2026 द्धबृहस्पतिवारऋ को राजकीय रजा इंटर कॉलेज, रामपुर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक मोहनलाल सैनी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में जनपद के नवप्रवर्तकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नवाचार आधारित



मॉडलों का प्रदर्शन किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि जुगाड़ एवं नवाचारी सोच से ही बड़े आविष्कार जन्म लेते हैं। ऐसे कार्यक्रम नवप्रवर्तकों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। अध्यक्ष जिला सहक. ारी बैंक ने कहा कि ग्रामीण नवप्रवर्तकों द्वारा प्रस्तुत मॉडल अत्यंत सराहनीय हैं तथा सरकार की स्टार्टअप योजनाएं ऐसे नवाचारों को आगे बढ़ाने में सहायक हैं।

संयुक्त मूल्यांकन समिति द्वारा किए गए मूल्यांकन में रचना चौहान द्धमशरूम की खेतीऋ को प्रथम पुरस्कार द्ध8000 रू।ऋ, वाहिद हुसैन द्धमधुमक्खी पालनऋ को द्वितीय पुरस्कार द्ध5000 रू।ऋ एवं आकाश द्धपाइपलाइन लीकेजऋ को तृतीय पुरस्कार द्ध3000 रू।ऋ प्रदान किया गया। सांत्वना पुरस्कार में अनुभवी अक्षित, इफरा, अयान खान, प्रियंका एवं हिब्जा को 2000-2000 रूपये की धनराशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी नवप्रवर्तकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अभिनेत्री के हाथों एड. शैला खान को मिला इनक्रेडिबल इंडियन ब्रांड अवार्ड 2026

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बॉलीवुड की मशहूर अदाक. ारा जरीन खान के हाथों रामपुर की होनहार सोशल एक्टिविस्ट एवं फैशन डिजाइनर एडवोकेट शैला खान को इनक्रेडिबल इंडियन ब्रांड अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हिंदुस्तान के सबसे खूबसूरत और पारंपरिक रूप से डिजाइन किए गए परिधानों के लिए हट्रेडिशनल क्लोथिंग ब्रांड ऑफ द ईयर द्धबेस्ट अवॉर्डऋह्न के रूप में प्रदान किया गया।

बुधवार देर शाम आयोजित भव्य समारोह में यह अवॉर्ड प्रदान किया गया। अवॉर्ड मिलने के बाद से एडवोकेट शैला खान की सोशल मीडिया साइट्स पर बधाइयों का तांता लग गया है। वहीं रामपुर के हजारों लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए इस उपलब्धि को जनपद के लिए गौरव का क्षण बताया।



कार्यक्रम के दौरान अभिनेत्री जरीन खान ने शैला खान की हौसला-अफजाई करते हुए कहा कि शैला खान द्वारा डिजाइन किए गए प्रत्एक परिधान उन्हें बेहद पसंद आए। जिस तरह से उन्होंने रामपुर की डूबती हुई पारंपरिक कला को नई पहचान दिलाई है, वह काबिले-तारीफ और अत्यंत सराहनीय है।

इस अवसर पर एडवोकेट शैला खान ने जरीन खान को रामपुर में निर्मित शॉल पहनाकर यहां की कला से रूबरू कराया और रामपुर के गौरवशाली इतिहास से भी अवगत कराया।

अवार्ड प्राप्त करने के बाद एडवोकेट शैला खान ने कहा कि यह सम्मान उनके कारीगरों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

उन्होंने अभिनेत्री जरीन खान का तहे-दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रामपुर की कला को पसंद कर उन्होंने कारीगरों के हौसले बुलंद किए हैं।

साथ ही उन्होंने इनक्रेडिबल इंडियन ब्रांड अवार्ड आई.आई.वी.ए. कार्यक्रम के आयोजकों का भी विशेष धन्यवाद किया।

# परिवार को नशा सुंघा कर लाखों की चोरी



**पूरनपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। निकटवर्ती गांव शेरपुर कलां में बुधवार रात चोरों ने दंपति को नशा सुंघाकर बेहोश कर दिया और घर में जमकर तांडव मचाते हुए नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी सुबह जागी 10 वर्षीय बेटी ने पड़ोसियों को दी, जिसके बाद गांव में खलबली मच गई। सूचना पर एएसपी डा. विक्रम दहिया, सीओ प्रतीक दहिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच–पड़ताल की। गांव शेरपुर कलां निवासी गुड्डू पालेज का काम करते हैं। बुधवार रात वह पत्नी शबाना और तीन बच्चों के साथ भोजन करने के बाद करीब 10:30 बजे सो गए थे। इसी बीच रात में चोर घर में घुस आए और दंपति को नशा सुंघाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद बक्से का ताला तोड़कर सोने की मांग पट्टी, हार, झुमके, चांदी की पायल सहित करीब चार लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। नशे के प्रभाव से दंपति सुबह तक होश में नहीं आ सके। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे 10 वर्षीय बेटी महरबी की नींद खुली तो उसने माता–पिता को बेहोशी की हालत में पाया। यह देख वह अपने पांच वर्षीय भाई अयान और तीन वर्षीय बहन महरीन के साथ चीखने–चिल्लाने लगी। बच्चों की आवाज सुनकर पूर्व प्रधान फैयाज समेत आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

## बसंत पंचमी के अवसर पर वीणा वादिनी मां शारदे की वंदना से गूंज उठा बैनहर गुरुकुल परिसर




**पीलीभीत।** बैनहर गुरुकुल, टनकपुर रोड केंपस परिसर में प्रातः प्रार्थना सभा स्थल पर सामूहिक रूप से मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष बच्चों सहित सभी अध्यापक–अध्यापिकाओं ने पूजा अर्चना कर मां सरस्वती के चरणों में फूल अर्पण कर प्रार्थना की तत्पश्चात विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. परविंदर सिंह सैहमी ने सभी बच्चों को बसंत उत्सव की बधाई दी और इस दिन के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बसंत उत्सव बसंत ऋतु के आगमन के उपलक्ष में मनाया जाता है, जो प्रकृति में नई जान और हरियाली लेकर आती है। इस समय खेतों में सरसों फूल उठती है और मौसम खुशनुमा हो जाता है। विद्यालय की अध्यापिका आयुषी दीक्षित ने विद्यार्थियों को मां सरस्वती के स्वरूपों के बारे में जानकारी दी व बताया कि मां की छवि में उनके श्वेत वस्त्रों, हाथ में कमल, वीणा व पुस्तक का क्या महत्व है। कक्षा प्री नर्सरी से पांचवी तक के सभी बच्चों ने अपनी–अपनी कक्षाओं में अनेक प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया तथा अध्यापिकाओं के सहयोग से बच्चों ने पुष्प से रंगोली बनाई,कागज के फूल, वाल हैंगिंग बनाए तथा चित्रों में रंग भी भरे। कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने विभिन्न रंगों के कागज से पतंगें भी बनाई। बच्चों के द्वारा बनाई गई पतंगे इस बात का प्रतीक है कि वे अपनी मेहनत व लगन से लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आसमान की ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी एवं प्रधानाचार्या डॉ. निर्मल कौर ने सभी बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें बसंत उत्सव की बधाई दी।

## प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की अवैध बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** गुरुवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने शहर में धड़ल्ले से बिक रहे प्रतिबंधित एवं जानलेवा 'चाइनीज मांझे' (सिंथेटिक मांझा) की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रशासन और माननीय न्यायालय द्वारा इस मांझे की बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। बावजूद इसके शहर के कई इलाकों में कुछ दुकानदार चोरी–छिपे और कुछ खुलेआम इस घातक मांझे की बिक्री कर रहे हैं। जिसके परिणाम अत्यंत गंभीर और चिंताजनक हैं। आय दिन राहगीर, विशेषकर दोपहिया वाहन चालक, इस मांझे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं और कई मामलों में लोगों की जान तक जा रही है। बेजुबान पक्षियों के लिए भी यह मांझा काल साबित हो रहा है। ज्ञापन में चाइनीज मांझे की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण रोक लगाने, दुकानों और गोदामों पर सघन चेकिंग अभियान चलाने, जो भी व्यक्ति या दुकानदार इस प्रतिबंधित मांझे को बेचता हुआ पाया जाए, उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही करने आदि मांगे शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी, प्रांतीय नेता अनिल महेंद्रू, नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, सपना यादव, महामंत्री राशिद अंसारी युवा जिला अध्यक्ष शैली शर्मा, नाहिद खान, तसनीम खान, अतुल जयसवाल, आशीष लोधी, नीरज श्रीवास्तव, अभिलाष गुप्ता, राम स्वरूप मौर्य, साजिद खान, सुनील वर्मा, राजा खान, रज़्जी अंसारी, सुधीर पाल सिंह आदि थे।

## चौमुहां में चोरी की बड़ी वारदात

शाह टाइम्स संवाददाता

**मथुरा।** जनपद के जैंत थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चौमुहां के थमू थोक में बीती रात चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने एक घर की कुंडी तोड़कर अलमारी और तिजोरी में रखे लाखों रुपये के सोने–चांदी के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। हैरान करने वाली बात यह रही कि पूरी वारदात के दौरान पीड़ित परिवार नीचे के कमरे में सोता रहा और उन्हें भनक तक नहीं लगी। पीड़ित सतेंद्र पुत्र दुलीचंद ने बताया कि अमूमन उनका परिवार छत पर बने कमरे में ही सोता है, जहां सारा कीमती सामान रखा रहता है। लेकिन बच्चा बीमार होने के कारण उसे ठंड से बचाने और देखभाल की सुविधा के लिए पूरा परिवार नीचे के कमरों में सो गया था। चोरों ने इसी का फायदा उठाकर छत के रास्ते कमरे में प्रवेश किया और कुंडी तोड़कर अलमारी को खंगाल डाला। सत्येंद्र की पत्नी चार दिन पूर्व ही अपने मायके से लौटी थीं, जिसके कारण घर में सभी जेवरात रखे हुए थे। चोरी गए सामान में सोने के आभूषण एक हार, दो झुमकी, चार चूड़ियां, चार लेडीज और चार जेंट्स अंगूठी, एक पेंडल, दो चौन, एकांकी टोकस, नाक की बाली और 1 मंगलसूत्र, चांदी की आठ जोड़ी पायल, चार जोड़ी बिछिया, बच्चे का 'ओम', लगभग 80,000 रुपये नकद चोरी कर ले गए। सुबह जब परिवार के सदस्य ऊपर पहुंचे तो कमरे का नजारा देख उनके होश उड़ गए। सामान बिखरा पड़ा था और तिजोरी खाली थी। सूचना मिलते ही जैंत थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से फिंगरप्रिंट्स और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। सत्येंद्र सिंह ने पुलिस को लिखित तहरीर दे दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में रिश्वत का आरोप

## नगर पालिकाध्यक्ष ने सभासदों के साथ मिलकर किया स्टिंग ऑपरेशन

## डूडा विभाग के जेई पर लाभार्थियों से सुविधा शुल्क लेने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन को लेकर भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला सामने आया है। गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित इस महत्वाकांक्षी योजना में सुविधा शुल्क के नाम पर हजारों रुपये वसूले जाने का आरोप लगाया गया है। मामला उस समय उजागर हुआ, जब नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने सभासदों के साथ मिलकर एक सुनियोजित स्टिंग ऑपरेशन किया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड सभासद रविशंकर सैनी के आवास पर यह स्टिंग ऑपरेशन किया गया। आरोप है कि डूडा विभाग से जुड़े जेई प्रदीप कुमार लाभार्थियों से पैसे लेने के उद्देश्य से वहां पहुंचे थे। नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने एक लाभार्थी सुनील कुमार को अपने पास से बीस हजार रुपये की धनराशि देकर जेई को देने के लिए भेजा। योजना के तहत यह सुनिश्चित किया गया कि धनराशि दिए जाने की पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जा सके।

बताया गया कि पैसे दिए जाने से पहले ही नगर पालिका अध्यक्ष और उनकी टीम संबंधित आवास में ही छिप गई। जैसे ही जेई ने लाभार्थी से कथित रूप से धनराशि प्राप्त की, टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ लिया। आरोप है कि पैसे मौके से बरामद भी किए गए। इस पूरी कार्रवाई को कैमरे में रिकॉर्ड किया गया, जिससे मामला और भी स्पष्ट हो गया। घटना के सामने आने के बाद नगर में चर्चा का माहौल बन गया। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने इसे गरीबों के अधिकारों से जुड़ा गंभीर मामला बताया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं में यदि इस तरह की अनियमितताएं होंगी तो जरूरतमंदों का विश्वास टूटेगा।

मामले को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह से बातचीत की। बताया कि उन्हें पिछले लगभग एक वर्ष से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि योजना के लाभार्थियों से सुविधा शुल्क मांगा जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारी को कई बार मौखिक रूप से समझाया भी, लेकिन उसके बाद भी शिकायतें बंद नहीं हुईं। पालिकाअध्यक्ष के अनुसार, जब शिकायतों का सिलसिला जारी रहा तो सच्चाई सामने लाने के लिए स्टिंग ऑपरेशन का सहारा लिया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष ने यह भी बताया कि स्टिंग ऑपरेशन के दौरान संबंधित जेई को जानबूझकर पैसे लेने के लिए बुलाया गया था और जैसे ही उसने लाभार्थी से धनराशि ली, उसे पकड़ लिया गया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि यह पूरा मामला गंभीर है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

घटना के बाद नगर पालिका अध्यक्ष ने पूरे मामले से जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए आरोपित के विरुद्ध सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि गरीबों के हक से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ उदाहरणात्मक कार्रवाई जरूरी है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

फिलहाल यह मामला प्रशासनिक जांच के दायरे में है। अब सभी की नजरें जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना में सामने आए इस कथित भ्रष्टाचार के मामले में आगे क्या कदम उठाए जाते हैं।

## सीएम योगी से शिकायत के बाद ग्राम विकास अधिकारी का स्थानांतरण

**नहटौर।** ब्लॉक के एक ग्राम विकास अधिकारी की मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद उसका स्थानांतरण नजीबाबाद ब्लॉक को किया गया है। उक्त ग्राम विकास अधिकारी पर ग्राम पंचायत में नहीं आने और विकास कार्यों में कोई रुचि नहीं लेने व ग्रामीणों की समस्याओं को नहीं सुनने आदि आरोप लगाए गए थे।

प्राप्त समाचार के अनुसार ब्लॉक की ग्राम पंचायत रायपुर मलियाबाद निवासी मंगू सिंह पुत्र हरिवंश सिंह ने मुख्यमंत्री से की शिकायत में कहा था कि ग्राम पंचायत में तैनात ग्राम विकास अधिकारी मुकेश कुमार पंचायत में नहीं आते हैं और विकास कार्य में भी कोई रुचि नहीं लेते। ग्रामीणों की समस्या को नहीं सुना जाता है, जिससे पंचायत वासी परेशान रहते हैं। उन्होंने उक्त ग्राम विकास अधिकारी का स्थानांतरण कराए जाने की मांग की थी।

आयुक्त ग्राम विकास उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश पर मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर के अनुपालन में जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता ने ग्राम विकास अधिकारी मुकेश कुमार का स्थानांतरण नहटौर ब्लॉक से नजीबाबाद ब्लॉक में किए जाने के आदेश जारी किए है।

## हादसे में बाइक सवार महिला की मौत

शाह टाइमस सवांददाता

**नगीना।** ग्राम जफरपुर कोट थाना चांदपुर निवासी सरोज देवी (45 वर्ष) अपने पति नरेंद्र कुमार के साथ शादी के कार्ड बांटने के लिए रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार दंपत्ति थाना रायपुर क्षेत्र के ग्राम चंदनवाला के पास पहुंचे तभी एक बैलगाड़ी में बंधे बैल के अचानक बिदक जाने से बैलगाड़ी अनियंत्रित हो गई और उनकी बाइक में भिड़ गई, जिससे बाइक सवार दंपत्ति घायल हो गए। दोनों घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, जहां सरोज देवी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## कुंडा खुर्द से युवती सगाई से पहले फरार

### प्रेमी दूसरे सम्प्रदाय का

शाह टाइम्स संवाददाता

**नूरपुर।** सगाई से पहले एक युवती अपने दूससे सम्प्रदाय के प्रेमी के साथ फरार हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडा खुर्द में बीती शाम उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब एक युवती अपने अल्पसंख्यक समाज के प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई। उसका काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के फरार होने से ग्राम में हड़कंप मच गया। मामला दो अलग–अलग सम्प्रदायों से जुड़ा होने के कारण ग्राम में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। युवती की गुरुवार को सगाई होनी थी, लेकिन उससे ठीक एक दिन पहले अपने प्रेमी के साथ चले जाने की खबर से परिजनों में आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम में चर्चा का माहौल बन गया देखते ही देखते तनाव की स्थिति उत्पन्न गई। ग्रामीणों ने युवती की बरामदगी की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया। जाम लगने से पुलिस प्रशासन के हाथ पैर फूल गए। परिवार के सदस्य व ग्रामीण पुलिस प्रशासन से युवती की जल्द बरामदगी की मांग कर रहे थे। जाम के चलते आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने भारी पुलिस फोर्स के साथ ग्राम में पहुंच कर लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। करीब डेढ़ घंटे तक लगे जाम के बाद बामुश्किल पुलिस के आश्वासन और समझाने–बुझाने पर ग्रामीण मान गए। पुलिस का कहना है कि युवती की तलाश जारी है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल ग्राम में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियातन के तौर पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। ग्राम में कई थानों का पुलिस बल तैनात है।

सीओ देश दीपक कुमार ने बताया कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। कानून से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। युवक व युवती बालिग बताए जाते है।

## सपाईयों ने मनाई छोटे लोहिया की पुण्यतिथि




**बिजनौर।** समाजवादी विचारधारा के चिंतक व पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर सपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनको नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि पंडित जनेश्वर मिश्र द्वारा समाजवादी विचारधारा पर चलते हुए जनता हित के लिए व्यापक संघर्ष कर महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि आज हम सभी उनके बताए हुए रास्ते को अपना कर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन बेहद जरूरी हो गया है। आम जनता बदलाव चाहती है। सभी को एकजुट होकर जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रदेश के विकास व खुशहाली के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी सरकार बनानी है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेश तोमर ने कहा कि जनेश्वर मिश्र के संघर्ष से प्रेरित होकर ही उनको छोटे लोहिया कहा गया था। कार्यकर्ता उनके संघर्ष व आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में एकजुट होकर पीडीए की सरकार बनाएं। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता अखलाक पप्पू ने किया। जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता डॉ. रहमान, अफजाल उल हक, सत्यपाल सिंह, मदन लाल सैनी, प्रभा चौधरी, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बीके कश्यप एड. आदि मौजूद रहे।

# जिकरीवाला में दहेज मुक्त अभियान

## जागरूक करने के लिए डोर टू डोर जनसम्पर्क

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला में बीती शाम भारत को दहेज से मुक्त कराने के अभियान को लेकर दहेज मुक्ति अभियान टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर सम्पर्क किया।




इस अभियान में सभी जाति के लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया एवं दहेज मुक्ति अभियान टीम के साथ मिलकर गांव में डोर टू डोर जनता से संवाद करते हुए ग्राम के जिम्मेदार लोगों से जिसमें दहेज मुक्ति अभियान के साथ–साथ विवाह में फालतू खर्च व नई रस्मों को छोड़ने को लेकर लोगों को जागरूक किया। इस मौक`पर नई रस्म को समाप्त करने की शपथ ली गयी। इस अवसर पर भारत से दहेज मुक्ति अभियान से अफजलगढ़ यूथ विंग के कार्यकर्ता मौहम्मद फहीम ने कहा कि जावेद अमान हैदराबाद जो इस अभियान की भारत पदयात्रा कर रहे हैं। शादी की नई रस्मों जैसे बारात का स्वागत, रिबन काटना, डीजे बजाना, आतिशबाजी छोड़ना, केक काटना आदि को छोड़कर समाज को फालतू खर्च मुक्त करना है। यह अभियान ब्लॉक क्षेत्र के गांव गांव जाकर सभी समाज और धर्म के लोगों से मिलकर यह अभियान चलाया जा रहा है।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**माघ महोत्सव के लिए विशेष रेलगाड़ियाँ–2026**

माघ महोत्सव-2026 के दौरान रेल यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा तिरुन्नावाया स्टेशन पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के सुगम आवागमन के लिए निम्नलिखित स्पेशल रेलगाड़ियाँ चलाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

**04358/04357 वाराणसी – एरणाकुलम जं. – वाराणसी आरक्षित विशेष एक्सप्रेस**

| रेलगाड़ी सं.: 04358 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04358 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04357 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04357 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 16:30 | वाराणसी | 03:00 | ---- |
| 18:45 | 18:50 | प्रयागराज छिवकी | 23:45 | 23:50 |
| 22:53 | 22:55 | मानिकपुर जं | 20:38 | 20:40 |
| 00:03 | 00:05 | सतना | 18:08 | 18:10 |
| 03:00 | 03:05 | जबलपुर | 15:25 | 15:30 |
| 06:40 | 06:50 | इटारसी जं | 11:50 | 12:00 |
| 08:48 | 08:50 | बैतूल | 08:58 | 09:00 |
| 12:00 | 12:05 | नागपूर जं. | 06:00 | 06:05 |
| 13:38 | 13:40 | हिंगणघाट | 03:55 | 03:57 |
| 16:08 | 16:10 | बल्हारशाह | 02:33 | 02:35 |
| 17:33 | 17:35 | बेल्लमपल्ली | 00:18 | 00:20 |
| 19:08 | 19:10 | जम्मीकुंटा | 22:33 | 22:35 |
| 20:13 | 20:15 | वरंगल | 21:33 | 21:35 |
| 21:28 | 21:30 | डोर्नकल जं | 20:03 | 20:05 |
| 00:10 | 00:20 | विजयवाड़ा जं | 17:40 | 17:50 |
| 00:53 | 00:55 | तेनाली जं | 16:53 | 16:55 |
| 02:28 | 02:30 | ओंगोल | 15:03 | 15:05 |
| 03:58 | 04:00 | नेल्लूर | 13:23 | 13:25 |
| 05:00 | 05:10 | गूडूर जं | 12:40 | 12:50 |
| 07:43 | 07:45 | पेरम्बूर | 10:28 | 10:30 |
| 09:38 | 09:40 | काटपाडी जं | 08:08 | 08:10 |
| 11:03 | 11:05 | जोलारपेट्टै जं. | 06:48 | 06:50 |
| 12:35 | 12:40 | सेलम जं | 05:00 | 05:05 |
| 13:40 | 13:50 | ईरोड जं | 03:50 | 04:00 |
| 14:38 | 14:40 | तिरुप्पूर | 02:38 | 02:40 |
| 15:55 | 16:00 | कोयंम्बत्तूर जं | 01:30 | 01:35 |
| 16:28 | 16:30 | पोत्तनूर जं | 00:48 | 00:50 |
| 17:43 | 17:45 | पालक्काड जं | 23:18 | 23:20 |
| 19:03 | 19:05 | तृश्शूर | 21:38 | 21:40 |
| 20:23 | 20:25 | आलुवा | 20:28 | 20:30 |
| 22:00 | ----- | एरणाकुलम जं | ----- | 20:00 |

**चलने के दिन : 04358 वाराणसी** से दिनांक 30.01.2026 (शुक्रवार) को एवं **04357 एरणाकुलम जं.** से दिनांक 03.02.2026 (मंगलवार) को।
**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04360/04359 योग नगरी ऋषिकेश – एरणाकुलम जं. – योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित विशेष एक्सप्रेस**

| रेलगाड़ी सं.: 04360 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04360 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04359 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04359 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 16:15 | ---- |
| 08:20 | 08:30 | हरिद्वार जं | 14:20 | 14:30 |
| 12:03 | 12:05 | मेरठ नगर जं | 10:08 | 10:10 |
| 14:40 | 14:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन जं | 09:10 | 09:20 |
| 18:55 | 19:00 | मथुरा जं. | 05:55 | 06:00 |
| 00:30 | 00:40 | कोटा जं | 00:01 | 00:10 |
| 04:45 | 04:50 | नागदा जं | 19:45 | 19:50 |
| 06:20 | 06:25 | रतलाम जं | 18:30 | 18:35 |
| 10:00 | 10:10 | बडोदरा जं | 14:45 | 14:55 |
| 11:48 | 11:50 | सूरत | 12:53 | 12:55 |
| 14:53 | 14:55 | वसई रोड | 09:53 | 09:55 |
| 16:45 | 16:50 | पनवेल | 07:35 | 07:40 |
| 18:28 | 18:30 | रोहे | 06:03 | 06:05 |
| 20:00 | 20:02 | चिपलून | 02:53 | 02:55 |
| 22:05 | 22:10 | रत्नागिरी | 00:45 | 00:50 |
| 23:55 | 23:57 | कणकवली | 21:23 | 21:25 |
| 00:58 | 01:00 | कुडाल | 20:48 | 20:50 |
| 03:13 | 03:15 | थिवि | 19:13 | 19:15 |
| 04:25 | 04:35 | मडगाँव जंक्शन | 18:00 | 18:10 |
| 06:03 | 06:05 | कारवार | 15:58 | 16:00 |
| 07:08 | 07:10 | कुमटा | 14:43 | 14:45 |
| 08:13 | 08:15 | भटकल | 13:40 | 13:42 |
| 09:48 | 09:50 | उडुपि | 12:28 | 12:30 |
| 12:50 | 13:00 | मंगलूरू जंक्शन | 09:10 | 09:20 |
| 13:53 | 13:55 | कासरगोड | 07:28 | 07:30 |
| 15:23 | 15:25 | कण्णूर | 05:48 | 05:50 |
| 17:08 | 17:10 | कोषिक्कोड | 04:08 | 04:10 |
| 20:23 | 20:25 | तृश्शूर | 01:03 | 01:05 |
| 22:08 | 22:10 | आलुवा | 23:33 | 23:35 |
| 23:30 | ----- | एरणाकुलम जं | ----- | 23:00 |

**चलने के दिन : 04360 योग नगरी ऋषिकेश** से दिनांक 30.01.2026 (शुक्रवार) को एवं **04359 एरणाकुलम जं.** से दिनांक 03.02.2026 (मंगलवार) को।
**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त खेल समाचार

### महाराष्ट्र केसरी ने यूपी डॉमिनेटर्स को कड़े मुकाबले में रौंदा

**नोएडा, वार्ता।** हर्षिता मोर ने निर्णायक क्षण में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र केसरी को प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 9 में यूपी डॉमिनेटर्स पर रोमांचक 5-4 की जीत दिलाई। नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए मैचडे सात के इस मुकाबले में महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में हर्षिता का शानदार फॉल निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ महाराष्ट्र केसरी चार अंकों और 14 बाउट जीत के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। वहीं, करीबी हार के बावजूद यूपी डॉमिनेटर्स चार अंकों और बेहतर 16 बाउट जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। हर्षिता मोर को प्लेयर ऑफ द मैच, जबकि यूपी डॉमिनेटर्स की अंडर-20 वर्ल्ड रेसलिग चैंपियन तपस्या गहलावत को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। यूपी डॉमिनेटर्स ने मुकाबले की मजबूत शुरुआत की।

### अटल, रसूली की फिफ्टी की बदौलत अफगान ने जीती सीरीज

**दुबई, वार्ता।** अफगानिस्तान ने दूसरे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में वेस्टइंडीज पर 39 रन की शानदार जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। सेदिकुल्लाह अटल और दरवेश रसूल के अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से अफगानिस्तान ने चार विकेट पर 189 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, जिसके बाद मुजीब उर रहमान ने चार विकेट लेकर वेस्टइंडीज के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया, जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान को पावरप्ले में ही दोनों सलामी के आउट होने से झटका लगा। रहमानुल्लाह गुरबाज (एक) शमर जोसेफ का शिकार हो गए और जादरान (22) जिन्होंने अच्छी शुरुआत की थी।

# भारत में टी-20 विश्व कप नहीं खेलेगा बांग्लादेश

- **बीसीबी, बांग्लादेशी क्रिकेटरों और सरकार के खेल सलाहकार के बीच बैठक के बाद सामने आया फैसला**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश ने भारत में टी-20 विश्वकप नहीं खेलने का फैसला किया। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी), बांग्लादेशी क्रिकेटरों और सरकार के खेल सलाहकार के बीच ढाका में गुरुवार को बैठक के बाद यह फैसला सामने आया है। वे भारत में विश्वकप मैच नहीं खेलना चाहते हैं और अपने कार्यक्रम को श्रीलंका में कराना चाहते है। बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा कि हम श्रीलंका में खेलने की अपनी योजना के साथ आईसीसी के पास जाएंगे। उन्होंने हमें 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन एक वैश्विक संस्था सही में ऐसा नहीं कर सकती। आईसीसी 20 करोड़ लोगों को विश्वकप मैच देखने से वंचित करेगी। यह उनका अपना नुकसान है। आईसीसी श्रीलंका को सह मेजबान बता रहा है लेकिन वह सह मेजबान नहीं है। यह एक हाईब्रिड मॉडल है। मैंने आईसीसी बैठक में कुछ बातें सुनी थी जो चौंकाने वाली थीं। सरकार के सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा हम उम्मीद करते है कि आईसीसी हमें श्रीलंका में खेलने का मौका देगा। हमारी सरकार ने भारत न जाने का यह फैसला किया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश की भारत से उसके टी-20 विश्व कप मैच शिफ्ट करने की मांग कल खारिज कर दी थी। आईसीसी ने बीसीबी से बांग्लादेश सरकार को यह बताने के लिए कहा था कि अगर बांग्लादेश टी-20 विश्व कप में अपने मैच खेलने के लिए भारत जाने से इनकार करता रहता है, तो टूर्नामेंट में उसकी जगह किसी दूसरी टीम को ले लिया जाएगा। इस फैसले के बाद वोटिंग हुई, जिसमें आईसीसी बोर्ड के ज्यादातर सदस्य रिप्लेसमेंट के पक्ष में थे।

बीसीसीआई के आईपीएल टीम कोलकाता नाईट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज करने के निर्देश के बाद बांग्लादेश ने भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए यह मांग की थी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने लगातार सरकार की सुरक्षा चिताओं को ही अपना आधार बनाया है और भारत में खिलाड़ियों की जान को खतरा बताया है। बीसीबी ने कई दफा आईसीसी से गुजारिश की थी कि उनके मैचों का आयोजन श्रीलंका में कराया जाए। पिछले सप्ताह हुई बैठक के दौरान तो बांग्लादेशी बोर्ड ने एक अजीबोगरीब प्रस्ताव तक दे डाला। उन्होंने मांग की कि बांग्लादेश को ग्रुप-सी से निकाल. कर ग्रुप-बी में भेज दिया जाए और आयरलैंड की जगह उन्हें दे दी जाए, क्योंकि आयरलैंड को अपने ग्रुप स्टेज के सभी मुकाबले श्रीलंका में ही खेलने हैं। हालांकि, आईसीसी ने इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया था और इससे पहले आए इसी तरह के अन्य सुझावों को भी कोई तवज्जो नहीं दी। भारत में नहीं खेलने से बांग्लादेश को वित्तीय नुकसान भी

## हमें आईसीसी से न्याय नहीं मिला: नजरुल



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने गुरुवार को कहा कि आईसीसी ने उन्हें भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी टी 20 विश्व कप में हिस्सा लेने के संबंध में उचित न्याय नहीं दिया। कल, आईसीसी ने बांग्लादेश की भारत से श्रीलंका में वेन्यू बदलने की अपील को खारिज कर दिया, और इसके बजाय बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को उनकी भागीदारी पर फैसला लेने के लिए 24 घंटे का समय दिया।

आईसीसी ने स्कॉटलैंड को भी स्टैंडबाय पर रखा है, अगर बांग्लादेश आखिरकार टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए भारत जाने को तैयार नहीं होता है। नजरुल, जिन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ बैठक की थी, ने पत्रकारों से कहा कि वे अपना रुख बदलने को तैयार नहीं हैं।आसिफ ने कहा कि मुझे लगता है कि हमें आईसीसी से न्याय नहीं मिला। हम वर्ल्ड कप खेलेंगे या नहीं, यह पूरी तरह से सरकार का फैसला है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हाल के दिनों में भारत में ऐसा कुछ नहीं हुआ है जिससे यह लगे कि वहां (सुरक्षा के लिहाज से) चीजें बदल गई हैं। हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमें न्याय देगा।

# तेंदुलकर ने सायना नेहवाल की विरासत की तारीफ की



- **कहा: भारतीय बैडमिंटन को ग्लोबल स्टेज पर ले जाने और आखिरकार युवा एथलीटों की पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए उनका योगदान अभूतपूर्व है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने ओलंपिक मेडलिस्ट सायना नेहवाल के कॉम्पिटिटिव बैडमिंटन से रिटायरमेंट के बाद उन्हें सम्मान देते हुए कहा कि भारतीय बैडमिंटन को ग्लोबल स्टेज पर ले जाने और आखिरकार युवा एथलीटों की पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए उनका योगदान अभूतपूर्व है। एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए, तेंदुलकर ने कहा कि प्रिय सायना, आपका करियर इस बात का सबूत है कि महानता एक बार में एक दिन, धैर्य, साहस और लगातार कोशिशों से बनती है।

उन्होंने पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 को भारतीय बैडमिंटन को ग्लोबल स्टेज पर ले जाने और यह साबित करने का क्रेडिट दिया कि जब विश्वास, तैयारी के साथ मिल जाए, तो किसी भी खेल का रास्ता बदल सकता है। तेंदुलकर ने लिखाकि मेडल्स से परे, आपकी सबसे बड़ी विरासत वह प्रेरणा है जो आपने अनगिनत युवा एथलीटों को बड़े सपने देखने और यह विश्वास करने के लिए दी है कि ग्लोबल सफलता संभव है। ष उन्होंने कोर्ट पर उनकी उपलब्धियों के साथ-साथ कोर्ट के बाहर सायना के प्रभाव को भी रेखांकित किया। भारत के पूर्व कप्तान ने कहा कि सायना के खेल के सफ़र का एक दौर खत्म हो गया है, जबकि दूसरा शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनका अनुभव, नजरिया और खेल के लिए प्यार नए खिलाड़ियों को गाइड करता रहेगा।



# भारत-न्यूजीलैंड का दूसरा मैच आज

- **भारत 2-0 की बढ़त बनाने के इरादे के साथ उतरेगा**
- **दूसरा टी-20 आज रायपुर में होगा**

**रायपुर, वार्ता।** भारत के अभिषेक शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी-20 में 35 गेंदों में 84 रन बनाकर पहले से ही सुर्खियों में हैं, और सभी की निगाहें फिर से उन पर होंगी जब दोनों टीमें शुक्रवार को शाम 7:00 बजे शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पांच मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में भिड़ेंगी। भारत को हालांकि न्यूघीलैंड के पलटवार से सावधान रहना होगा जिसने वनडे सीरीज में पहला मैच हारने के बाद वापसी करते हुए अगले दोनों मैच जीतकर सीरीज अपने नाम की थी। भारत ने नागपुर में सीरीज के पहले मैच में 48 रन से जीत हासिल की, और 238/7 का बड़ा स्कोर बनाया। अभिषेक की शानदार पारी, जिसमें आठ ऊंचे छक्के शामिल थे, ने लय बनाई, जबकि रिकू सिंह की 20 गेंदों में नाबाद 44 रन की पारी ने भारत को 230 के पार पहुंचाया।

सूर्यकुमार यादव (22 गेंदों में 32) और हार्दिक पांड्या (16 गेंदों में 25) ने अहम सपोर्ट दिया। बॉल से वरुण चक्रवर्ती और शिवम दुबे ने दो-दो विकेट लिए, जबकि अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या ने एक-एक विकेट लेकर न्यूजीलैंड को प्रेशर में रखा और उन्हें 190/7 पर रोक दिया। भारत रायपुर में अक्षर पटेल के बिना खेल सकता है, क्योंकि नागपुर में कैच-एंड-बॉलिग करते हुए उनकी उंगली में चोट लग गई थी। अगर भारत पेसर चुनता है तो उनकी जगह हर्षित राणा या अगर वे स्पिन-हैवी लाइनअप के साथ जाते हैं तो रवि बिश्नोई को लेने की उम्मीद है। 239 रन के बड़े टारगेट का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड को टॉप पर संघर्ष करना पड़ा क्योंकि शुरुआती विकेट गिरने से वे तुरंत प्रेशर में आ गए। ग्लेन फिलिप्स ने 40 गेंदों पर शानदार 78 रन बनाकर काउंटर अटैक किया, जिसमें मार्क चैपमैन (39) और डेरिल मिशेल (28) ने उनका साथ दिया। काइल जैमीसन और जैकब डफी ने दो-दो विकेट लिए, जबकि ईश सोढ़ी और मिशेल सेंटनर ने एक-एक विकेट लिया। हार के बावजूद, न्यूजीलैंड ने लड़ाई दिखाई और रायपुर में अपने टॉप-ऑर्डर की दिक्कतों और डेथ बॉलिग की चिताओं को दूर करने की कोशिश करेगा। टी-20 में आमने-सामने, भारत 26 मुकाबलों में न्यूजीलैंड से 13-10 से आगे है, जिसमें तीन मैच टाई रहे। हालिया फॉर्म भारत के पक्ष में है, जिसने अपने पिछले पांच टी-20 में से चार जीते हैं, जिसमें सीरीज का पहला मैच भी शामिल है। वहीं, न्यूजीलैंड ने अपने पिछले पांच टी-20 में तीन जीत और दो हार दर्ज की हैं।

## गावस्कर ने भारत की टी-20 जीत में वरुण के आत्मविश्वास को सराहा

**नागपुर, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने नागपुर में पहले टी-20 में न्यूजीलैंड पर भारत की जीत के बाद वरुण चक्रवर्ती के शांत स्वभाव और बॉडी लैंग्वेज की तारीफ की, और कहा कि इस मिस्ट्री स्पिनर का बढ़ता कॉन्फिडेंस मेजबान टीम के लिए एक बड़ी पॉजिटिव बात थी। जियो स्टार पर बात करते हुए, गावस्कर ने माना कि वरुण थोड़े जंग खाए हुए लग रहे थे, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि यह समझ में आता है। गावस्कर ने कहा कि उन्होंने दो विकेट लिए, और जब बैट्समैन पूरी जान लगा देते हैं, तो इकॉनमी रेट भी काफी अच्छा था। जरूरी बात यह है कि उनकी बॉडी लैंग्वेज अच्छी थी। गावस्कर ने बताया कि, अपने करियर के पहले के दौर के उलट, वरुण कुछ बाउंड्री लगने के बाद भी परेशान नहीं दिखे। उन्होंने आगे कहा कि अक्सर, जब वह कुछ रन के लिए आउट होता है, तो उसकी बॉडी लैंग्वेज थोड़ी उदास हो सकती है। ऐसा नहीं हुआ। वह सीधे मार्क की ओर वापस जा रहा था और इस बात से परेशान नहीं दिख रहा था कि उसे कुछ छक्के लगे थे, और यह हमेशा एक बहुत अच्छा संकेत होता है।

# नोवाक जोकोविच जीत के साथ तीसरे दौर में



- **रॉड लेवर एरिना में खेले गए मैच में जोकोविच ने एकल में 6-3, 6-2 6-2 से जीत हासिल की**

**मेलबर्न, वार्ता।** सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच ने गुरुवार को इटली के फांसेस्को मास्ट्रेली को सीधे सेटों में हराकर 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे राउंड में जगह बनाई। यहां रॉड लेवर एरिना में खेले गए मुकाबले में सर्बियाई चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जोकोविच को एकल में 6-3, 6-2, 6-2 से जीत हासिल करने में कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बनाकर कोर्ट पर अपना दबदबा बनाया। मास्ट्रेली ने कुछ प्रतिरोध दिखाया, कई ब्रेक पॉइंट बचाए और शक्तिशाली सर्व और तीन ऐस लगाकर जोकोविच को सेट के लिए सर्व करने पर मजबूर किया। दूसरे सेट में भी पैटर्न वैसा ही रहा, जोकोविच ने 3-2 के बाद बढ़त बनाई और 6-2 से सेट जीत लिया। तीसरे सेट में, जोको. विच ने मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली, एक तनावपूर्ण पांचवें गेम में सर्व ब्रेक करके 4-1 से आगे हो गए। मास्ट्रेली ने देर से वापसी की कोशिश किया, लेकिन जोकोविच की सटीकता और निरंतरता निर्णायक साबित हुई, क्योंकि उन्होंने इतालवी खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाकर जीत पूरी की। जोकोविच ने एक अनजान विरोधी के बारे में कहा कि आजकल मेरे साथ ऐसा अक्सर होता है।फिर भी, सम्मान हमेशा रहता है और मैं किसी को कम नहीं आंकता। उसके पास एक बड़ी सर्व है और बड़े स्टेज पर उसके पास अभी भी अनुभव की कमी है, लेकिन उसके पास गेम है जिससे वह बहुत आगे जा सकता है और रैंकिग में ऊपर जा सकता है, इसलिए मैं उसे इसके लिए शुभकामनाएं देता हूं। जोकोविच तीसरे राउंड में नीदरलैंड के बोटिक से भिड़ेंगे। इस बीच चीन की वांग शिन्यू ने 24वीं सीड एलेना के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए तीसरे राउंड में जगह बनाई और महिला सिगल्स ड्रॉ के आखिरी 32 में पहुंचने वाली एकमात्र चीनी खिलाड़ी बन गईं। वांग एक सेट और एक ब्रेक से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाते हुए दो घंटे 20 मिनट में 4-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। दुनिया की नंबर 46 खिलाड़ी वांग, झेंग किनवेन के टूर्नामेंट से हटने के बाद मेलबर्न में चीन की सबसे ऊंची रैंक वाली खिलाड़ी हैं। वांग से काफी उम्मीदें हैं, जो ग्रैंड स्लैम में कभी भी चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़ी हैं। उन्होंने ऑकलैंड में एलिना स्वितोलिना के खिलाफ अपने करियर के दूसरे फाइनल में उपविजेता रहने के बाद टूर्नामेंट में अच्छी फॉर्म में प्रवेश किया था, और पहले राउंड में क्वालिफायर एंहेलिना पर सीधे सेटों में शानदार जीत हासिल की थी। लेकिन पूर्व नंबर 3 और 2017 फ्रेंच ओपन चैंपियन ओस्टापेंको ने 48 मिनट के कड़े मुक. ाबले वाले पहले सेट में बढ़त बनाई, और नेट पर बैकहैंड विनर लगाकर मैच पर पकड़ बना ली। दूसरे सेट में वांग काफी पीछे थीं, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए लगातार चार गेम जीतकर स्कोर बराबर कर लिया।

# इगा लगातार 24वें ग्रैंड स्लेम के तीसरे राउंड में



- **इगा स्वियाटेक ने महिलए एकल में चेक गणराज्य की मैरी बोजकोवा को सीधे सेटों में हराया**

**मेलबर्न, वार्ता।** पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक गुरुवार को महिला एकल के मुकाबले में चेक गणराज्य की मैरी बोजकोवा को सीधे सेटों में हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में जगहा बना ली। वह लगातार 24वें ग्रैंड स्लेम के तीसरे दौर में पहुंची हैं। यहां एक घंटा 19 मिनट तक चले मुकाबले में नंबर दो सीड स्वियाटेक ने बोजकोवा पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। इस जीत से वह लगातार सातवें साल ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे राउंड में पहुंच गईं। इस नतीजे के साथ स्वियाटेक ओपन एरा में एक ही दशक के पहले 24 महिला एकल ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में राउंड ऑफ 32 में पहुचने वाली पहली डब्ल्यूटीए टूर खिलाड़ी बन गईं।

मैच के बाद स्वियाटेक ने कहा कि आज खेलना बहुत अच्छा लगा। निश्चित रूप से हालात भी आसान नहीं थे। मुझे नहीं पता कि आप लोगों को ऐसा महसूस हुआ या नहीं, लेकिन कोर्ट पर बहुत तेज हवा चल रही थी। मुझे उसके हिसाब से एडजस्ट करना पड़ा, और मैं परफॉर्मेंस से सच में बहुत खुश हूं। स्वियाटेक तीसरे राउंड में नंबर 31 सीड रूस की एना कालिस्काया का सामना करेंगी। इस बीच तीन अमेरिकी खिलाड़ियों ने आसान जीत के साथ तीसरे राउंड में जगह बनाई। डिफेंडिग चैंपियन मैडिसन कीज और नंबर 6 सीड जेसिका पेगुला दोनों ने राउंड 2 में अपने ही देश की खिलाड़ियों को आसानी से हराया, जिसमें कुल मिलाकर सिर्फ आठ गेम हारे, जबकि नंबर 4 सीड अमांडा एनिसिमोवा ने कैटरीना सिनियाकोवा पर सीधे सेटों में जीत हासिल की। पेगुला ने पूर्व टॉप 10 खिलाड़ी कोको वांडेवेड़ो से कहा कि यह खराब था कि उन्हें न सिर्फ एक और अमे. रिकी खिलाड़ी, बल्कि अपनी डबल्स पार्टनर, वर्ल्ड नंबर 37 मैककार्टनी केसलर के खिलाफ खेलना पड़ा, 6-0, 6-2 से जीत के बाद। पेगुला, जिन्होंने पिछले साल ऑस्टिन, टेक्सास में डब्ल्यूटीए 250 के फाइनल में केसलर को हराया था, ने रॉड लेवर एरिना में सिर्फ 58 मिनट में जीत हासिल करने के रास्ते में पहले आठ गेम जीते।

# मुझे अपने चुनिंदा शॉट्स पर पूरा भरोसा है: अभिषेक

- **कहा: मेरा लक्ष्य हमेशा टीम को मजबूत शुरुआत दिलाना होता है**



**नागपुर, वार्ता।** न्यूजीलैंड के विरु( पहले टी-20 मैच में 35 गें. दों में 84 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि उन्हें अपने कुछ चुनिदा शॉट्स पर ही पूरा भरोसा हैं। मैच के बाद अपनी रणनीति को लेकर अभिषेक ने कहा कि जब आप विपक्षी गेंदबाजो के वीडियो खंगालते हैं या अपनी बल्लेबाजी का विश्लेषण करते हैं, तो आपको अंदाजा हो जाता है कि सामने वाली टीम क्या रणनीति बनाए और मुझे अपने रन कहां बनाने हैं। सच कहूं तो मैं अपने गिने-चुने शॉट्स पर ही यकीन करता हूं क्योंकि मेरे पास वैरायटी बहुत अधिक नहीं है। बस कुछ खास स्ट्रोक्स हैं जिनकी मैं जी-तोड़ अभ्यास करता हूं और मैदान पर उन्हें ही आजमाता हूं। उन्होंने अपनी तकनीक को लेकर कहा कि मैं अधिकतर पावर हिटिग का प्रयास नहीं करता क्योंकि मुझमें वैसी शारीरिक ताकत नहीं है। मेरी बल्लेबाजी मुख्य रूप से टाइमिग के भरोसे चलती है। मेरे लिए सबसे अहम यह है कि मैं गेंद की लाइन पर नजर रखूं और माहौल को समझूं। चूंकि हम फि़लहाल पूरे भारत में अलग-अलग जगहों पर खेल रहे हैं, तो परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाना बेहद आवश्यक हो जाता है। इसके लिए मैं मैच से पूर्व या नेट अभ्यास के दौरान ही अपनी रणनीति तैयार कर लेता हूं। विपक्षी गेंदबाजी की अपनी योजना होती है, इसलिए मेरे जेहन में हमेशा यह रहता है कि मैं अपने खेल और अपनी तैयारी पर पूरा भरोसा रखूं। सलामी बल्लेबाज ने अपनी शैली पर कहा कि मैं इसे जोखिम भरा खेल नहीं मानता। हालांकि इसे 'कम्फर्ट जोन' कहना पूरी तरह सही नहीं होगा, लेकिन मेरा लक्ष्य हमेशा टीम को मजबूत शुरुआत दिलाना होता है। शुरुआती छह ओवरों का लाभ उठाना बेहद अहम है और मैं नेट्स पर भी इसी की तैयारी करता हूं। मेरे जेहन में यह बात स्पष्ट रहती है कि विपक्षी टीम के मुख्य गेंदबाज ही पारी के शुरुआती ओवर फेंकते हैं। अगर मैं पहले तीन-चार ओवरों में उन पर हावी हो जाऊं, तो मैच पर हमारी पकड़ मजबूत हो जाती है। उन्होंने कहा कि मैंने एक चीज सीखी है कि यदि आप हर गेंद पर प्रहार करना चाहते हैं या 200 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी का इरादा रखते हैं, तो वैसी ही मानसिकता और कड़ा अभ्यास जरूरी है।

# बीबीएल फाइनल के बाकी मैचों में नहीं खेलेंगे बाबर आजम



- **बाबर शुरू से पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध थे और उन्हें जनवरी की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ पाक की तीन मैचों की सीरीज के लिए नहीं चुना गया**

**सिडनी, वार्ता।** बाबर आजम बीबीएल फ़ाइनल के बाकी मैचों में नहीं खेलेंगे, सिडनी सिक्सर्स ने घोषणा की है कि उन्हें नेशनल टीम कैंप के लिए पाक लौटना होगा। सिक्सर्स ने गुरुवार को यह घोषणा की, एससीजी में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ अपने चैलेंजर फ़ाइनल से ठीक 24 घंटे पहले, जिसमें जीतने वाली टीम रविवार को पर्थ में बीबीएल फ़ाइनल में पर्थ स्कॉर्चर्स के साथ खेलेगी। बाबर शुरू में पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध थे और उन्हें जनवरी की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ पाक की तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए नहीं चुना गया था। ऑस्ट्रेलिया 29 जनवरी से शुरू होने वाली तीन टी-20 में पाक के साथ खेलेगा, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के सभी स्क्वाड सदस्य जो अभी भी बीबीएल में शामिल हैं, वे फ़ाइनल के बाद तक अपनी बीबीएल टीमों के साथ रहेंगे, बाकी स्क्वाड 24 जनवरी को प्री-टूर कैंप के लिए यूएई के लिए उड़ान भरेगा। बयान में कहा गया हैकि सिडनी सिक्सर्स को आज सूचित किया गया है कि सिक्सर्स के ओपनर बाबर को आगामी अंतर्राष्ट्रीय मैचों की तैयारी शुरू होने के कारण अपने राष्ट्रीय टीम के साथियों के साथ कैंप में शामिल होने के लिए पाक लौटना होगा। नतीजतन, बाबर तुरंत ऑस्ट्रेलिया से रवाना होंगे और बीबीएल/15 फ़ाइनल सीरीज के बाकी मैचों के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। सिक्सर्स की जनरल मैनेजर ने पुष्टि की कि उन्होंने शुरू में बाबर के पूरा टूर्नामेंट खेलने की योजना बनाई थी हेन्स ने एक बयान में कहा कि सिडनी सिक्सर्स बाबर को ऑस्ट्रेलिया में अपने समय के दौरान क्लब का प्रतिनिधित्व करने का अवसर देने के लिए तहे दिल से आभारी हैं।हालांकि हमने शुरू में बाबर के फाइनल में पूरे समय उपलब्ध रहने की योजना बनाई थी, लेकिन वह हमारे ग्रुप के एक बहुत ही वैल्यूएबल सदस्य रहे हैं, और हम पूरी तरह समझते हैं कि पाक के नेशनल कैंप की शुरुआत का मतलब है कि अब आने वाले मैचों के लिए तैयारियां चल रही हैं।

# सम्पादकीय


शुक्रवार, 23 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## राहुल के आरोप

कांग्रेस महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को जिस तरह सरकार ने खत्म किया है, उसको लेकर वह पीएम मोदी पर सीधे निशाना साध रही है। गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय संवाद को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा चाहती है कि देश में लोकतंत्र, संविधान और एक व्यक्ति एक वोट की अवधारणा खत्म हो और आजादी से पहले वाला हिन्दुस्तान फिर से वापस लाया जाए। वह यह भी कहते हैं कि यह इसी सोच का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को मनरेगा के तहत मिले अधिकार को खत्म करने का काम किया है। मनरेगा रोजगार की गारंटी और सम्मान से जीने का अधिकार देता था और इसके पीछे उसकी सोच थी कि जिसे भी काम की जरूरत हो वह सम्मान के साथ व अधिकार के साथ काम मांग सके। कांग्रेस ने साफ किया कि वह सरकार को अपने मिशन में कामयाब नहीं होने देगी और इसके लिए बराबर लड़ेगी। उन्होंने याद भी दिलाया कि अब से पहले मोदी सरकार किसानों के खिलाफ काले कानून लेकर आई थी, जिससे किसानों ने रोक दिया जो अन्याय किसानों के साथ किया जाता था वही मजदूरों के साथ किया जा रहा है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि किस तरह दबाव के चलते किसानों के तीन काले कानून वापस लिए गए थे। राहुल गांधी मोदी सरकार को किसान विरोधी व मजदूर विरोधी बता रहे हैं। अपने तर्क में वह यह कहते हुए दिखाई देते हैं कि यह सबकुछ पूंजीपतियों के इशारे पर हो रहा है, क्योंकि भाजपा ऐसी व्यवस्था चाहती है जो देश की आजादी से पहले बनी हुई थी। उनकी मंशा है कि हिन्दुस्तान के चुने हुए लोगों के पास शक्ति हो और वह जिस तरह से चाहें देश को चलाएं। मोदी सरकार गरीबों को कुचलने और उन्हें चलाने का अधिकार भाजपा, अडाणी व अंबानी को देना चाहती है। इसके पीछे उसकी सोच यह है कि जब सारे अधिकार उन्हें मिल जाएंगे, तब गरीब पूरी तरह से देश के अमीरों पर निर्भर हो जाएगा। गरीब उनकी बात मानेगा, नहीं मानने पर वह भूखा मरेगा। यही ये लोग चाहते हैं। इसलिए गरीबों के रोजगार का अधिकार देने वाले मनरेगा को खत्म किया गया है। वह देश की आजादी से पहले राजा-महाराजाओं की सरकार जिस तरह चलती थी उसी तरह सरकार चलाना चाहते हैं, जहां संविधान के लिए कोई जगह नहीं है। राहुल गांधी लोगों से आह्वान भी करते हैं वह इस लड़ाई में कांग्रेस का साथ दें। वह पूरे विपक्ष को भी एकजुट रखकर इस लड़ाई को लड़ने की बात भी कह रहे हैं। राहुल गांधी के इन तमाम आरोपों को केवल राजनीति से प्रेरित रहकर खारिज नहीं किया जा सकता। आखिर मनरेगा जैसी योजना में संशोधन की क्या जरूरत थी। उस वक्त तो और भी नहीं जब संशोधन करने की कहीं से भी आवाज न उठ रही हो। मजदूरों को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं है।

### मनरेगा बचाने की लड़ाई बहुत लंबी




भाजपा और आरएसएस का संबंध अमीरों से है और गरीबों की पीड़ा को वे नहीं समझते हैं, इसलिए गरीबों को गुलाम बनाए रखने के इरादे से ग्रामीण श्रमिकों के हित की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) कानून को खत्म करने का कदम उठाया गया है, मनरेगा बचाने की लड़ाई बहुत लंबी है और इस लड़ाई को एक जगह पर बैठकर या सिर्फ नारे लगाकर नहीं लड़ा और जीता जा सकता है, सरकार मनरेगा खत्म करने का कानून संसद के शीतकालीन सत्र में लाई थी और कांग्रेस ने इसका जमकर विरोध किया था, अब जल्द ही बजट सत्र शुरू होने वाला है और कांग्रेस शीतकालीन सत्र की तरह ही बजट सत्र में भी इस मुद्दे को उठाएगी और सरकार के इस कदम का विरोध करेगी, कांग्रेस इस लड़ाई को तब तक लड़ती रहेगी, जब तक इस कानून को बहाल नहीं किया जाता है। **-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

# अंतरिक्ष में वायरस में होने वाले परिवर्तन महत्वपूर्ण अध्ययन का विषय

अंतरिक्ष मानव सभ्यता के लिए केवल तारों और ग्रहों का रहस्यमय विस्तार नहीं है, बल्कि यह जीवन की परिभाषा, उसके व्यवहार और उसके विकास को समझने की एक अनोखी प्रयोगशाला भी है। जैसे-जैसे मनुष्य अंतरिक्ष में अधिक समय बिताने लगा है, वैसे-वैसे यह प्रश्न भी गंभीर होता जा रहा है कि वहां मौजूद सूक्ष्मजीव, विशेष रूप से वायरस, किस प्रकार व्यवहार करते हैं। पृथ्वी पर वायरस पहले से ही जीवन के सबसे रहस्यमय रूपों में गिने जाते हैं, और जब यही वायरस अंतरिक्ष जैसे अत्यधिक भिन्न वातावरण में पहुंचते हैं, तो उनके भीतर होने वाले परिवर्तन वैज्ञानिकों के लिए गहन अध्ययन का विषय बन जाते हैं। अंतरिक्ष में विक. सित या परिवर्तित वायरस को अक्सर स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस कहा जाता है, और यह अवधारणा भविष्य की अंतरिक्ष यात्राओं, मानव स्वास्थ्य और जैविक सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बनती जा रही है।

वायरस पृथ्वी पर हर जगह पाए जाते हैं हवा में, पानी में, मिट्टी में और यहां तक कि हमारे शरीर के भीतर भी। वे जीवित और निर्जीव के बीच की एक अनोखी कड़ी माने जाते हैं, क्योंकि वे स्वयं स्वतंत्र रूप से प्रजनन नहीं कर सकते, बल्कि किसी जीवित कोशिका का सहारा लेते हैं। पृथ्वी का वातावरण, गुरुत्वाकर्षण, तापमान और विकिरण का स्तर वायरस के व्यवहार को प्रभावित करता है, लेकिन अंतरिक्ष में ये सभी कारक नाटकीय रूप से बदल जाते हैं। वहां सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण, तीव्र कॉस्मिक विकिरण, सीमित पोषण और अलग प्रकार की जैविक परिस्थितियां मौजूद होती हैं। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि वायरस भी इन परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने लगें। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर किए गए अनेक प्रयोगों से यह सामने आया है कि सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में सूक्ष्मजीवों का व्यवहार बदल जाता है। बैक्टीरिया और वायरस दोनों ही अंतरिक्ष में अलग ढंग से बढ़ते और विकसित होते हैं। कुछ अध्ययनों में यह पाया गया है कि अंतरिक्ष में मौजूद वायरस अधिक सक्रिय हो सकते हैं या उनके संक्रमण की क्षमता में बदलाव आ सकता है। यह परिवर्तन किसी जादुई प्रक्रिया का परिणाम नहीं, बल्कि जैविक अनुकूलन की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। जब कोई जीव या सूक्ष्मजीव नए वातावरण में पहुंचता है, तो उसका जीनोम धीरे-धीरे उन परिस्थितियों के अनुसार ढलने लगता है। कॉस्मिक विकिरण अंतरिक्ष का एक प्रमुख कारक है, जो पृथ्वी के वातावरण में मौजूद ओजोन परत द्वारा काफी हद तक रोका जाता है। अंतरिक्ष में यह सुरक्षा कवच नहीं होता। यह विकिरण वायरस के डीएनए या आरएनए में उत्परिवर्तन कर सकता है। कुछ उत्परिवर्तन वायरस को कमजोर बना सकते हैं, जबकि कुछ उसे अधिक अनुकूल और कभी-कभी अधिक खतरनाक भी बना सकते हैं। यही कारण है कि वैज्ञानिक अंतरिक्ष में वायरस के विकास को लेकर सतर्क रहते हैं।



यह केवल अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य का सवाल नहीं है, बल्कि पृथ्वी पर वापस लौटने वाले अंतरिक्ष यानों के साथ संभावित जैविक जोखिम का भी प्रश्न है। स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस की अवधारणा केवल सैद्धांतिक नहीं है। कई प्रयोगों में देखा गया है कि अंतरिक्ष में रखे गए वायरस पृथ्वी पर लौटने के बाद अपने मूल रूप से कुछ अलग व्यवहार करते हैं। कुछ वायरस अधिक तेजी से कोशिकाओं को संक्रमित करते पाए गए, जबकि कुछ की प्रतिरक्षा प्रणाली से बचने की क्षमता में बदलाव देखा गया। इसका अर्थ यह नहीं है कि हर अंतरिक्ष-विकसित वायरस खतरनाक ही होगा, लेकिन यह अवश्य दर्शाता है कि अंतरिक्ष जैविक विकास को एक नई दिशा दे सकता है। मानव शरीर स्वयं भी अंतरिक्ष में बदलता है। लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने से अंतरिक्ष यात्रियों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो सकती है। ऐसे में यदि कोई वायरस अधिक सक्रिय या अनुकूलित रूप में मौजूद हो, तो संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। यही कारण है कि अंतरिक्ष मिशनों में जैविक निगरानी को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। अंतरिक्ष यात्रियों के शरीर में मौजूद वायरस, जैसे कि हर्पीस वायरस, अंतरिक्ष में अधिक बार सक्रिय होते देखे गए हैं। यह इस बात का संकेत है कि अंतरिक्ष का वातावरण वायरस और मेजबान दोनों के बीच के संतुलन को बदल सकता है। स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस का अध्ययन केवल जोखिमों तक सीमित नहीं है। इसके सकारात्मक पहलू भी हो सकते हैं। अंतरिक्ष में वायरस के व्यवहार को समझकर वैज्ञानिक नई दवाओं, वैक्सीन और जैव-प्रौद्योगिकी के नए रास्ते खोल सकते हैं। यदि यह समझ में आ जाए कि सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण या विकिरण वायरस की संरचना को कैसे बदलता है, तो उसी ज्ञान का उपयोग पृथ्वी पर रोगों के उपचार में किया जा सकता है। कुछ वैज्ञानिक मानते हैं कि अंतरिक्ष अनुसंधान से प्राप्त जानकारी कैंसर चिकित्सा, जीन थेरेपी और प्रतिरक्षा विज्ञान में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। इसके अतिरिक्त, स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस जीवन की उत्पत्ति से जुड़े प्रश्नों को भी नई दृष्टि से देखने का अवसर देते हैं। कुछ सिद्धांतों के अनुसार, जीवन के मूल घटक अंतरिक्ष से पृथ्वी पर आए होंगे। यदि वायरस अंतरिक्ष में विकसित हो सकते हैं, तो यह संभावना और भी मजबूत होती है कि जीवन के सरल रूप ब्रह्मांड में व्यापक रूप से मौजूद हों। यह विचार हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि पृथ्वी पर जीवन शायद अकेला नहीं है, बल्कि ब्रह्मांड के अन्य हिस्सों में भी सूक्ष्म स्तर पर जीवन पनप रहा हो सकता है। अंतरिक्ष में जैविक सुरक्षा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। जैसे-जैसे मानव मंगल, चंद्रमा और उससे आगे की यात्राओं की योजना बना रहा है, वैसे-वैसे यह सुनिश्चित करना आवश्यक हो जाता है कि हम अपने साथ पृथ्वी के वायरस को अनियंत्रित रूप से अन्य ग्रहों पर न ले जाएं। इसी प्रकार, किसी अन्य ग्रह से संभावित जैविक तत्वों को पृथ्वी पर लाने से पहले भी सावधानी बरतनी होगी। स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस इस संदर्भ में एक चेतावनी की तरह हैं, जो हमें यह याद दिलाते हैं कि जीवन और जैविक पदार्थ अत्यंत अनुकूलनशील होते हैं। अंतरिक्ष में वायरस का विकास हमें यह भी सिखाता है कि प्रकृति सीमाओं को नहीं मानती। जहां जीवन के लिए परिस्थितियां अत्यंत कठोर प्रतीत होती हैं, वहां भी जैविक तत्व अपने अस्तित्व के रास्ते खोज लेते हैं। यह अनुकूलनशीलता ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। वायरस, जो स्वयं जीवन की सीमाओं पर खड़े होते हैं, अंतरिक्ष में जाकर इस सत्य को और भी स्पष्ट कर देते हैं। भविष्य में स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस पर शोध और अधिक गहन होगा। नई तकनीकों, जैसे कि उन्नत जीनोमिक विश्लेषण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, की सहायता से वैज्ञानिक यह समझने की कोशिश करेंगे कि अंतरिक्ष में कौन-से उत्परिवर्तन होते हैं और उनके दीर्घकालिक प्रभाव क्या हो सकते हैं। यह शोध न केवल अंतरिक्ष विज्ञान को आगे बढ़ाएगा, बल्कि पृथ्वी पर मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जैविक संतुलन को समझने में भी सहायक होगा। अंततः, स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस की अवधारणा हमें यह एहसास कराती है कि अंतरिक्ष केवल भौतिक अन्वेषण का क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह जैविक और दार्शनिक प्रश्नों का भी मंच है। यह हमें जीवन की नाजुकता और उसकी अद्भुत अनुकूलन क्षमता दोनों से परिचित कराता है। जैसे-जैसे मनुष्य अंतरिक्ष की ओर अपने कदम बढ़ाता जाएगा, वैसे-वैसे यह आवश्यक होगा कि वह न केवल तकनीकी रूप से, बल्कि जैविक और नैतिक रूप से भी तैयार हो। अंतरिक्ष में विक. सित वायरस इस यात्रा के मूक साक्षी हैं, जो हमें लगातार यह याद दिलाते हैं कि जीवन जहां भी जाता है, वहां परिवर्तन और विकास अनिवार्य होते हैं। **-साभार**

# भू-तापीय ऊर्जा स्वच्छ ऊर्जा की नई दावेदार

**भूकंप का खतरा में मुख्य चिंता हाइड्रोलिक फ्रैक्चरिंग से होने वाले भूकंपों की है। स्विट्जरलैंड और दक्षिण कोरिया में ऐसे प्रोजेक्ट्स को भूकंपीय गतिविधियों के कारण बंद करना पड़ा था। इस समस्या से निपटने के लिए फेर्वो जैसी कंपनियां अमेरिकी ऊर्जा विभाग के सख्त दिशानिर्देशों का पालन कर रही हैं। वे लगातार भूकंपीय गतिविधियों की निगरानी करती हैं और अगर झटके सुरक्षित सीमा से अधिक होते हैं, तो संचालन बंद कर देती हैं। बोरहोल ड्रिलिंग की लागत बहुत अधिक होती है-प्रति बोरहोल लाखों डॉलर। हालांकि ड्रिलिंग तकनीकों में तेल और गैस उद्योग से प्रेरित हुए सुधार ने EGS को अधिक दक्ष और किफायती बना दिया है।**

लंबे समय तक नजरअंदाज की गई भूतापीय ऊर्जा इन दिनों स्वच्छ ऊर्जा का एक आशाजनक विकल्प बनकर उभर रही है। जहां अमेजॉन, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी टेक्नो-कंपनियां हाल ही में परमाणु ऊर्जा समझौतों के लिए सुर्खियां बटोर रही हैं, वहीं मेटा और गूगल जैसी कंपनियां नई पीढ़ी की भूतापीय तकनीक में भारी निवेश कर रही हैं। दरअसल, पारंपरिक भूतापीय प्रणालियां धरती के गर्भ में मौजूद प्राकृतिक गर्म पानी के चश्मों पर निर्भर हैं। दूसरी ओर, नई पीढ़ी की भूतापीय प्रणाली, जिन्हें एन्हांस्ड जियोथर्मल सिस्टम्स कहा जाता है, में जमीन में कई किलोमीटर गहरी बोरिंग करके पानी और रेत को उच्च दबाव पर डालकर चट्टानों में दरारें बनाई जाती हैं। इन दरारों से पानी गुजरते हुए चट्टानों की गर्मी से तपता है और भाप के रूप में सतह पर लौटता है। इस भाप का उपयोग बिजली बनाने में किया जाता है। वास्तव में, नई पीढ़ी की भूतापीय तकनीक को बढ़ावा देने में कंपनियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ह्यूस्टन स्थित फेर्वो एनर्जी कंपनी ऊटा में 2000 मेगावॉट क्षमता का भूतापीय संयंत्र बना रही है। यह क्षमता दो बड़े परमाणु रिएक्टरों के बराबर है। 2028 तक यह संयंत्र गूगल जैसे ग्राहकों को 400 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति करेगा।

मेटा के साथ साझेदारी में सेज जियोसिस्टम्स, 2027 तक मेटा के डैटा सेंटर्स को 150 मेगावॉट तक भूतापीय ऊर्जा प्रदान करने वाली है। कनाडाई कंपनी एवर फ्रैकिंग (चट्टान तोड़े) बगैर क्लोज्ड-लूप प्रणाली बनाएगी, जिसमें पानी भूमिगत सील्ड पाइपों में घूमता है। एवर का पहला व्यावसायिक संयंत्र जर्मनी में



अगले वर्ष से शुरू होगा, जो स्थानीय कस्बों को ऊष्मा और बिजली की आपूर्ति करेगा।

**चुनौतियां और समाधान**

भूकंप का खतरा में मुख्य चिंता हाइड्रोलिक फ्रैक्चरिंग से होने वाले भूकंपों की है। स्विट्जरलैंड और दक्षिण कोरिया में ऐसे प्रोजेक्ट्स को भूकंपीय गतिविधियों के कारण बंद करना पड़ा था। इस समस्या से निपटने के लिए फेर्वो जैसी कंपनियां अमे. रिकी ऊर्जा विभाग के सख्त दिशानिर्देशों का पालन कर रही हैं। वे लगातार भूकंपीय गतिविधियों की निगरानी करती हैं और अगर झटके सुरक्षित सीमा से अधिक होते हैं, तो संचालन बंद कर देती हैं।

**लागत की चुनौती**

बोरहोल ड्रिलिंग की लागत बहुत अधिक होती है-प्रति बोरहोल लाखों डॉलर। हालांकि ड्रिलिंग तकनीकों में तेल और गैस उद्योग से प्रेरित हुए सुधार ने EGS को अधिक दक्ष और किफायती बना दिया है। साथ ही, भूतापीय ऊर्जा की एक बड़ी खासियत है कि यह दिन-रात लगातार बिजली बनाती है। यह स्थिरता इसे सौर और पवन जैसे अनियमित नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का महत्वपूर्ण पूरक बनाती है।

**बाजार और संभावनाएं**

भूतापीय ऊर्जा की सफलता काफी हद तक भौगोलिक स्थिति पर निर्भर करती है। जिन क्षेत्रों में ज्वालामुखीय गतिविधि अधिक हैं या जहां पृथ्वी की पर्पटी पतली है जैसे पश्चिमी अमे. रिका वहां गर्म चट्टानें सतह के करीब होती हैं, जिससे ऊर्जा उत्पादन आसान और किफायती हो जाता है। अध्ययन बताते हैं कि अगर ऊर्जा संयंत्रों को बदलती ऊर्जा मांगों के अनुसार अनुकूल बनाया जाए, तो पश्चिमी अमेरिका में भूतापीय ऊर्जा परमाणु ऊर्जा की तुलना में अधिक किफायती हो सकती है। बहरहाल, भूतापीय ऊर्जा के सामने अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन यह सतत और स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करने की क्षमता रखती है, जो इसे भविष्य के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती है।

**-स्रोत फीचर्स**

# साइबर अपराध का बढ़ता आतंक और लाचार सरकारी तंत्र



रजनीश कपूर

साइबर अपराध आज की डिजिटल दुनिया में एक ऐसी महामारी बन चुका है जो न केवल आम आदमी की मेहनत की कमाई को चंद मिनटों में उड़ा देता है, बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्गोंरू बुजुर्गों और अशिक्षितोंको भी अपना शिकार बनालेता है। हाल ही में दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में रहने वाले एक बुजुर्ग एनआरआई दंपत्ति, ओम तनेजा और डॉ. इंदिरा तनेजा, के साथ हुई घटना इसकी एक दर्दनाक मिसाल है। यह दंपत्ति अमेरिका से 2014 में अपनी मातृभूमि की सेवा करने के इरादे से भारत लौटे थे, लेकिन साइबर ठगों ने उन्हें 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर दो सप्ताह से अधिक समय तक मानसिक रूप से प्रताड़ित कर 14.85 करोड़ रुपये ठग लिए। यह दिल्ली में हुई अब तक के सबसे बड़े साइबर फ्रॉड मामलों में से एक है, जहां ठगों ने खुद को दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई), मुंबई पुलिस और सीबीआई अधिकारी बताकर दंपति को मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग्स से जुड़े झूठे आरोपों में फंसाया। इस घटना ने न केवल इस दंपत्ति की जीवनभर की बचत छीन ली, बल्कि पूरे देश में साइबर सुरक्षा की कमजोरियों को उजागर कर दिया है।



इस मामले में मुंबई पुलिस और सीबीआई के फर्जी अधिकारियों ने उन्हें डर धमका कर 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा, जहां वे घर से बाहर नहीं निकल सकते थे और लगातार निगरानी में रहने को मजबूर थे। ठगों ने धमकी दी कि अगर वे सहयोग नहीं करेंगे, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उनके बच्चे भी फंस जाएंगे। दंपत्ति, जो शिक्षित और अमेरिका में दशकों तक काम कर चुके थे, डर के मारे इनकी हर गैरकानूनी शर्तों पर सहमत हो गए। उन्होंने अपनी म्यूचुअल फंड और बचत खातों से 8 अलग-अलग ट्रांसफर में 14.85 करोड़ रुपये 'वेरिफिकेशन' के नाम पर ठगों के खातों में ट्रांसफर कर दिए, जिसमें हर ट्रांसफर लगभग 2 करोड़ का हुआ। गौरतलब है कि यह कोई इकलौता मामला नहीं है, भारत में 'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2022 से 2024 के बीच ऐसे मामले तीन गुना बढ़कर 1,23,000 हो गए और पीड़ितों से करोड़ों रूपए ठगे गए। उदाहरण के तौर पर, मुंबई में एक 86 वर्षीय महिला से 20 करोड़ रुपये ठगे गए, जहां ठगों ने खुद को अधिकारियों के रूप में पेश किया। बेंगलुरु में एक महिला टेकी से 32 करोड़ रुपये की ठगी हुई, जो इनसाइडर ट्रेडिंग और इन्वेस्टमेंट स्कैम से जुड़ी थी। मुंबई में एक 72 वर्षीय व्यवसाई और उनकी पत्नी से 58 करोड़ रुपये उड़ाए गए, जहां ठगों ने उन्हें दो महीने तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा। दिल्ली में ही एक और बुजुर्ग व्यवसाई महिला से 6।9 करोड़ रुपये ठगे गए। यह मामले दिखाते हैं कि ठग बुजुर्गों और शिक्षितों को निशाना बनाते हैं, क्योंकि वे डर और अकेलेपन का फायदा उठाते हैं। कुल मिलाकर, 2025 में केवल दिल्ली में ही 1,250 करोड़ रुपये की साइबर ठगी हुई और पूरे भारत में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। सवाल उठता है कि आज के टेक्निकल युग में देश का सिस्टम क्यों फेल हो रहा है? अपराधी मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशियाकंबोडिया, म्यांमार, लाओस और चीनसे ऑपरेट करते हैं, जहां वे भारतीयों को ट्रैफिक कर 'स्लेव कंपाउंड्स' में साइबर अपराध करवाते हैं। फर्जी कॉल्स, फेक आईडी और एआई का इस्तेमाल कर वे भारतीय सिस्टम को चकमा देते हैं। जानकारों के अनुसार, भारतीय पुलिस में कुशल कर्मचारियों की कमी, पुरानी इंफ्रास्ट्रक्चर और कानूनी खामियां इसका एक बड़ा कारण हैं। जांच धीमी है, क्योंकि अपराध सीमा पार से हो रहे हैं और पैसा विदेशी खातों में जाता है। बैंक वाले ट्रांसफर को रोकने में असफल रहते हैं, क्योंकि पीड़ित खुद ही पैसा ट्रांसफर करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि बिना अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के अपराधियों को पकड़ना मुश्किल है। अपराधी कम जोखिम में ज्यादा कमाई करते हैं और पकड़े जाने की दर काफी कम है। सोचने वाली बात है कि क्या सरकार केवल जागरूकता फैलाने तक ही सीमित है? नहीं, लेकिन सरकार द्वारा किए जाने वाले प्रयास अपर्याप्त हैं। गृह मंत्रालय ने इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर I4C स्थापित किया है, जहां नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और हेल्पलाइन 1930 काम करते हैं। अब तक 9.42 लाख सिम और 2।63 लाख आईएमईआई ब्लॉक किए गए। सिटीजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग सिस्टम ने 5,489 करोड़ रूपए बचाए। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में जागरूकता फैलाई और विज्ञापन, रेडियो, मेट्रो में अभियान चलाए। 26 दिसंबर 2025 को इंटर-डिपार्टमेंटल कमिटी बनी, जो गूगल, व्हाट्सएप जैसी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है। फाइनेंशियल फ्रॉड के लिए नई एसओपी बनी और एआई-बेस्ड फ्रॉड डिटेक्शन पर जोर दिया जाने लगा। लेकिन शायद इतना सब भी काफी नहीं। इसके लिए कड़े चेक सिस्टम होने चाहिए। बैंक में असामान्य ट्रांसफर पर अलर्ट और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों जैसे यूएन साइबरक्राइम ट्रीटी को दृढ़ करना भी जरूरी है। गौरतलब है कि ऐसे में आम आदमी क्या करे? सबसे पहले, याद रखें कि भारत में 'डिजिटल अरेस्ट' जैसा कोई कानून नहीं है। कोई कॉल आए तो उसकी जांच करें, पुलिस स्टेशन जाकर सूचना दें और इसे चेक करें। किसी भी स्थिति में पैसे ट्रांसफर न करें, ओटीपी शेयर न करें। अपने घर परिवार में बुजुर्गों को शिक्षित करें, अकेले न छोड़ें। सरकारी जागरूकता अभियान के अनुसार यदि आप भी साइबर फ्रॉड के शिकार होते हैं तो तुरंत 1930 पर कॉल करें या cyber-crime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें। बैंक को सूचित कर ट्रांसफर फ्रीज करवाएं। एफआईआर दर्ज कराएं और कोर्ट ऑर्डर से पैसा वापस पा सकते हैं। जैसे कि बेंगलुरु में एक दंपत्ति ने अपने 1.4 करोड़ रिकवर किए। जागरूकता फैलाएं, क्योंकि परहेज इलाज से बेहतर होता है। ऐसी घटनाएं साइबर अपराध की गंभीरता दर्शाती है। सरकार को जागरूकता से आगे बढ़कर सख्त चेक सिस्टम, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और तकनीकी अपग्रेडेशन पर फोकस करना चाहिए। अन्यथा, 'डिजिटल इंडिया' का सपना एक डरावना सपना बन जाएगा। आम आदमी की सुरक्षा राज्य की जिम्मेदारी है, समय है कड़े कदम उठाने का।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# यूरोपीय यूनियन ने भारत से रक्षा समझौते को दी मंजूरी

## अगले हफ्ते दिल्ली में डील होगी, ईयू बोलाः आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद मिलेगी

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने भारत के साथ नए रक्षा समझौते (सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट) को मंजूरी दे दी है। अगले हफ्ते नई दिल्ली में होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन में इस पर साइन होंगे। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने यूरोपीय संसद में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा यह साझेदारी एक बड़े रणनीतिक एजेंडे का हिस्सा होगी।

इस एजेंडे में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), डिफेंस एंड सिक्योरिटी डील, साइबर सिक्योरिटी, समद्री सुरक्षा और काउंटर टेररिज्म शामिल है। यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन भारत आ रहे हैं। वे 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। भारत-ईयू शिखर सम्मेलन अगले दिन 27 जनवरी को होगा। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट को मंजूरी देने का ऐलान किया। कलास ने बताया कि भारत और ईयू के बीच सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट से आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद मिलेगी।



■ ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट को मंजूरी देने का ऐलान किया

उन्होंने कहा कि इससे समुद्री सुरक्षा और साइबर सिक्योरिटी जैसे सेक्टर्स में सहयोग बढ़ेगा। कलास ने कहा कि यूरोप भारत के साथ एक नए और मजबूत एजेंडे पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत, यूरोप की आर्थिक मजबूती के लिए बहुत जरूरी होता जा रहा है। भारत आ रहे ईयू के प्रतिनिधिमंडल में लगभग 90 सदस्य शामिल होंगे। इनमें काजा कलास, ट्रेड कमिश्नर मारोस सेफकोविक और कई डायरेक्टर्स रहेंगे। भारत और ईयू के बीच 27 जनवरी को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर साइन हो सकते हैं। इसके लिए दोनों देश कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करेंगे। पहले यूरोपीय संसद को हां करनी होगी। यूरोपीय काउंसिल की मंजूरी के बाद ट्रेड कमिश्नर सेफकोविक इसे भारत के सामने साइन के लिए पेश करेंगे। समिट के दौरान भारत और ईयू 2030 तक के लिए एक राजनीतिक एजेंडा भी पेश करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिलहाल दोनों देश अभी कार्बन बार्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) जैसे विवादित मुद्दों पर सहमति बनाने के लिए बात कर रहे हैं। सीबीएएम के तहत स्टील और सीमेंट जैसे उत्पादों पर कार्बन टैरिफ के लिए बनाए गए नियम है। अगर कोई देश बहुत प्रदूषण करके सामान बनाता है। फिर उसे यूरोप में लाया जाता है, तो यूरोप उस पर अतिरिक्त टैक्स लगाता है। ईयू ने इस पालिसी को लेकर अब तक कोई बदलाव नहीं किया है। दोनों देश इसका हल निकालने की कोशिश कर रहे हैं। कलास ने कहा है कि आज की खतरनाक दुनिया में मिलकर काम करना दोनों के लिए फायदेमंद होगा। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से बाजार खुलेगा, जिससे देशों के सामान पर टैक्स और रुकावटें कम होंगी। इसकी वजह से ज्यादा कंपनियां और व्यापारी एक-दूसरे के देश में सामान बेच और खरीद सकते हैं।



जम्मू। गणतंत्र दिवस से पहले जम्मू-अखनूर-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गश्त करते सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सदस्य संख्या 15 से 25 की जाएः भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के समयबद्ध सुधारों को लागू करने में हो रही देरी के प्रति आगाह करते हुए सुझाव दिया है कि अफ्रीका एवं एशिया प्रशांत को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने के लिए स्थाई तथा अस्थाई सीटों की संख्या बढ़ाकर 15 से 25 की जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने बुधवार को जी-4 (भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान) की ओर से बयान देते हुए कहा कि सुरक्षा परिषद में उन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व बघया जाना चाहिए जिनका प्रतिनिधित्व नहीं है या बहुत कम है।

## ग्रीस में खराब मौसम के कारण दो लोगों की मौत

**एथेंस।** ग्रीस में खराब मौसम के कारण बुधवार को दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार दक्षिणी ग्रीस के पेलोपोन्नीस पेनिनसुला में एस्ट्रोस किनौरियास बंदरगाह पर तेज लहरों में बह जाने और सिर में गंभीर चोटें आने के कारण एक तटरक्षक अधिकारी की मौत हो गई। ग्रीक नेशनल ब्रॉडकास्टर ईआरटी ने बताया कि दक्षिणी एथेंस के सबअर्ब ग्लीफाडा में बाढ़ के पानी में एक महिला की कार बह जाने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि देश के बड़े हिस्से मौसम के इस बदलाव से प्रभावित हुए जिससे भारी बारिश, तेज हवाएं और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हुई। एटिका सहित कम से कम छह इलाकों को 'रेड कोड' इमरजेंसी की स्थिति में रखा गया और निवासियों को अलर्ट मिले जिनमें उनसे घर के अंदर रहने और आधिकारिक निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया। अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर एटिका और अन्य प्रभावित इलाकों में स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया। पूरे देश में यातायात में रुकावट की खबरें आईं, कई गाड़ी चलाने वाले बुरी तरह प्रभावित इलाकों में फंस गए जबकि देश भर के बंद. रगाहों पर नाव सेवाएं रोक दी गई।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का यू-टर्न

## यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ नहीं लगाएंगे, ग्रीनलैंड समझौते पर नाटो चीफ के साथ की बातचीत

**दावोस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने से पीछे हट गए हैं। ये टैरिफ 1 फरवरी से लगने वाले थे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दावोस में नाटो चीफ जनरल मार्क रुट के साथ बातचीत के बाद यह फैसला लिया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनकी नाटो चीफ के साथ ग्रीनलैंड को लेकर होने वाले समझौते की बुनियादी बातें तय हो गई हैं। अगर यह समझौता पूरा होता है, तो यह अमेरिका और नाटो के सभी देशों के लिए फायदेमंद होगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका, नाटो और दूसरे देश मिलकर पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा पर काम करेंगे, जिसमें ग्रीनलैंड भी शामिल रहेगा।

हालांकि ट्रम्प ने इस समझौते की पूरी जानकारी देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि मामला थोड़ा मुश्किल है और इसकी पूरी जानकारी बाद में दी जाएगी। ट्रम्प और नाटो के बीच ग्रीनलैंड फ्रेमवर्क के तहत कई बिंदुओं पर सहमति बनी है। इसके तहत ग्रीनलैंड और पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा नाटो और अमेरिका मिलकर करेंगे। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि यह डील जल्द सार्वजनिक की जाएगी। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका को ग्रीनलैंड में कुछ सीमित इलाकों में अपने सैन्य ठिकाने बनाने की अनुमति मिलेगी। इन ठिकानों का इस्तेमाल जमीन, समुद्र और हवा तीनों मोर्चों पर निगरानी और रक्षा के लिए होगा। इसके साथ ही नाटो, अमेरिका के प्रस्तावित 'गोल्डन डोम' मिसाइल डिफेंस सिस्टम में भी सहयोग करेगा। फ्रेमवर्क में यह भी शामिल है कि ग्रीनलैंड के खनिज संसाधनों पर अमेरिका के साथ साझेदारी होगी। रूस और चीन को इस इलाके में आर्थिक या सैन्य पकड़ बनाने से रोका जाएगा। सीबीएस न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इस समझौते में अमेरिका के ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण या मालिकाना हक में लेने की कोई बात नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, इस ढांचे के तहत ग्रीनलैंड की सुरक्षा मौजूदा 1951 के अमेरिका-डेनमार्क समझौते से भी ज्यादा मजबूत की जाएगी। 1951 में अमेरिका और डेनमार्क के बीच एक रक्षा समझौता हुआ था। इसके तहत अमेरिका को ग्रीनलैंड में सैन्य ठिकाने बनाने की इजाजत मिली थी। उस समय कई बेस बने, लेकिन आज सिर्फ एक बेस पिटुफिक स्पेस बेस एक्टिव है। सीबीएस न्यूज के सूत्रों के मुताबिक इस समझौते के तहत सबसे अहम बात ये होगी कि अमेरिका, ग्रीनलैंड का मालिक नहीं बनेगा। वह हर फैसले डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सहमति से ही लेगा। नाटो ने भी इस समझौते के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। गठबंधन की प्रवक्ता एलिसन हार्ट ने कहा कि ट्रम्प और मार्क रुट की मुलाकात बहुत फायदेमंद रही। उनके मुताबिक, आगे होने वाली बातचीत का मकसद यही होगा कि नाटो के देश मिलकर आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करें। साथ ही डेनमार्क, ग्रीनलैंड और अमेरिका के बीच बातचीत जारी रहेगी, ताकि रूस और चीन ग्रीनलैंड में कभी भी कोई ठिकाना न बना सकें। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुस. ेन ने भी बयान जारी कर कहा कि दिन की शुरुआत भले अच्छी नहीं रही हो, लेकिन अंत बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि डेनमार्क इस बात का स्वागत करता है कि ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को बलपूर्वक लेने की बात से इनकार किया और यूरोप के साथ व्यापार युद्ध को फिलहाल रोक दिया। ट्रम्प ने ट्रुथ पर लिखा कि ग्रीनलैंड से जुड़े गोल्डन डोम मामले पर और चर्चा जारी है।



■ अमेरिका, नाटो और दूसरे देश मिलकर पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा पर काम करेंगे जिसमें ग्रीनलैंड भी शामिल रहेगाः ट्रम्प

### ट्रम्प ने जंग सुलझाने वाला बोर्ड ऑफ पीस किया लॉन्च

■ पाकिस्तानी पीएम मौजूद थे भारत से कोई नहीं, 60 देशों को न्योता भेजा 20 पहुंचे

**दोहा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को दावोस में जंग सुलझाने के लिए बनाए गए 'बोर्ड आफ पीस' को लान्च किया। उन्होंने कहा कि इस बोर्ड का शुरुआती मकसद गाजा में हुए युद्धविराम को मजबूत करना है, लेकिन आगे चलकर यह दूसरे ग्लोबल विवादों में भी भूमिका निभा सकता है। व्हाइट हाउस ने इस बोर्ड में शामिल होने के लिए 60 देशों को न्योता भेजा था, लेकिन सिर्फ 20 देश ही हस्ताक्षर समारोह में मौजूद रहे। इसमें पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ के अलावा सऊदी अरब, कतर, यूएई, अर्जेंटीना और पराग्वे के नेता मौजूद थे। भारत से कोई हस्ताक्षर समारोह में शामिल नहीं हुआ। वहीं अमेरिका के सहयोगी माने जाने वाले ज्यादातर यूरोपीय देश भी इस समारोह से गायब रहे। पहले माना जा रहा था कि कार्यक्रम में 35 देशों के नेता शामिल हो सकते हैं। ट्रम्प ने पिछले साल सितम्बर 2025 में पहली बार गाजा युद्ध खत्म करने की योजना पेश करते हुए इस बोर्ड का प्रस्ताव रखा था। ट्रम्प के साथ मंच पर कई देशों के नेता मौजूद रहे। तस्वीर में ट्रम्प इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो। ट्रम्प ने पहली बार पिछले साल सितम्बर 2025 में गाजा युद्ध खत्म करने की योजना पेश करते हुए इस बोर्ड का प्रस्ताव रखा था।

# यूरोपीय देशों के राजदूतों से मिले एस. जयशंकर

**नई दिल्ली।** यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन की अगले सप्ताह भारत यात्रा से पहले विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने गुरुवार को यहां यूरोपीय संघ के देशों के राज. दूतों के साथ मुलाकात की और वैश्विक परिस्थितियों पर चर्चा की। यूरोपीय राजनयिकों के साथ मुलाकात के बाद डा. जयशंकर ने कहा कि दुनिया भर में मौजूदा अस्थिरता और अनिश्चितता के माहौल में भारत और यूरोपीय संघ के बीच मजबूत संबंध जरूरी हैं।

इन संबंधों से वैश्विक व्यवस्था को स्थिरता मिलेगी। विद. ेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि आज यूरोपीय संघ के देशों के राजदूतों के साथ बातचीत कर खुशी हुई। उनसे दुनिया की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की, जहां अस्थिरता और अनिश्चितता नई सामान्य स्थिति बन गई है। उन्होंने कहा कि बात. चीत में उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ के मजबूत संबंधों की आवश्यकता पर बल दिया। डा. जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच संबंध मजबूत आपूर्ति शृंखलाओं पर सहयोग के माध्यम से वैश्विक अर्थव्यवस्था के जोखिम को कम करेंगे, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत, समुद्री डकैती रोधी



■ विदेश मंत्री ने कहा भारत-यूरोपीय संघ संबंधों से वैश्विक व्यवस्था होगी स्थिर

अभियानों और विकास परियोजनाओं जैसे सार्वजनिक हित के कार्यों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में भरोसा जगाएंगे और व्यापार, आवागमन तथा सुरक्षा साझेदारी को सशक्त बनाकर वैश्विक व्यवस्था को स्थिर करेंगे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर कोस्टा और सुडेर लेयन की यात्रा का भारत में उत्सुक्ता से इंतजार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ के दोनों शीर्ष नेता इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। इसके बाद वे 27 जनवरी को संयुक्त रूप से भारत-यूरोपीय शिखर सम्मेलन की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सह-अध्यक्षता करेंगे।

# बांग्लादेश में पाक समर्थक इस्लामिक पार्टी सरकार बनाएगी!

**ढाका।** बांग्लादेश में अगले महीने होने वाले आम चुनाव में एक बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिल सकता है। लंबे समय तक राजनीति से बाहर रही पाकिस्तान समर्थक कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी पहली बार सरकार बनाने के बेहद करीब पहुंचती नजर आ रही है।

हाल ही में हुए दो अलग-अलग सर्वे में जमात देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को कड़ी टक्कर दे रही है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को 300 सीटों संसदीय पर आम चुनाव होंगे। जमात-ए-इस्लामी वही पार्टी है जिसने 1971 में बांग्लादेश की

■ जमात-ए-इस्लामी सर्वे में दूसरे नंबर पर पहुंची देश की आजादी का विरोध किया था

आजादी का विरोध किया था और पाकिस्तानी सेना का साथ दिया था। देश की आजादी के बाद 1972 में इस पर बैन लगा दिया गया था। यह बैन 1975 में हटाया गया और 1979 में जियाउर रहमान के शासन में पार्टी को चुनाव में भाग लेने की अनुमति मिली। अमेरिकी संस्था इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टीटयूट (आईआरआई) ने दिसम्बर में कराए गए एक सर्वे में बताया था कि बीएनपी को 33 प्रतिशत और जमात को 29 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है। वहीं जनवरी में किए गए एक जाइंट सर्वे में बीएनपी को 34.7 प्रतिशत और जमात को 33.6 प्रतिशत समर्थन मिला था। यह सर्वे नरेटिव, प्रोजेक्शन बीडी, इंटरनेशनल इंस्टीटयूट आफ ला एंड डिप्लोमेसी (आईआईएलडी) और जगोरन फाउंडेशन ने मिलकर किया था। जमात के प्रमुख शफीकुर रहमान का कहना है कि उनकी पार्टी अब विरोध और टकराव की राजनीति नहीं बल्कि लोगों के हितों की राजनीति कर रही है। उन्होंने मेडिकल कैंप लगाने, बाढ़ पीड़ितों की मदद करने और आंदोलन में मारे गए लोगों के परिवारों को सहायता देने की बात कही। एक्सपर्ट्स का मानना है कि लोगों में पिछली सरकार की नीतियों को लेकर गुस्सा है, जिसका फायदा जमात को मिला।

# भारत को टैरिफ से ज्यादा पाल्यूशन से खतराः हार्वर्ड प्रोफेसर

## गीता गोपीनाथ ने कहाः हर साल 17 लाख लोग मर रहे, फिर भी ध्यान नहीं

**दावोस।** हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर गीता गोपीनाथ ने पाल्यूशन को भारत के लिए टैरिफ से ज्यादा बड़ा खतरा बताया है। उन्होंने ये बयान दावोस में भारतीय मीडिया से बात करते हुए दिया। गीता यहां वर्ल्ड इकोनामिक फोरम की मीटिंग में शामिल होने पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि जब नए कारोबार और आर्थिक विकास की बात होती है, तो चर्चा ज्यादातर व्यापार, टैरिफ और नियमों तक सीमित रहती है, जबकि प्रदूषण को उतनी अहमियत नहीं दी जाती।

उन्होंने कहा कि भारत में प्रदूषण एक बड़ी चुनौती है और इसका असर अब तक लगाए गए किसी भी टैरिफ से कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड बैंक की 2022 की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल करीब 17 लाख लोगों की मौत प्रदूषण के कारण होती है। यह देश में होने वाली कुल मौतों का लगभग 18 प्रतिशत है। गीता गोपीनाथ ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत से परिवारों पर असर पड़ता है, कामकाजी



■ वर्ल्ड बैंक की 2022 की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल करीब 17 लाख लोगों की मौत प्रदूषण के कारण होती है

लोगों की संख्या घटती है और देश के लंबे समय के विकास को नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण की वजह से लोगों की काम करने की क्षमता घटती है, इलाज पर खर्च बढ़ता है और देश की आर्थिक गतिविधियों पर बुरा असर पड़ता है। इससे विकास की रफ्तार धीमी होती है। गीता गोपीनाथ ने कहा कि प्रदूषण सिर्फ भारत की अंदरूनी समस्या नहीं है, बल्कि यह उन विदेशी निवेशकों के लिए भी चिंता का विषय है जो भारत में इन्वेस्ट करने के बारे में सोच रहे हैं। गीता गोपीनाथ ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय निवेशक जब भारत में कारोबार शुरू करने और यहां रहने की योजना बनाते हैं, तो वे पर्यावरण को भी ध्यान में रखते हैं। खराब हवा और खराब रहने की स्थिति, खासकर स्वास्थ्य से जुड़े खतरे, निवेशकों को रोक सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह चिंता उन भारतीयों के लिए और भी ज्यादा है जो रोज प्रदूषित शहरों में रहते और काम करते हैं। प्रदूषण पर कंट्रोल और नियमों में ढील जैसे मुद्दों पर तुरंत पालिसी लेवल पर कदम उठाने की जरूरत है। भारत जब खुद को एक ग्लोबल आर्थिक और मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के तौर पर पेश कर रहा है, तब ये बातें साफ करती हैं कि साफ शहर और बेहतर जीवन स्थितियां बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण से निपटना सिर्फ पर्यावरण से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि यह लोगों की जान बचाने, आर्थिक विकास बढ़ाने और भारत को विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने से जुड़ा है। भारत में वायु प्रदूषण अब सिर्फ एक पर्यावरण की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह लोगों की जान और देश की अर्थव्यवस्था दोनों के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट लैंसेट काउंटडाउन आन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज ने 29 अक्टूबर 2025 को जारी रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में भारत में पीएम 2.5 नामक बारीक प्रदूषक कणों के कारण 17 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई। ये 2010 के मुकाबले 38 प्रतिशत ज्यादा हैं। इनमें से करीब 44 प्रतिशत मौतें कोयला और पेट्रोलियम जैसे जीवाश्म ईंधनों (फासिल फ्यूल) के जलने से हुई।

# ग्रीनलैंड पर 50 साल पुरानी दलील से फंसा डेनमार्क

## अमेरिका ने हमला किया, तो नाटो दूर रहेगा, एक्सपर्ट बोलेः यह डेनमार्क के कर्मों का फल

**नुउक।** डेनमार्क इस समय एक अजीब और मुश्किल हालात में फंसा हुआ है। उसका सामना किसी दुश्मन देश से नहीं, बल्कि अपने ही सहयोगी देश अमेरिका से है। राष्ट्रपति ट्रम्प ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कई धमकियां दे चुके हैं।

ग्रीनलैंड आधिकारिक तौर पर डेनमार्क का हिस्सा है और वह भी अमेरिका की तरह नाटो मेंबर है। यानी ऐसे हालात पैदा हो गए हैं जहां पर नाटो का ही एक मेंबर देश, दूसरे मेंबर देश को मिलिट्री एक्शन की धमकी दे रहा है। डेनमार्क की ऐसी हालात को लेकर ग्रीस के पूर्व वित्त मंत्री और अर्थशास्त्री यानिस वारोफाकिस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह ग्रीनलैंड के कर्मों का फल है। उन्होंने कहा कि नाटो बाहरी दुश्मनों से बचाने के लिए है, लेकिन भीतर के दुश्मनों से हिफाजत के लिए नहीं है। जब 1974 में नाटो के दो मेंबर देशों ग्रीस और तुर्की के बीच साइप्रस को लेकर जंग के हालात बने थे, तब डेनमार्क ने यह कहा था कि नाटो का काम किसी मेंबर देश को दूसरे मेंबर देश से बचाना नहीं है। नाटो की स्थापना 1949 में सोवियत संघ से बचाव के लिए हुई थी।



■ नाटो बाहरी दुश्मनों से बचाने के लिए है, लेकिन भीतर के दुश्मनों से हिफाजत के लिए नहीं है

इसके नियमों का आर्टिकल-5 कहता है कि अगर किसी एक सदस्य पर हमला होता है, तो उसे सभी पर हमला माना जाएगा। लेकिन समस्या यह है कि अगर हमला नाटो के अंदर से ही हो, तो क्या होगा? इस पर नाटो के नियम साफ नहीं हैं। ट्रम्प काफी समय से यूरोप और नाटो देशों को भड़काने वाले बयान दे रहे हैं। वे बार-बार ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण में लेने की बात कर चुके हैं। यूरोप के कई नेताओं और विशेषज्ञों का कहना है कि अगर अमे. रिका ने सच में ताकत के बल पर ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश की, तो यह नाटो के लिए अंत की शुरुआत हो सकती है। यूरोपीय देशों ने डेनमार्क के समर्थन में प्रतीकात्मक तौर पर सैनिक भेजे हैं। ब्रिटेन ने सिर्फ एक सैनिक और नार्वे ने दो सैनिक भेजे। यह कदम सैन्य नहीं, बल्कि राजनी. तिक संदेश था। हालांकि इससे भी ट्रम्प नाराज हो गए और उन्होंने डेनमार्क के समर्थन में खड़े यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। साइप्रस एक छोटा सा आइलैंड है, लेकिन इसकी भौगोलिक और राजनीतिक अहमियत बहुत बड़ी रही है। यह यूरोप, एशिया और मिडिल ईस्ट के बीच स्थित है। लंबे समय तक साइप्रस पर ब्रिटेन का शासन था और 1960 में यह ब्रिटेन से आजाद हुआ। आजादी के समय साइप्रस की आबादी दो हिस्सों में बंटी हुई थी। तब करीब 80 प्रतिशत आबादी ग्रीक मूल की थी और लगभग 18 प्रतिशत तुर्की मूल की। दोनों समुदायों के बीच पहले से तनाव था, इसलिए आजादी के साथ ही एक खास व्यवस्था बनाई गई।





